✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



सहयोग कार्यक्रम के दौरान एक महिला की शिकायत सुनते सीएम सम्राट चौधरी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 49 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 15 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए जल्द भेजे जाएंगे प्रस्ताव

## गृह विभाग ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में की समीक्षा, आधारभूत सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों के सर्वे का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** गृह विभाग ने मंगलवार को नक्सल प्रभावित जिलों के जिला पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। बैठक में औरंगाबाद से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा तथा संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति और आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की विस्तृत समीक्षा की गई।

### विकास से वंचित क्षेत्रों की होगी पहचान

गृह विभाग ने निर्देश दिया कि ऐसे सभी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन किया जाए, जहां अब तक विकास कार्य अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच सके हैं या जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। अधिकारियों को इन क्षेत्रों का व्यापक सर्वेक्षण कर वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करने को कहा गया।

### शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और पर्यटन पर रहेगा जोर

बैठक में निर्देश दिया गया कि शिक्षा, पर्यटन, सड़क, आधारभूत संरचना, पेयजल, स्वास्थ्य, संचार तथा अन्य जनोपयोगी सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों के लिए विस्तृत विकास प्रस्ताव तैयार किए जाएं। इन प्रस्तावों में स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए योजनाएं



शामिल करने पर बल दिया गया, ताकि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

### प्राथमिकता के आधार पर गृह विभाग को भेजे जाएंगे प्रस्ताव

गृह विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि विकास संबंधी प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र तैयार कर विभाग को भेजना सुनिश्चित करें। विभाग का उद्देश्य इन योजनाओं को जल्द स्वीकृति देकर उनका प्रभावी क्रियान्वयन कराना है।

### समावेशी विकास से मजबूत होगी शांति और सुरक्षा

बैठक में कहा गया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का समग्र और संतुलित विकास सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा, सड़क संपर्क, पर्यटन, आधारभूत संरचना और अन्य विकास योजनाओं के विस्तार से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा तथा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समावेशी विकास को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### औरंगाबाद प्रशासन ने शुरू की तैयारी

जिला प्रशासन ने बताया कि गृह विभाग के निर्देशों के अनुरूप चिन्हित क्षेत्रों के विकास संबंधी प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी। निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रस्ताव गृह विभाग को भेजे जाएंगे, ताकि विकास योजनाओं को समय पर स्वीकृति मिल सके और उनका लाभ नक्सल प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाया जा सके।

## मुख्यमंत्री ने सचिवालय स्थित हॉल में राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# लोगों की शिकायतों का समय पर निष्पादन नहीं करने वालों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित हॉल में राज्य स्तरीय 'सहयोग' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री सचिवालय के आवेदन प्राप्ति केंद्र का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। साथ ही देशरत्न मार्ग से मुख्यमंत्री सचिवालय के आवेदन प्राप्ति केंद्र तक बनाए गए 'सहयोग पथ' का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम के पहले ही दिन बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं सरकार के समक्ष रखीं। राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में कुल 129 आवेदन दर्ज किए गए। उनमें से 100 आवेदक स्वयं उपस्थित हुए। मुख्यमंत्री ने उनकी शिकायतों की सुनवाई की और कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और



समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी अधिकारी या कर्मी की लापरवाही अथवा उदासीनता के कारण शिकायतों का समय पर निष्पादन नहीं होता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर शिकायतों के निस्तारण के बावजूद यदि किसी आवेदक को निर्णय पर आपत्ति होती है तो राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से उसके मामले की दोबारा समीक्षा कर न्यायसंगत निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिन पात्र लाभार्थियों को अभी तक सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ नहीं मिला है अथवा जिनके आवेदन लंबित हैं, उनका शीघ्र निष्पादन कर अगले महीने की 10 तारीख तक पेंशन राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी आवेदन में दस्तावेजों की कमी हो तो उसे सीधे अस्वीकार नहीं किया जाए। संबंधित आवेदक को नोटिस देकर आवश्यक दस्तावेज जमा करने का अवसर दिया जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल तकनीकी कारणों से सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बरसात समाप्त होने के बाद नई सड़कों के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। साथ ही सभी अधिकारी आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार करें तथा उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि सहयोग कार्यक्रम के माध्यम से 30 दिनों के भीतर लोगों की समस्याओं का समाधान हो। यदि कोई आवेदन मुख्यमंत्री स्तर (शेष पृष्ठ 11 पर)

# नीरज सिन्हा को अपना समर्थन देगी बांकीपुर की जनता : नितिन नवीन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को देर शाम पटना पहुंचे। मंगलवार को उन्होंने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर अपनी बात रखी। नितिन नवीन ने कहा कि बांकीपुर क्षेत्र से उनका पुराना जुड़ाव रहा है। यहां की जनता की इच्छा थी कि वह उनके बीच आएं, इसलिए वह लोगों से मिलने पटना पहुंचे हैं। श्री नवीन ने कहा कि एक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी जिम्मेदारी है कि वह जनता के बीच रहें और उनकी समस्याओं को सुनें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक छोटे से कार्यकर्ता को इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है, इसके लिए वह पार्टी के आभारी हैं। नितिन नवीन ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से उन्होंने बांकीपुर क्षेत्र की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों से उनका लगातार संपर्क रहा है और वह हमेशा जनता की उम्मीदों को पूरा करने का प्रयास करते रहे हैं। बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को लेकर नितिन नवीन ने भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि नीरज कुमार सिन्हा ऐसे परिवार से आते हैं जिसका जुड़ाव जनसंघ के समय से रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बांकीपुर की जनता उन्हें अपना समर्थन और आशीर्वाद देगी। उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता चाहती थी कि मैं उनके बीच आऊं। एक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि होने के नाते मेरी जिम्मेदारी थी कि मैं लोगों से मिलूं, इसलिए मैं सोमवार शाम पटना आया। उन्होंने बांकीपुर की जनता से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह आपने मुझे वर्षों तक अपना आशीर्वाद और समर्थन दिया, उसी तरह मेरे छोटे भाई नीरज कुमार सिन्हा को भी अपना आशीर्वाद दें। मुझे पूरा विश्वास है कि जनता उन्हें विजयी बनाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बांकीपुर क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान कराया है और विकास कार्यों को आगे बढ़ाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जेजेडी प्रत्याशी वीणा मानवी का नामांकन रद्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनशक्ति जनता दल को बड़ा झटका लगा है। पार्टी की उम्मीदवार वीणा मानवी का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया है। नामांकन खारिज होने की जानकारी मिलते ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव पटना कलेक्ट्रेट पहुंचे और निर्वाची पदाधिकारी से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली।

### उपचुनाव की आचार संहिता के बीच 2.80 लाख जब्त

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर आचार संहिता लगा है। इस बीच एक ओला गाड़ी से 2.80 लाख रुपए बरामद हुए हैं। पुलिस सोमवार रात वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान श्रीकृष्णापुरी थाना क्षेत्र के शिवपुरी चेक पोस्ट के पास एक संदिग्ध गाड़ी दिखी। कार रोक कर तलाशी ली गई तो बैग से कैश मिले। गाड़ी में मौजूद शख्स से पूछताछ की गई लेकिन उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया जिसके बाद कैश को जब्त कर लिया गया।

### निलंबित ड्रग इंस्पेक्टर दीपक राम गिरफ्तार

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** निलंबित ड्रग इंस्पेक्टर दीपक राम को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें शहर के नई बाजार स्थित गौशाला गली में शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में उत्पाद विभाग की टीम ने हिरासत में लिया। उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर निर्मल कुमार ने बताया कि देर रात मिली गुप्त सूचना के आधार पर शराब के नशे में हंगामा करते उन्हें हिरासत में लेकर उत्पाद थाना ले आई।

### धोखाधड़ी मामले में यूनियन बैंक का मैनेजर गिरफ्तार

**शिवहर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में धोखाधड़ी मामले में बड़ा एक्शन हुआ है। अदालती आदेश पर फतेहपुर थाना पुलिस ने यूनियन बैंक के मैनेजर को धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया है। मैनेजर की गिरफ्तारी के बाद बैंक का कामकाज ठप है। फतेहपुर थानाध्यक्ष राधेश्याम ने बताया है कि न्यायालय के आदेश पर यूनियन बैंक के मैनेजर झारखंड के रांची निवासी संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# अंचलाधिकारी घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीतामढ़ी।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई की है। ब्यूरो की विशेष टीम ने बाजपट्टी के अंचलाधिकारी (सीओ) प्रभात कुमार को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद जिले के प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद निगरानी विभाग की टीम सीओ प्रभात कुमार को अपने साथ लेकर चली गई। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। टीम यह पता लगाने में जुटी है कि रिश्वत किस काम के बदले ली जा रही थी और इस पूरे मामले में किसी अन्य व्यक्ति या बिचौलिए की भूमिका तो नहीं है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने अभी तक यह नहीं बताया है कि यह कार्रवाई किस मामले में की गई और आरोपी के पास से कितनी रिश्वत की राशि बरामद हुई है। विभाग की ओर से मामले की जांच जारी है और जल्द ही पूरी जानकारी सामने आने की उम्मीद है। सीओ की गिरफ्तारी के बाद बाजपट्टी अंचल कार्यालय और जिले के अन्य सरकारी दफ्तरों में हलचल बढ़ गई है। अधिकारियों के बीच इस कार्रवाई को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने निगरानी विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। उनका कहना है कि अंचल कार्यालयों में जमीन, दाखिल-खारिज और अन्य राजस्व संबंधी कामों में रिश्वत की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। ऐसे में इस कार्रवाई से भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। निगरानी विभाग कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटा है। माना जा रहा है कि पूछताछ के बाद आरोपी सीओ प्रभात कुमार को पटना स्थित विशेष निगरानी अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

# बांकीपुर में शानदार होगा एनडीए प्रत्याशी का प्रदर्शन : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने मंगलवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंच वहां मौजूद कार्यकर्ताओं को बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव में पूरी ताकत से लग जाने को कहा। यह दूसरा मौका है जब जदयू प्रदेश कार्यालय से बांकीपुर उपचुनाव को लेकर निर्देश दिए गए। सोमवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में इस बाबत एक बड़ी बैठक हुई थी जिसमें जदयू के प्रदेश अध्यक्ष व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल हुए थे। नीतीश कुमार ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे बांकीपुर उपचुनाव में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर एनडीए सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मतदाताओं तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए संगठित होकर कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, मतदाताओं से निरंतर संपर्क बनाए रखने और अनुशासित व सकारात्मक तरीके से चुनाव प्रचार करने का निर्देश दिया। यह विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के समर्थन से बांकीपुर एनडीए प्रत्याशी का प्रदर्शन शानदार होगा। नीतीश कुमार ने प्रदेश कार्यालय परिसर का निरीक्षण भी किया तथा कार्यालय की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं संगठनात्मक गतिविधियों का विस्तृत जायजा लिया। प्रदेश कार्यालय परिसर में उपस्थित नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। नीतीश कुमार ने उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से आत्मीय भेंट की, उनका अभिवादन स्वीकार किया तथा सभी का कुशलक्षेम जाना। पार्टी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम का जायजा लेते हुये उचित दिशा-निदेश देते हुये कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी सहित बड़ी संख्या में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# 3268 राजस्व कर्मचारियों का स्थानांतरण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में पहली बार बिना मानवीय हस्तक्षेप के स्थानांतरण-पदस्थापन हुआ। इसके तहत 3,268 राजस्व कर्मचारियों को पसंद की जगह पर पोस्टिंग मिली। विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अनुशंसा के बाद मंगलवार को स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया गया। स्थानांतरण के आवेदन बिहार भूमि पोर्टल पर ऑनलाइन पोर्टल पर मांगे गए थे। कई प्राथमिकताएं तय की गई थी। पहली प्राथमिकता दूरी को लेकर थी। उसके बाद महिला कर्मचारियों, पति-पत्नी, गंभीर बीमारी, दिव्यांगता को प्राथमिकता सूची में रखा गया था। मंत्री ने कहा कि तकनीक आधारित नई व्यवस्था से स्थानांतरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और भरोसेमंद बनी है। इसे अन्य श्रेणी के सेवकों के स्थानांतरण के मामले में अपनाया जाएगा। सचिव जय सिंह ने बताया कि स्थानांतरित कर्मचारियों में 3,142 पुरुष और 126 महिलाएं हैं।

# रेलवे में 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के तहत कई नए संरचनात्मक सुधार लागू : अश्विनी वैष्णव

## रेलवे के माल परिवहन में बड़े बदलाव की तैयारी | लॉजिस्टिक्स लागत घटाने, निजी निवेश बढ़ाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल ने माल परिवहन प्रणाली को अधिक आधुनिक, प्रतिस्पर्धी और दक्ष बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' पहल के तहत कई नए संरचनात्मक सुधारों की घोषणा की। इन सुधारों के साथ अब तक लागू किए गए सुधारों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। रेल मंत्रालय का लक्ष्य 52 सप्ताह में 52 सुधार लागू कर भारतीय रेल को भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। रेल भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेल केवल परिवहन का माध्यम नहीं बल्कि देश की आर्थिक प्रगति की आधारशिला है। इसलिए माल परिवहन, निर्माण, परियोजना प्रबंधन, वैगन डिजाइन, कौशल विकास और कारोबार में सुगमता जैसे क्षेत्रों में व्यापक बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले घोषित सुधारों के सकारात्मक परिणाम मिलने लगे हैं और नई नीतियां रेलवे को अधिक सक्षम एवं प्रतिस्पर्धी बनाएंगी।

### फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए नई कंटेनर प्रणाली

रेल मंत्री ने बताया कि देश में प्रतिवर्ष लगभग 34 करोड़ टन फ्लाई ऐश का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग 9.6



करोड़ टन का उपयोग सीमेंट उद्योग करता है। वर्ष 2025-26 में भारतीय रेल ने लगभग 1.3 करोड़ टन फ्लाई ऐश का परिवहन किया, जो कुल उत्पादन का करीब चार प्रतिशत है। अब तक फ्लाई ऐश खुले वैगनों में ढोई जाती थी, जिससे लोडिंग, परिवहन और अनलोडिंग के दौरान धूल प्रदूषण होता था। नई नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले बंद कंटेनरों में फ्लाई ऐश का परिवहन किया जाएगा। इन कंटेनरों को ताप विद्युत संयंत्रों में ऊपर से भरा जाएगा और सीमेंट संयंत्रों में साइड डिस्चार्ज अथवा वायवीय प्रणाली से बिना धूल फैलाए खाली किया जा सकेगा। इससे प्रदूषण कम होगा, सड़क परिवहन पर निर्भरता घटेगी और लॉजिस्टिक्स व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी।

### कंटेनर क्षेत्र में बड़ा बदलाव

रेल मंत्रालय ने कंटेनर ट्रेन परिचालक लाइसेंस प्रणाली में भी व्यापक सुधार किया है। पहले चार श्रेणियों में लाइसेंस जारी किए जाते थे तथा अलग-अलग शुल्क और मार्ग संबंधी प्रतिबंध लागू थे। अब इन सभी व्यवस्थाओं को समाप्त कर पूरे देश के लिए एकीकृत कंटेनर ट्रेन परिचालक लाइसेंस लागू किया गया है। नई व्यवस्था में 25 करोड़ रुपये के एक समान, अप्रतिदेय पंजीकरण शुल्क पर पूरे भारतीय रेल नेटवर्क में परिचालन की अनुमति मिलेगी। इसके साथ ही उर्वरकों के कंटेनर आधारित परिवहन की भी अनुमति दी गई है। इससे एक ही रैक को पूरी तरह खाली होने तक रोककर रखने की आवश्यकता नहीं होगी। मांग के अनुसार अलग-अलग कंटेनर उतारे जा सकेंगे, जिससे वैगनों (शेष पृष्ठ 11 पर)

# मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, तीन महिलाओं की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** भरगामा प्रखंड के सिरसिया हनुमानगंज वार्ड संख्या-14 में मंगलवार सुबह ब्रेक फ़ेल होने से मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पानी भरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि 24 मजदूर घायल हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली में कुल 27 मजदूर सवार थे जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। सभी धान की रोपनी के लिए जा रहे थे। मृत महिलाओं की पहचान मीरा देवी, नैना देवी और रंजू देवी के रूप में हुई है। सभी मृतकों की उम्र 35 से 40 साल के बीच थी। हादसे के वक्त मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि सुबह के करीब 8 बजे सभी मजदूर ट्रैक्टर ट्रॉली में बैठकर धान की रोपनी के लिए जा रहे थे। हनुमानगंज वार्ड के पास अचानक से ट्रैक्टर का बैलेंस बिगड़ा और वो गड्ढे में गिर गया। पानी में जाते ही 8 से 10 महिलाएं ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दब गईं। दो महिलाएं बहुत बुरी तरह दबी थीं। कुछ देर वो चिल्लाईं। थोड़ी देर बाद आवाज आनी बंद हो गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला को अस्पताल लाया गया। उसकी स्थिति गंभीर थी। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। थोड़ी देर में ही गांव के लोग जुट गए। रेस्क्यू शुरू किया गया। एक-एक कर सभी महिलाओं को निकाला गया। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरगामा ले जाया गया। हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर भरगामा थाने की पुलिस पहुंची।

# जनसेवा और संवैधानिक मूल्यों को सर्वोपरि रखें अधिकारी : डॉ. प्रेम कुमार

## 70वीं बीपीएससी के 225 सफल अभ्यर्थियों का सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन में मंगलवार को सशक्त भारत मंच की ओर से आयोजित समारोह में 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफल 225 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. प्रेम कुमार ने चयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा केवल प्रतियोगी परीक्षा नहीं, बल्कि समाज और राज्य की सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और धैर्य के बल पर मिली यह सफलता लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी के रूप में लिए गए प्रत्येक निर्णय का प्रभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचता है, इसलिए चरित्र, ईमानदारी, संवेदनशीलता और कार्यकुशलता ही सबसे बड़ी पहचान होनी चाहिए। उन्होंने अभ्यर्थियों से संविधान के न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों को व्यवहार में उतारने तथा विधि के शासन और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। 2047 तक विकसित भारत और विकसित बिहार के निर्माण में सक्रिय योगदान देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है और युवा अधिकारियों की भूमिका इसमें महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी अधिकारी की सबसे बड़ी शक्ति उसका पद नहीं, बल्कि उसकी निष्पक्षता, ईमानदारी और जनसेवा का भाव होता है। बिहार विधान परिषद के उपसभापति रामवचन राय ने चयनित अभ्यर्थियों को उच्च नैतिक मूल्यों के साथ सेवा करने की सलाह दी। पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि कर्तव्य का समुचित निर्वहन ही लोकसेवक का धर्म है और देश की आजादी की शताब्दी तक विकसित भारत के निर्माण में उनका योगदान महत्वपूर्ण होगा। बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने कर्म को पूजा मानते हुए सेवक की भावना से कार्य करने तथा ईमानदारी के साथ दायित्व निभाने का आह्वान किया। समारोह में गंगा प्रसाद, रामवचन राय, नरेंद्र नारायण यादव, सशक्त भारत मंच के राष्ट्रीय संयोजक निपुण आलमबायन तथा मंच के अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# सहयोग कार्यक्रम से जनसेवा को नई रफ्तार, खुद मुख्यमंत्री करेंगे लंबित मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आम जनता की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान की दिशा में बिहार सरकार ने राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम की शुरुआत कर दी है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को पटना स्थित संवाद, मुख्यमंत्री सचिवालय से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और विजेंद्र प्रसाद यादव भी उपस्थित रहे। सरकार का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य जिला स्तर पर लंबित मामलों का राज्य स्तर पर समाधान सुनिश्चित कर लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत दिलाना है।

**हर महीने दूसरे मंगलवार को होगी राज्य स्तरीय सुनवाई**

सरकार के अनुसार राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम प्रत्येक महीने के दूसरे मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। इसमें केवल वही आवेदक आवेदन कर सकेंगे, जिनकी शिकायत पहले जिला स्तर पर दर्ज हो चुकी है, लेकिन उसका अब तक निस्तारण नहीं हुआ है। ऐसे मामलों की मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राज्य स्तर पर सुनवाई कर समाधान कराया जाएगा।

**'सबका सम्मान, जीवन आसान' की सोच को मिलेगा बल**

सरकार का कहना है कि 'सबका सम्मान, जीवन आसान' की अवधारणा के तहत पंचायत स्तर पर पहले से सहयोग शिविर लगाए जा रहे हैं जहां लोगों की शिकायतों का निवारण, सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम इसी व्यवस्था का विस्तारित स्वरूप है जिससे जटिल और लंबित मामलों का शीघ्र समाधान हो सकेगा।

**वैशाली के रंजीत कुमार की समस्या का हुआ समाधान**

कार्यक्रम के दौरान वैशाली जिले के लालगंज निवासी रंजीत कुमार का मामला भी सामने आया। उनकी जमीन की दो स्थानों से रसीद कट रही थी और अनुमंडल स्तर पर लंबे समय से समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा था। राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में उनकी शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।

**ऐसे करें आवेदन**

राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में आवेदन के लिए आवेदक को सहयोग पोर्टल पर जाकर राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम का विकल्प चुनना होगा। इसके बाद पहले से प्राप्त संदर्भ संख्या और मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। सत्यापन के बाद पूर्व में दिए गए आवेदन का पूरा विवरण स्वतः उपलब्ध हो जाएगा। चयनित आवेदकों को कार्यक्रम की तिथि, समय और अन्य आवश्यक जानकारी संदेश के माध्यम से भेजी जाएगी। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सरकार ने चौबीसों घंटे संचालित हेल्पलाइन 1100 भी उपलब्ध कराई है। आवेदन और अन्य जानकारी सहयोग पोर्टल के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है।

# नितिन नवीन के नेतृत्व में बांकीपुर फतह का शंखनाद, एनडीए ने दिखाई ताकत

## बांकीपुर उपचुनाव में विकास, विश्वास और सुशासन की जीत होगी : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए एनडीए के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। किदवईपुरी स्थित ठाकुर प्रसाद कम्युनिटी हॉल में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा सहित एनडीए के सभी घटक दलों के पटना जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने बांकीपुर में एनडीए की एकजुटता और चुनावी मजबूती का स्पष्ट संदेश दिया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए की ऐतिहासिक विजय का शंखनाद है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व और मार्गदर्शन में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरे उत्साह और समर्पण के साथ चुनाव मैदान में उतर चुका है। संजय सरावगी ने कहा कि बांकीपुर की जनता विकास, सुशासन और राष्ट्रहित की राजनीति के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा भारी मतों से विजयी होंगे और बांकीपुर एक बार फिर कमल खिलाकर विकास की राजनीति पर अपनी मुहर लगाएगा। उन्होंने कहा कि नितिन नवीन ने विधायक के रूप में बांकीपुर में विकास कार्यों की मजबूत नींव रखी। सड़क, नाली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्य आज भी जनता के बीच उनकी कार्यशैली की पहचान हैं।

# आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय में प्रबंधन अध्ययन केंद्र का उद्घाटन

## प्रथम एमबीए बैच की इंडक्शन मीट का शुभारंभ कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव ने किया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना ने अपनी शैक्षणिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए एमबीए कार्यक्रम (2026-28) के प्रथम बैच के इंडक्शन मीट का आयोजन नवस्थापित प्रबंधन अध्ययन केंद्र में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव द्वारा प्रबंधन अध्ययन केंद्र के नवनिर्मित कक्षाओं एवं पुस्तकालय का उद्घाटन कर किया गया। यह अवसर गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन शिक्षा तथा आधुनिक शैक्षणिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने के विश्वविद्यालय के संकल्प का प्रतीक रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. निरंजन प्रसाद यादव, वरिष्ठ प्राध्यापकगण, विश्वविद्यालय के अधिकारी एवं नवप्रवेशित एमबीए छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। औपचारिक कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना के साथ हुआ जिसने पूरे वातावरण को ज्ञान, संस्कृति एवं शैक्षणिक गरिमा से आलोकित कर दिया। अपने उद्घाटन संबोधन में कुलपति प्रो. (डॉ.) शरद कुमार यादव ने प्रथम एमबीए बैच के विद्यार्थियों का हार्दिक स्वागत करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय के इतिहास का अभिन्न अंग बताया। उन्होंने कहा कि आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय का एमबीए कार्यक्रम केवल प्रबंधन शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य ऐसे दक्ष, नैतिक, सामाजिक रूप से उत्तरदायी तथा वैश्विक दृष्टिकोण वाले प्रबंधकों का निर्माण करना है जो नवाचार, अनुसंधान, उद्यमिता एवं उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप नेतृत्व प्रदान कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों से सतत सीखने, व्यावसायिक नैतिकता तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। प्रबंधन अध्ययन केंद्र के प्रभारी डॉ. रूपेश कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय की उस दूरदर्शी सोच को रेखांकित किया जिसके माध्यम से भविष्य के सक्षम एवं उद्योगोन्मुख प्रबंधन पेशेवर तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विशेष संवाद सत्र में एमबीए विद्यार्थियों को कुलपति एवं प्राध्यापकों के साथ खुलकर विचार-विमर्श करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# खरीफ लक्ष्य को पूरा करने के लिए किसानों को हर संभव सहयोग : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शारदीय (खरीफ) मौसम-2026 के अंतर्गत धान रोपनी, धान नर्सरी एवं अन्य फसलों की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि राज्य में मानसून की अनुकूल स्थिति का लाभ उठाते हुए किसानों को कृषि कार्यों में हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि राज्य में धान नर्सरी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा अब धान रोपनी का कार्य भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। साथ ही शारदीय (खरीफ) मक्का की बुआई में भी संतोषजनक प्रगति दर्ज की गई है। मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग का उद्देश्य केवल लक्ष्य प्राप्त करना नहीं, बल्कि प्रत्येक किसान तक समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक एवं अन्य कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को निदेश दिया कि वे नियमित रूप से क्षेत्रीय भ्रमण कर बुआई एवं रोपनी कार्यों की निगरानी करें तथा किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान संभावित बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति पर भी विशेष चर्चा की गई।

# जगन्नाथ महाकथा के प्रथम दिन भक्तों को सुनाई गयी भगवान की प्रकट लीला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से आयोजित होनेवाले भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा महोत्सव के पहले दिन भगवान जगन्नाथ महाकथा के पहले दिन परम भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज ने मंगलवार की कथा में भगवान जगन्नाथ की प्रकट लीला सुनाई। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने किया। इस मौके पर प्रो नंदन ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कथा सुनने से मनुष्य को जन्म मृत्यु के पाप से मुक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि हिन्दु धर्म में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा व उनकी महाकथा का बहुत ही महत्व है। और कहा जाता है कि रथयात्रा में रथ पर भगवान को देखने और रथ का रस्सी स्पर्श करने से मनोकामना की पूर्ति होती है। जगन्नाथ महाकथा के प्रथम दिन भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज ने बताया कि राजा इंद्रद्युम्न और भगवान जगन्नाथ के प्राकट्य की लीला अत्यंत मधुर और प्रसिद्ध है। उन्होंने बताया कि राजा इंद्रद्युम्न, जो एक महान वैष्णव राजा थे, ने एक दिन नीलमाधव नाम से भगवान विष्णु की अद्भुत मूर्ति के बारे में सुना। कहा जाता था कि भगवान नीलमाधव घने वन में शबर (सवरा) जाति के प्रमुख विश्वावसु द्वारा गुप्त रूप से पूजे जाते थे।

# कम उम्र के युवाओं में बढ़ रही फर्टिलिटी से जुड़ी समस्याएं : डॉ. अनुपम कुमारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पहले फर्टिलिटी से जुड़ी समस्याओं को बढ़ती उम्र से जोड़कर देखा जाता था, लेकिन अब 20 से 30 वर्ष की आयु के युवाओं में भी ऐसी समस्याएं तेजी से सामने आ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि बदलती जीवनशैली, हार्मोनल असंतुलन, तनाव और पर्यावरणीय कारण इसके प्रमुख कारण बन रहे हैं। बिरला फर्टिलिटी एंड आईवीएफ, पटना की फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. अनुपम कुमारी ने कहा अब फर्टिलिटी को केवल उम्र से जोड़कर देखना पर्याप्त नहीं है। बदलती जीवनशैली, तनाव, नींद की कमी, असंतुलित खानपान और शारीरिक गतिविधियों में कमी का असर महिलाओं और पुरुषों, दोनों की प्रजनन क्षमता पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं में अनियमित मासिक चक्र, पीएमओएस, वजन बढ़ना और ओव्यूलेशन से जुड़ी समस्याएं जबकि पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या, गतिशीलता और गुणवत्ता में कमी जैसी समस्याएं देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, संतुलित जीवनशैली, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद और जरूरत पड़ने पर फर्टिलिटी विशेषज्ञ से सलाह लेने से कई मामलों में सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। यदि 35 वर्ष से कम उम्र में 12 महीने और 35 वर्ष या उससे अधिक उम्र में 6 महीने तक नियमित प्रयास के बावजूद गर्भधारण न हो तो फर्टिलिटी विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में 'कौशल युवा कार्यक्रम' का शुभारंभ आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 जुलाई 2026 को कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में 'कौशल युवा कार्यक्रम' का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। एकेडमी के निदेशक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि तेजी से बदलते तकनीकी दौर में युवाओं को व्यावहारिक एवं डिजिटल कौशल से सशक्त बनाना समय की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से कौशल युवा कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास, रोजगार की तैयारी तथा विभिन्न जॉब-ओरिएंटेड एवं हाई-टेक कोर्सों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करने और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण अवसर है। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी पिछले 20 वर्षों से शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही है और यह नया कार्यक्रम युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। डॉ. झा ने क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षाविदों एवं गणमान्य नागरिकों से कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने कौशल विकास से 9.6 लाख लोगों को किया सशक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने बताया कि उसकी कौशल विकास और आजीविका संवर्धन पहलों से अब तक 9.6 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। इनमें 1.96 लाख से अधिक युवाओं को औपचारिक कौशल प्रशिक्षण तथा 7.6 लाख महिलाओं और किसानों को आजीविका एवं उद्यमिता से जुड़ा सहयोग प्रदान किया गया है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तहत स्वास्थ्य सेवा, खुदरा, लॉजिस्टिक्स, बैंकिंग, आईटी और डिजिटल प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता, वित्तीय साक्षरता, सॉफ्ट स्किल्स और रोजगार सहायता भी उपलब्ध कराई जाती है। एचडीएफसी बैंक की सीएसआर प्रमुख नुसरत पठान ने कहा, कौशल विकास आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक प्रगति का प्रभावी माध्यम है। हमारा लक्ष्य उद्योग की जरूरतों के अनुरूप कौशल विकास, उद्यमिता सहायता और रोजगार के अवसरों के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रशिक्षण पूर्णता दर लगभग 85 प्रतिशत रही, जबकि रोजगार प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों की औसत मासिक आय करीब 15,000 रुपये रही। वर्तमान में एचडीएफसी बैंक परिवर्तन देश के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में 150 से अधिक परियोजनाओं के माध्यम से कौशल विकास, आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है।

# अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पिस्का व मुरी स्टेशनों का कायाकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**







**कोलकाता।** भारतीय रेल की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे के रांची मंडल स्थित पिस्का एवं मुरी रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा कर लिया गया है। दोनों स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं और उन्नत आधारभूत संरचना से सुसज्जित किया गया है जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और आरामदायक यात्रा अनुभव मिलेगा। दक्षिण पूर्व रेलवे की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य देशभर के रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर उन्हें स्वच्छ, आकर्षक, यात्री-अनुकूल और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस बनाना है। इसी क्रम में पिस्का और मुरी स्टेशनों का व्यापक विकास कार्य किया गया है। रांची जिले में स्थित पिस्का रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से रांची एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। बेहतर यात्री सुविधाओं और रेल संपर्क से क्षेत्र के आर्थिक विकास, निवेश तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वहीं मुरी रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण क्षेत्रीय परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह स्टेशन औद्योगिक क्षेत्रों, सांस्कृतिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों तक बेहतर संपर्क उपलब्ध कराते हुए झारखंड के समग्र विकास में अहम भूमिका निभाएगा। पुनर्विकास के तहत दोनों स्टेशनों पर आधुनिक स्टेशन भवन, नया सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग क्षेत्र, लिफ्ट, फुट ओवर ब्रिज, दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाएं, नए प्लेटफॉर्म शेल्टर, उन्नत प्लेटफॉर्म, पेयजल बूथ, नया बुकिंग काउंटर, प्रतीक्षालय, स्थानीय कला एवं संस्कृति पर आधारित आकर्षक सज्जा, बैठने की बेहतर व्यवस्था तथा ट्रेन एवं कोच इंडिकेटर बोर्ड जैसी सुविधाएं विकसित की गई है। दक्षिण पूर्व रेलवे ने कहा कि इन परियोजनाओं से यात्रियों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा और रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, सुरक्षित एवं अधिक उपयोगी परिवहन केंद्र के रूप में विकसित करने के लक्ष्य को बल मिलेगा।

# महायोगी गुरुगोरक्षनाथ स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत आयोजित महायोगिगुरुगोरक्षनाथ स्मृति दस दिवसीय अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन समारोह संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह संस्था द्वारा आयोजित लगातार 46 वां संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर है जिसमें देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य, सह आचार्य, शिक्षकों एवं संस्कृत अनुरागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अभियान के प्रधान संरक्षक एवं पूर्वगृह सचिव डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महायोगी गोरक्षनाथ जी नाथ सम्प्रदाय के संस्थापक, हठयोगी, सनातन संस्कृति के संरक्षक एवं मानवीय संवेदना के महत्व प्रदान करने वाले महान संत थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि महायोगी गोरक्षनाथ ने योग से ही नीरोग रहा जा सकता है। इस बात पर विस्तार अपने रचित पुस्तकों में चर्चा की। उन्होंने कहा कि महायोगी गोरक्षनाथ की पुस्तकों का अध्ययन अति आवश्यक है।

# टिकट चेकिंग अभियान में आरा स्टेशन पर 678 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में 14.07.2026 (मंगलवार) को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के पटना-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड के आरा स्टेशन पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाड़ी) के साथ एक सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान इस स्टेशन से गुजरने वाली लगभग सभी ट्रेनों को अतिरिक्त ठहराव लेकर प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाड़ी टिकट चेकिंग अभियान में 678 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 389035/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया ।

# रक्तांचल सीजन-3 के प्रमोशन के लिए पटना पहुंचे अभिनेता क्रांति प्रकाश और निकितिन धीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्वांचल की राजनीति, अपराध और माफिया की दुनिया पर आधारित चर्चित क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज 'रक्तांचल सीजन-3' के प्रमोशन के सिलसिले में अभिनेता क्रांति प्रकाश झा, निकितिन धीर और निर्देशक रितम श्रीवास्तव पटना पहुंचे। होटल चाणक्या में आयोजित प्रेस वार्ता में कलाकारों ने सीरीज के नए सीजन, अपने किरदारों और बिहार से मिले प्यार को लेकर खुलकर बातचीत की। मीडिया से बातचीत करते हुए कलाकारों ने कहा कि रक्तांचल सिर्फ एक गैंगवार की कहानी नहीं, बल्कि सत्ता, राजनीति, विश्वासघात और बदले की उस मानसिकता की कहानी है जो समय के साथ और भी खतरनाक होती चली जाती है। तीसरे सीजन में दर्शकों को पहले से कहीं अधिक रोमांच, बड़े ट्विस्ट और दमदार एक्शन देखने को मिलेगा। अभिनेता क्रांति प्रकाश झा ने कहा कि बिहार हमेशा मेरे लिए बेहद खास रहा है। यहां के दर्शकों ने 'रक्तांचल' के दोनों सीजन को भरपूर प्यार दिया।

# भारत टेक्स 2026 में बिहार ने उभरते टेक्सटाइल हब के रूप में दर्ज कराई सशक्त उपस्थिति

## गिरिराज सिंह एवं श्रेयसी सिंह ने किया बिहार पवेलियन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** देश के सबसे बड़े वैश्विक टेक्सटाइल आयोजन भारत टेक्स 2026 का शुभारंभ आज नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ। 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय आयोजन का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने किया। इस अवसर पर वस्त्र राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा, वस्त्र सचिव नीलम शामी राव, उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। पहले दिन ही कई निवेशकों ने बिहार सरकार के साथ 1400 करोड़+ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए। पार्टनर स्टेट के रूप में भाग ले रहे बिहार ने टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र में अपनी बढ़ती क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। भारत मंडपम के हॉल संख्या 11ए में स्थापित बिहार पवेलियन का उद्घाटन केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह एवं बिहार की उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उद्योग विभाग, बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार, बिहार भवन के स्थानिक आयुक्त मनोज कुमार सिंह, हथकरघा एवं रेशम निदेशालय के डॉ. विद्या नंद सिंह तथा उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल, बच्चों के हक में पारदर्शी जांच की मांग तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू / रोहतास।** बिहार सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से कुपोषण दूर करने तथा गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों को पोषण उपलब्ध कराने के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। बावजूद इसके आंगनबाड़ी व्यवस्था की पारदर्शिता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर कई लोगों और कुछ आंगनबाड़ी सेविकाओं का दावा है कि व्यवस्था में अनियमितताओं की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं, लेकिन कार्रवाई के भय से अधिकांश लोग खुलकर सामने आने से बच रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार डिहरी परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 178 तथा शहरी क्षेत्र में 95 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। आरोप है कि कुछ स्थानों पर केंद्रों के संचालन में निर्धारित मानकों का पालन नहीं हो रहा है। कई केंद्र निजी भवनों में संचालित होने तथा कुछ जगह सहायिका के पद रिक्त रहने की भी बातें सामने आई है जिससे योजनाओं के सुचारु संचालन पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं। स्थानीय सूत्रों ने यह भी दावा किया है कि कुछ क्षेत्रों में प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र से प्रतिमाह लगभग 3,500 रुपये कथित रूप से सीडीपीओ कार्यालय तक पहुंचाए जाते हैं। हालांकि इन आरोपों के समर्थन में कोई सार्वजनिक दस्तावेज उपलब्ध नहीं है और न ही किसी संबंधित व्यक्ति ने कैमरे पर इसकी पुष्टि की है। ऐसे में इन दावों की सत्यता की पुष्टि केवल सक्षम प्रशासनिक जांच के बाद ही हो सकती है। इधर, डिहरी अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडेय उर्फ मुटुर पांडेय ने जिला पदाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जिलाधिकारी स्वयं आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित निगरानी कर जांच कराएं तो वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। उनका कहना है कि यदि कहीं भी भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता या योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंच सके। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि आंगनबाड़ी योजनाओं का उद्देश्य गरीब परिवारों, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यदि इन योजनाओं के संचालन में किसी प्रकार की अनियमितता होती है तो इसका सीधा असर समाज के सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ता है। स्थानीय लोगों ने सरकार से आंगनबाड़ी व्यवस्था में नियमित सोशल ऑडिट, पारदर्शी जांच व्यवस्था और प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली को और मजबूत करने की मांग की है। उनका कहना है कि ईमानदारी से कार्य करने वाले कर्मियों को सम्मान मिलना चाहिए, वहीं यदि कहीं भी अनियमितता या भ्रष्टाचार हो रहा है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# दो अलग-अलग मामलों में चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** अकोढ़ीगोला थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया। थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि दोनों मामलों में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। पहले मामले में थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अकोढ़ीगोला थाना कांड संख्या 256/26 एवं 257/26, 13 जुलाई 2026 दर्ज किया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 109, 352 एवं 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने इस मामले में मुन्ना अंसारी उर्फ शमीम अंसारी (42 वर्ष), पिता अनुष अंसारी उर्फ मूनूस अंसारी तथा भोला शर्मा (40 वर्ष), पिता बैजनाथ शर्मा, दोनों निवासी ग्राम पकड़िया, थाना-अकोढ़ीगोला, जिला रोहतास को गिरफ्तार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरे मामले में पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बांक गांव में दो युवक किसी घटना की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अमित कुमार उर्फ भुआली (20 वर्ष), पिता दयाल सिंह तथा राज रौशन (22 वर्ष), पिता स्वर्गीय संतोष सिंह, दोनों निवासी ग्राम बांक, थाना अकोढ़ीगोला, जिला रोहतास को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के विरुद्ध बीएनएसएस की धारा 126/170 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सतर्क है और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि दोनों मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# डिहरी में 'नई किरण प्रतियोगिता परीक्षा' का आयोजन, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भगवान वेद व्यास ट्रस्ट, डिहरी ऑन-सोन के तत्वावधान में रविवार को झारखण्डी मंदिर परिसर स्थित भगवान वेद व्यास मंदिर, एनीकट में 'नई किरण प्रतियोगिता परीक्षा-2026' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डिहरी प्रखंड के विभिन्न गांवों से आए बड़ी संख्या में बच्चों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता परीक्षा के साथ-साथ बच्चों ने भाषण, भजन तथा समूह नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना तथा उनमें सांस्कृतिक एवं नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामलखन चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता का परिणाम 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को आयोजित होने वाले 'भगवान वेद व्यास पूजन सह वार्षिक समारोह' में घोषित किया जाएगा। इसी अवसर पर सफल प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर इंद्रदेव चौधरी, अजय कुमार, रामलखन चौधरी, अरुण चौधरी, विजय चौधरी, ईश्वर चौधरी, रामाधार चौधरी, राजेश चौधरी, विकास चौधरी, गीता देवी, सरिता देवी, सुषमा कुमारी, शेषनाथ चौधरी, उमेश चौधरी, संतोष चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, 4 घायल, दोनों पक्षों से एक-एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढीगोला (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के ग्राम पकड़िया में सोमवार की रात बकरी बांधने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया जिसके बाद जमकर मारपीट हुई। इस घटना में चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पकड़िया निवासी भोला शर्मा की पत्नी रंजू देवी ने अपने आवेदन में बताया कि उनके दरवाजे पर मुन्ना अंसारी ने बकरी बांध दी थी जब उन्होंने बकरी हटाने को कहा तो मुन्ना अंसारी के परिजन पुतुल अंसारी, पवन अंसारी व खुशी खातून लाठी-डंडे से लैस होकर आए और मारपीट शुरू कर दी। वहीं मुन्ना अंसारी ने भी भोला शर्मा व उनकी पत्नी रंजू देवी पर मारपीट करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अकोढीगोला थाना कांड संख्या - 256/26, 257/26, 13/07/26 धारा - 126(2)/115(2)/109/352/3(5) बीएनएस दर्ज करते हुए तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों कांडों से पकड़िया निवासी मुन्ना अंसारी उर्फ शमीम अंसारी उम्र 42 वर्ष पिता अनुष अंसारी उर्फ मूनूस अंसारी और भोला शर्मा उम्र 40 वर्ष पिता बैजनाथ शर्मा को विधिवत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है।

# आदर्श उच्च विद्यालय में भारत स्काउट गाइड दल का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोचस (रोहतास)।** आदर्श उच्च विद्यालय, रेडिया (कोचस) में भारत स्काउट एवं गाइड दल का गठन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्काउट एवं गाइड आंदोलन के उद्देश्य, सेवा भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने भारत स्काउट एवं गाइड की सदस्यता ग्रहण कर समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन तथा सामुदायिक विकास के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। जिला संगठन आयुक्त (स्काउट), रोहतास अरविन्द कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना एवं सेवा का संस्कार विकसित होता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय में स्काउट एवं गाइड की नियमित गतिविधियां संचालित की जाएंगी जिससे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम के अंत में नवगठित स्काउट एवं गाइड दल के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी गईं तथा विद्यालय परिवार ने भारत स्काउट एवं गाइड की गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

# ब्राह्मण समाज की एकजुटता और विकास पर मंथन, शिक्षा व आर्थिक सहयोग पर जोर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय नागा पथ पाली रोड स्थित मंगलम निवास में भारतीय ब्राह्मण महासभा की बैठक वरिष्ठ पत्रकार जगनारायण पांडेय की अध्यक्षता एवं राजेश कुमार पांडेय के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में ब्राह्मण समाज की एकजुटता, शिक्षा, शादी-विवाह में सहयोग तथा सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को लेकर चर्चा हुई। समाज के कमजोर परिवारों की सहायता और सनातन मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया गया। बैठक में भरत तिवारी हत्याकांड की निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग भी की गई। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी, प्रमोद दूबे, मदन मोहन दूबे, रवि पांडेय, दिग्विजय उपाध्याय, पंकज ओझा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# युधिष्ठिर प्रसाद स्मृति दिवस श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तिलौथू (रोहतास)।** युधिष्ठिर प्रसाद स्मारक समिति तिलौथू (रोहतास) के तत्वावधान में मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर के पावन प्रांगण में श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में युधिष्ठिर प्रसाद स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संध्या 4 बजे हुआ। इसकी अध्यक्षता सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि रणजीत सिन्हा, समिति के शशिभूषण प्रसाद तथा पूर्व मुखिया मथुरा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने युधिष्ठिर प्रसाद के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन सर्वेश चंद्र मिश्र ने किया। सभा में तिलौथू एवं आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्मृति दिवस की प्रस्तावना रखते हुए पूर्व प्रधानाचार्य जंगलेश प्रसाद चौरसिया ने युधिष्ठिर प्रसाद के शैक्षिक जीवन, बैंक अधिकारी के रूप में उनके उत्कृष्ट कार्यों तथा समाज के प्रति उनके समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रसाद जी चार वर्षों तक पूर्व मुखिया मथुरा सिंह के यहां रहे थे। इस दौरान उनके अनुशासित जीवन, सादगी और सेवा भावना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कई प्रेरणादायक संस्मरण साझा किए जिन्हें सुनकर पूरा सभागार भावुक हो उठा। समिति के शशिभूषण प्रसाद ने प्रसाद जी के साथ चार वर्षों तक सामाजिक कार्यों में बिताए गए अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे एक कुशल बैंक अधिकारी होने के साथ-साथ समर्पित समाजसेवी भी थे। उन्होंने तिलौथू, पटना, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया और कैमूर सहित विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया।

# करंट से कर्मी झुलसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग के एक कर्मी के साथ कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया जिसमें वह गंभीर रूप से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांक फिटर के कर्मी सिकेन्द्र सिंह मधुरापुर बधार में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए पोल पर चढ़े हुए थे। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से वह बुरी तरह घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य बिजली कर्मियों ने आनन-फानन में उन्हें समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। फिलहाल उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इस संबंध में कनीय अभियंता शुभेंदु कुमार ने बताया कि चांदी गांव निवासी मानव बल सिकेन्द्र सिंह शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य कर रहे थे। कार्य के दौरान किसी तरह 33 हजार केवीए लाइन से 11 हजार केवीए लाइन में बिजली प्रवेश कर गई जिससे यह हादसा हुआ। विभागीय स्तर पर घटना की जांच की जा रही है। घटना के बाद बिजली विभाग के कर्मियों में आक्रोश और भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने विभाग से सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की मांग की है। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## बाइक की ठोकर से मजदूर घायल

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी के नील कोठी निवासी काशी नाथ शर्मा को तारबंगला चौक के पास एक बाइक सवार ने तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना में काशी का दाहिना हाथ और कमर में चोट आई है। घायल को अनुमंडलीय अस्पताल डिहरी में इलाज कराया गया। पीड़ित ने कमरगंज निवासी अमित चौधरी पर लापरवाही से गाड़ी चलाकर टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए डिहरी थाना में आवेदन दिया है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एमसी_डब्ल्यूसी_ब्लैंकेट सीएलएनजी_आर2026, दिनांक 12.06.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में "दो पैकेट प्रणाली" के तहत पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम/विवरणः** दो वर्ष के लिए बॉर्डर की सिलाई और एम्ब्रॉइडरी की सिलाई सहित कंबल (ब्लैंकेट) की धुलाई। **निविदा मूल्य :** रु. 3,36,95,993.93, **बयाना राशि :** रु. 3,18,500/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** रु.0.00, **अनुबंध की अवधि :** 24 माह। **बोली प्रारंभ करने की तिथि :** दिनांक 15.07.2026, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 29.07.2026 को 13.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 29.07.2026 को 13.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

SDAH-134/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# बिहार जेल मैनुअल में फरलो का वैधानिक प्रावधान जोड़ने की मांग

## बंदी अधिकार आंदोलन के संयोजक ने मुख्य सचिव को भेजा आग्रह पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** बंदी अधिकार आंदोलन के संयोजक संतोष उपाध्याय ने बिहार जेल मैनुअल में फरलो का वैधानिक प्रावधान जोड़ने तथा उसे अधिसूचित करने की मांग राज्य के मुख्य सचिव से की है। उन्होंने कहा कि बिहार की जेल व्यवस्था का अध्ययन करने पर यह तथ्य सामने आया है कि बिहार जेल मैनुअल में पैरोल का प्रावधान तो उपलब्ध है, लेकिन फरलो का पृथक वैधानिक प्रावधान नहीं है। उनके अनुसार फरलो आधुनिक सुधारात्मक जेल प्रशासन का एक महत्वपूर्ण अंग है जिसका उद्देश्य किसी बंदी को दंड से मुक्त करना नहीं, बल्कि अच्छे आचरण वाले पात्र सजायाफ्ता बंदियों को सीमित अवधि के लिए परिवार और समाज से जुड़े रहने का अवसर प्रदान करना है। संतोष उपाध्याय ने कहा कि फरलो की व्यवस्था से बंदियों में अनुशासन, उत्तरदायित्व और सुधार की भावना विकसित होती है। साथ ही रिहाई के बाद उनके समाज में पुनर्वास की संभावनाएं भी मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के मॉडल प्रिजन मैनुअल-2016 में राज्यों को पैरोल एवं फरलो संबंधी उपयुक्त नियम बनाने की अनुशंसा की गई है। देश के कई राज्यों में फरलो की व्यवस्था सफलतापूर्वक लागू है जबकि बिहार में अच्छे आचरण वाले पात्र बंदियों के लिए ऐसी कोई पृथक व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान का अनुच्छेद-21 प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार प्रदान करता है। बंदी भी इस अधिकार से पूरी तरह वंचित नहीं होते। जेल का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यक्ति को सुधारकर समाज का उत्तरदायी नागरिक बनाना भी है। इसलिए बिहार की जेल व्यवस्था को आधुनिक सुधारात्मक सिद्धांतों के अनुरूप विकसित करने के लिए बिहार जेल मैनुअल में फरलो का वैधानिक प्रावधान जोड़ा जाना आवश्यक है।

# बिजली से किसान परेशान, 18-24 घंटे आपूर्ति की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** टिकारी विधानसभा क्षेत्र के कोंच-टिकारी द्वय प्रखंड में धान की रोपनी शुरू हो गई है, लेकिन किसानों को कृषि कार्य के लिए मात्र 3 से 4 घंटे ही बिजली मिल रही है। इससे किसान चिंतित हैं। पूर्व प्रत्याशी सुमंत कुमार ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को खुले पत्र के माध्यम से मंगलवार को मांग की है कि इस क्षेत्र में कृषि कार्य हेतु 18 से 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी 8 घंटे आपूर्ति का दावा कर रहे हैं, लेकिन मऊ ग्रीड से 3-4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। बिहार के 83% सीमांत किसान खेती पर ही निर्भर हैं। बिजली नहीं मिलने से किसान महंगे डीजल से सिंचाई करने को मजबूर हैं, जिससे उनकी लागत बढ़ गई है और मेहनत-पैसा दोनों डूबने का खतरा है। सुमंत कुमार ने कहा कि बिजली आपूर्ति नहीं बढ़ी तो किसान भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। घर खर्च, बच्चों की पढ़ाई और बेटियों की शादी भी प्रभावित होगी। उन्होंने अविलंब निर्बाध बिजली देने की मांग की है।

# बहन को घर ले जाने पर मारपीट, छह लोगों पर प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी थाना क्षेत्र के ग्राम पान्डेपुर निवासी रियाजुद्दीन अंसारी ने थाना में आवेदन देकर छह लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस के अनुसार रियाजुद्दीन अपनी बहन रिजवाना खातून को ससुराल वालों के प्रताड़ित करने के कारण घर लाने गया था। इसी दौरान बाबुदीन अंसारी, सद्दाम अंसारी, अरमान अंसारी, ऐजारा खातून, मुजाहिद्दीन और रिजवाना खातून ने लाठी-डंडा और ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। मारपीट में रियाजुद्दीन, उसकी बहन सुल्ताना खातून, भानजा नसीर अंसारी और भतीजा नौशाद अंसारी घायल हो गए। सभी का इलाज डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ। पीड़ित ने सभी आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय-जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।**
**संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा- 822114**
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

**निविदा सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा के अन्तर्गत विभागीय राज्यादेश सं0-29 दिनांक 24.06.2026 के आलोक वित्तीय वर्ष2026-27में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना **''प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग''** के तहतजिला-गढ़वा शहर एवं उसके आस-पास के सटे हुए शहरों में बसे परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू-खण्ड, सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्ता युक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेतीहेतुबीज, फूलों फलों तथा साज-सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider/Nursery चयन के साथसमानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक29-07-2026 के अपराह्न11:00 बजे तक दर निर्धारण हेतु निविदा मुहरबंद लिफाफें में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जायेगा एवं उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदाकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय निविदा समिति के उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में निविदा खोला जायेगा। निविदा का निस्तारण L1 निविदा प्रक्रिया के नियम से किया जाएगा।

**Technical Bid**

I. Bidder must be reputed manufacturer/Authorised Dealer/Firms/ Agency/Govt.orNon-Govt. Organisation/Companies. (Enclose supporting documents).
II. It should have at least one year experience in the field of gardening/ land scaping/roof top/terrace gardening. Supporting Work order/ experience certificate issued from Govt. or Non-Govt. Organisation should be attached with proposal in support of experience.
III. Registration Certificate and detailed information of nursery, firm/Company etc should be attached. The Agency must have a demonstration plot and after sale service centre in Jharkhand.
IV. The bidder should furnish a self-attested copy of PAN & GST registration with their application.
V. The bidder should furnish self-attested copy of GST return of atleast 02 (two) quarter of last 12 months.
VI. The average annual turnover of the bidder must not be less than Rs. 30.00 lakhs in any the last 3 financial year. Details of the audited balance sheet certified by CA for the last financial year should be attachedalong with the application.
VII. The bidder is required to deposit an EMD amount of 30,000/- Rs.
VIII. ITR of Last Three Financial Years 2023-24, 2024-25& 2025-26.
IX. An undertaking (self-certificate) that the bidder hasn't been blacklisted by a central/state government institution and that there has been no litigation with any government department on account of similar services must be submitted.

**Financial Bid**

I. Urban Farming के तहत लगाये जाने वाले पौध सामग्रियों तथा अन्य उपादानों की सूची विस्तृत रूप से garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।
II. सूची में वर्णित सामग्रियों का बंद लिफाफे में Financial Bidकियाजायेगा।

नोटः- विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क किया जा सकता है एवं मोबाईल नम्बर-7906432739 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 384912 (Agriculture) 26-27 (D) — जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।


# बिहार सरकार की जीविका योजना ने हजारों महिलाओं की बदली किस्मत

## जीविका की मदद से मजदूरी छोड़ शुरू किया किराना व्यवसाय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राज्य के कटिहार जिले के मनिहारी प्रखंड की रहने वाली जीविका दीदी फुलमुनी मुर्मू की कहानी बेहद प्रेरणादायक है। मनिहारी प्रखंड के छोटे से गांव की रहने वाली फुलमुनी मुर्मू का पूरा परिवार शराब बनाने व बेचने का काम किया करता था। राज्य में शराबबंदी लागू होने के बाद मुर्मू और उनके पति दूसरों की खेत में मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण मुश्किल से कर पा रहे थे। कभी-कभी दीदी व उनके पति को काम भी नहीं मिलता था जिसकी वजह से उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। इसी बीच उनके पति गंभीर रूप से बीमार हो गये और परिवार की हालत और बदतर हो गयी। इन्हीं परेशानियों के बीच फुलमुनी देवी ने अपने गांव की जीविका समूह से जुड़कर बचत करना सीखा। कुछ दिन बाद उनको समूह के माध्यम से स्वास्थ्य सुरक्षा विधि के तहत सहायता राशि मिली जिसके कारण अपने बीमार पति का इलाज सही से करवा पाई। इसके पश्चात पारंपरिक रूप से शराब व्यवसाय से जुड़े परिवारों के लिए सतत जीविकोपार्जन योजना शुरू की। इस योजना के संचालन की जिम्मेदारी जीविका दीदियों को दी गयी जिसके तहत फुलमुनी को 20 हजार की सहायता राशि मिली जिससे साइकिल मरम्मत का सामान खरीद कर साइकिल रिपेरिंग के दुकान खोली गई जिससे फुलमुनी को प्रतिदिन 200 से 300 रूपये की कमाई होती है। आज फुलमनी अपने गांव में ही खुशहाल जीवन बीता रही है। अब वे ज्यादा पूंजी लगाकर इस दुकान को और बड़ा करना चाहती है और अपने दोनों बच्चे को शिक्षित कर उनका भविष्य सुधारना चाहती है।

**पूर्णिया की मीना की कहानी**

पूर्णिया के धमदाहा प्रखंड की रहने वाली 48 वर्षीय जीविका दीदी मीना देवी ने बताया कि उनका परिवार बहुत ही गरीब था। पति मजदूरी करके किसी तरह परिवार का भरण-पोषण करते थे। साल 2006 में तमिलनाडु से कुछ सीआरपी (सीआरपी) दीदी अमारी गांव घुमने के लिए आयी थी। उन्होंने मीना देवी को जीविका समूह से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। जीविका योजना की तरफ से मीना को 5,000 रुपये व्यापार करने के लिए ऋण के तौर पर प्राप्त हुआ। इस राशि से उन्होंने साइकिल से घर का सामान बेचने का व्यवसाय शुरू किया। धीरे-धीरे कारोबार बढ़ता गया और पूंजी में वृद्धि हुई। कुछ समय बाद उन्होंने अपनी खुद की दुकान खोल ली और समूह से लिया गया ऋण भी समय पर चुका दिया। बढ़ती आमदनी व बिहार सरकार की शिक्षा प्रणाली ने उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा सुनिश्चित करवाया। मीना ने कहा कि राज्य में विकास के लिए काम कर रही एनडीए सरकार ने लाखों मीना का घर संवारा है। आज बिहार के गांव-गांव में महिला आत्मनिर्भर व सम्मानजनक जीवन बीता रही है।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं जन समस्याएं



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नालंदा की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने मंगलवार को आयोजित दैनिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 34 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।जनता दरबार में भूमि अधिग्रहण के मुआवजा बढ़ाने, जमीन पर अवैध कब्जा, आपदा सहायता राशि, रैयती भूमि पर जबरन सड़क निर्माण, आम गैरमजरूआ पईन की खुदाई तथा निजी जमीन पर अतिक्रमण समेत कई मामलों की सुनवाई हुई। भूमि अधिग्रहण मुआवजा से जुड़े मामले को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को भेजते हुए शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।राजगीर क्षेत्र में जमीन कब्जे के मामले में अनुमंडल पदाधिकारी एवं एसडीपीओ को कार्रवाई करने को कहा गया। आपदा सहायता राशि से संबंधित आवेदन पर अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। रैयती भूमि पर जबरन सड़क बनाए जाने की शिकायत की जांच का जिम्मा अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को सौंपा गया।इस्लामपुर प्रखंड में आम गैरमजरूआ पईन की खुदाई से जुड़े मामले में अनुमंडल पदाधिकारी, हिलसा को जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वहीं निजी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर बिहारशरीफ के अनुमंडल पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों को भेजते हुए जिलाधिकारी ने समयबद्ध एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# 676 टेट्रा पैक में बंद 121.68 लीटर शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** बिहार-झारखंड सीमावर्ती क्षेत्र चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लग्जरी कार में बने तहखाने से हो रही शराब की बड़ी खेप को जब्त किया गया है। साथ ही एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के द्वारा सघन वाहन जांच के दौरान की गई है। शराब तस्कर एक से एक नायाब तरीकों का इस्तेमाल शराब की खेप करने के लिए करते हैं,किंतु उत्पाद बलों की पारखी नजरों से नहीं बच पाते हैं। उत्पाद अधीक्षक गणेश चंद्रा ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर झारखंड की ओर से आनेवाली प्रत्येक छोटी से लेकर बड़ी वाहनों की सघन जांच उत्पाद बलों के द्वारा की जाती है। इस जांच अभियान का नेतृत्व अमृत कुमार गुप्ता कर रहे हैं। मंगलवार को झारखंड की ओर से आ रही महिंद्रा मराजो नामक लग्जरी कार संख्या जेएच12के2560 को जांच हेतु रोका गया। जांच के क्रम में लग्जरी कार के सभी सीटों के नीचे बने तहखानों एवं डिकिटरों के पीछे छुपाकर लाई जा रही शराब को जब्त किया गया है। जब्त शराब में 180 एमएल वाले ऑफिसर चॉइस के 676 टेट्रा पैक बरामद हुआ है। बरामद शराब की कुल मात्रा 121.680 लीटर है। जब्त शराब के साथ लग्जरी कार में रहे तस्कर सह चालक को भी गिरफ्तार किया गया है,जिसकी पहचान बोकारो जिले के पेंक थाना क्षेत्र के गोनियटो गांव निवासी चिंतामन साव के पुत्र संजय कुमार साव के रूप में हुई है। गिरफ्तार शराब तस्कर द्वारा बताया गया कि वह शराब की खेप बोकारो से नवादा ले जा रहा था,इसी बीच रजौली जांच चौकी पर पकड़ा गया है। जब्त शराब एवं लग्जरी कार के अलावे गिरफ्तार शराब तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही बताया कि शराब तस्कर से अन्य जानकारी ली जा रही है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा। इस मौके पर उत्पाद बल के साथ गृहरक्षक के जवान मौजूद रहे।

# कुष्ठ पीड़ितों एवं उनके बच्चों को परवरिश एवं संबल योजना से आच्छादित करने के लिए विशेष अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर जिले में कुष्ठ पीड़ितों एवं उनके बच्चों को समाज कल्याण विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पात्र लाभुकों को परवरिश योजना एवं मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना "संबल" का लाभ सुनिश्चित कराना है। उल्लेखनीय है कि नवादा जिले में बिहार शताब्दी कुष्ठ कल्याण योजना के अंतर्गत कुल 474 सक्रिय लाभुक चिन्हित हैं। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित परवरिश योजना के तहत कुष्ठ रोग से पीड़ित 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों अथवा कुष्ठ पीड़ित अभिभावकों के बच्चों को 1,000 प्रतिमाह की सहायता राशि प्रदान की जाती है। वहीं मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना "संबल" के अंतर्गत पात्र कुष्ठ पीड़ितों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप एडीएल कीट, कृत्रिम हाथ, बैसाखी सहित अन्य सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। सहायक निदेशक, दिव्यांगजन-सह-बाल संरक्षण इकाई, नवादा रीतेश कुमार ने बताया कि 13 जुलाई, 2026 से 18 जुलाई, 2026 तक जिले की सभी आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाएं अपने-अपने पोषक क्षेत्र में कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्तियों का सर्वेक्षण करेंगी। इस दौरान परवरिश योजना के पात्र बच्चों की पहचान कर आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सर्वेक्षण के दौरान चिन्हित पात्र कुष्ठ पीड़ितों के लिए संबल योजना के अंतर्गत एडीएल कीट एवं अन्य आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु भी आवेदन सृजित किए जाएंगे।

# बिहारशरीफ में ड्यूटी पर तैनात यातायात दरोगा पर ईंट से जानलेवा हमला



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले में अपराधियों के बढ़ते दुस्साहस का एक और मामला सामने आया है। मंगलवार को सोहसराय थाना क्षेत्र के सोहसराय बाजार चैक के पास ड्यूटी पर तैनात यातायात थाना के दरोगा मनोज कुमार पर अज्ञात बदमाशों ने पीछे से ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आरोपितों की तलाश तेज कर दी गई है।जानकारी के अनुसार, यातायात थाना में पदस्थापित दरोगा मनोज कुमार की ड्यूटी सोहसराय बाजार चैक पर यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगाई गई थी। मंगलवार को वह चैक पर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात हमलावर ने उनके सिर पर ईंट से जोरदार वार कर दिया। अचानक हुए हमले से दरोगा लहूलुहान होकर मौके पर गिर पड़े, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई।मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने तत्काल घायल दरोगा को बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक डीएसपी मोहम्मद खुर्शीद आलम घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हमले के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और हमलावरों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच में जुटी है।

# सड़क सुरक्षा, शराब माफिया और अवैध खनन पर डीएम सख्त




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था, सड़क सुरक्षा, मद्यनिषेध और अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।बैठक में डीएम ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विशेष हेलमेट जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों की सुरक्षा के साथ सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।मद्यनिषेध विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने शराब माफियाओं के खिलाफ छापेमारी अभियान तेज करने का निर्देश दिया। साथ ही थानों और उत्पाद विभाग द्वारा जब्त शराब के शीघ्र विनष्टीकरण तथा जब्त वाहनों की नीलामी प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा, जिससे न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन हो सके।जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षा में डीएम ने बालू और मिट्टी के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित छापेमारी, अवैध वाहनों की जब्ती और दोषियों से जुर्माना वसूलने की कार्रवाई में तेजी लाने को कहा।बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से फील्ड में जाकर कार्यों की नियमित निगरानी करने और शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## एक नजर

### नालंदा में टीबी स्क्रीनिंग अभियान तेज

**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर नालंदा जिले के सभी प्रखंडों में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत व्यापक टीबी स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य समय पर संभावित मरीजों की पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना तथा संक्रमण की रोकथाम करना है, ताकि जिले को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य समयबद्ध तरीके से हासिल किया जा सके।सिविल सर्जन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की टीबी जांच कर रही है। अभियान के तहत प्रतिदिन 26,450 लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम एवं अन्य चिकित्सा दल समन्वय के साथ सक्रिय रूप से जुटे हैं। उन्होंने बताया कि 2 जुलाई 2026 से शुरू हुए विशेष अभियान के तहत अब तक जिले में 1,12,248 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है। वहीं, 13 जुलाई को सभी प्रखंडों में कुल 12,038 लोगों की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि वे स्क्रीनिंग अभियान में सहयोग करें और टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं। अधिकारियों का कहना है कि जनसहभागिता और जागरूकता से ही टीबी मुक्त नालंदा और टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य साकार किया जा सकता है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किसान की मौत

**हिलसा।** प्रखंड के कुर्मिया बिगहा गांव में 62 वर्षीय किसान परमेश्वर पासवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि वह धान की बिचड़ा (नर्सरी) बोने के लिए खेत गए थे। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। खेत पर पहुंचने पर वह अचेत अवस्था में पड़े मिले। ग्रामीणों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने आशंका जताई है कि किसी जहरीले जंतु के काटने से उनकी मौत हुई है, हालांकि मौत का स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। थानाध्यक्ष चंद्रभानु ने बताया कि मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। आवेदन मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दो छात्राएं चार दिनो से लापता, परिजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के कोरई गांव की दो छात्राएं आधार कार्ड बनवाने के लिए घर से निकलीं, लेकिन चार दिन बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिल सका है। इससे दोनों परिवारों में चिंता और बेचैनी का माहौल है। परिजन अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। परिजनों के अनुसार, 9 जुलाई को सिंपी कुमारी अपनी सहेली सोनम उर्फ माही के साथ दीपनगर बाजार आधार कार्ड बनवाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक दोनों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश शुरू की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। काफी खोजबीन के बाद भी दोनों छात्राओं का कोई सुराग नहीं मिला। उन्होंने आशंका जताई है कि आधार कार्ड बनाने वाले युवकों ने दोनों का अपहरण कर लिया। इस संबंध में दीपनगर थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।दीपनगर थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच की जा रही है। दोनों छात्राओं की तलाश के लिए पुलिस लगातार छापेमारी और तकनीकी जांच कर रही है।

### गिरफ्तार आरोपित थाना से फरार

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना परिसर से उत्पाद अधिनियम के तहत एक गिरफ्तार आरोपित के फरार होने में सफल हो गया।फरार आरोपित गढ़पर निवासी उत्तम उर्फ अमर कुमार है। घटना के बाबत पुलिस चुप्पी साधे हुए है। बताया जा रहा है कि पुलिस आरोपित को गिरफ्तार कर थाना लाई थी। जहां से मौका देख आरोपित फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस फरार आरोपित की तलाश में जुट गई है।जिले में पुलिस हिरासत से आरोपितों के फरार होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इसके पूर्व 3 जुलाई की सुबह थरथरी थाना के हाजत से एक कैदी फरार हो गया था। हालांकि, घंटे भर बाद पुलिस ने फरार कैदी संटू उर्फ नाटा को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपित को भैंस चोरी के मामले में पूछताछ के लिए थाना लाया गया था।डीएसपी रामुदलार प्रसाद ने बताया कि नगर थाना से उत्पाद अधिनियम का आरोपित फरार हुआ है। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी है।

### शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** वेना थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी और वाहन जांच के दौरान कुल 80 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। तस्करी में प्रयुक्त एक अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।वेना थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिरनावा गांव में छापेमारी कर मिंटू कुमार उर्फ भगत जी को 20 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उपराउल गांव में कार्रवाई करते हुए मिंटू देवी को 5 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ पकड़ा गया।इसी क्रम में दोसूतदूमलविघा रोड पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान अपाचे मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को रोककर तलाशी ली गई। बाइक से 60 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद होने पर दिलखुश कुमार (निवासी मलविघा, थाना नूरसराय) और राजा कुमार (निवासी शिवाय बिगहा) को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शराब के साथ मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ बिहार मध्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### साइबर ठगी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**बिहारशरीफ।** पंजाब पुलिस ने 5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लहेरी थाना क्षेत्र के अस्पताल मोड़ और भैंसासुर मोहल्ले से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विशाल भारती और मुकेश कुमार के रूप में हुई है। पंजाब पुलिस के अनुसार, एक व्यवसायी से करीब 5 करोड़ रुपये की साइबर ठगी की गई थी। इस मामले की जांच के दौरान पहले झारखंड के जामताड़ा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर बिहारशरीफ में छापेमारी कर दोनों आरोपियों को पकड़ा गया। प्रारंभिक जांच में इस साइबर ठगी गिरोह के तार जामताड़ा और कोलकाता से भी जुड़े होने की बात सामने आई है। पुलिस को आशंका है कि गिरोह ने कई लोगों को अपना शिकार बनाया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आगे की पूछताछ और कानूनी कार्रवाई के लिए पंजाब ले जाया जा रहा है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

# वारिसलीगंज क्षेत्र में शिक्षा संवाद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** शक्ति अभियान के बैनर तले नवादा जिले के वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही शिक्षा में धांधली, पेपर लीक की घटनाओं एवं शिक्षा व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर "शिक्षा संवाद" का आयोजन रेणु कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इस संवाद में बड़ी संख्या में छात्राओं और छात्रों ने भाग लिया तथा शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्ष परीक्षाओं और बेहतर शैक्षणिक अवसरों की मांग उठाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंडियन यूथ कांग्रेस की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एवं शक्ति अभियान बिहार की स्टेट लीड रीचा सिंह ने कहा कि लगातार हो रहे पेपर लीक और शिक्षा में अनियमितताओं ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को भ्रष्टाचार और धांधली से मुक्त कर प्रत्येक छात्र-छात्रा को समान अवसर उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष प्रभाकर झा ने कहा कि ये शिक्षा के न्याय का हुंकार है डबल इंजन की ठगबंधन की सरकार ने बिहार सहित देश शिक्षा व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। श्री झा ने कहा कि छात्र शक्ति को निखारने के लिए सुलभ शिक्षा व्यवस्था, शिक्षा प्रणाली और पद्धति की आवश्यकता है। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष सूरज यादव ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और छात्र-छात्राओं के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में मौजूद इंटक जिला अध्यक्ष मनीष कुमार, जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल कुमार, सत्येंद्र प्रसाद कुशवाहा, रजौली प्रखंड अध्यक्ष कुंदनदीप, वारसलीगंज प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार ने युवाओं से शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर संगठित होकर अपनी आवाज़ बुलंद करने और लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष जारी रखने का आह्वान किया गया।

# सिलाई प्रशिक्षण पूरा करने वाली 111 महिलाओं व युवतियों को मिले प्रमाण-पत्र




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** शहर के कागजी मोहल्ला स्थित रामपुर एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट परिसर में मंगलवार को प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छह माह का सिलाई प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाली 111 युवतियों और महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रशिक्षुओं को स्वरोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की सचिव नजराना खान ने की। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित प्रशिक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम है। सिलाई का हुनर महिलाओं को घर बैठे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराता है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट वर्ष 2019 से शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहा है। नजराना खान ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से अपील की कि वे सीखे गए कौशल को रोजगार का माध्यम बनाकर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करें तथा अन्य महिलाओं को भी कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ने के लिए प्रेरित करें। समारोह में फिरोजा खातून, उजमा खानम, महजबीं तरन्नुम, शमा, फैज अहमद, हुमैरा खातून, मोबीन खान सहित संस्था के पदाधिकारी, प्रशिक्षक और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत व बस स्टैंड में नहीं है शौचालय, दुर्गंध ने जीना किया दूभर

**चार वर्षों में नहीं बना एक भी शौचालय, महिलाओं को होना पड़ता है शर्मसार**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत एवं बाईपास स्थित स्थाई बस स्टैंड में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से लोग ओवरब्रिज के नीचे और सड़क के किनारे खुले में शौच करने को मजबूर हैं। इससे राहगीरों और आसपास के दर्जनों दुकानदारों को दुर्गंध से जीना दूभर हो गया है। नवनिर्मित नगर पंचायत बनते ही लोगों की जनप्रतिनिधियों से पहली मांग शौचालय थी, क्योंकि उन्हें लगता था कि नगर पंचायत बनने के बाद सरकार द्वारा मिले फंड से शौचालय का निर्माण करवा लिया जाएगा। जनप्रतिनिधि भी महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान में शौचालय निर्माण का वादा किए। नगर पंचायत चुनाव के चार वर्ष बीतने के बाद भी शौचालय निर्माण नहीं होने से स्थानीय दुकानदारों समेत विभिन्न गांवों से बाजार करने आने वाली महिलाओं को शर्मसार होना पड़ रहा है। आम लोगों को जब परेशानी होती है, तभी वे अपनी वोट की ताकत को पहचानते हैं और प्रतिनिधि बदलने का फैसला करते हैं। लेकिन चुनाव के दौरान जातिवाद, क्षेत्रवाद के अलावे लोभ-लालच में आकर अपना बहुमूल्य मतों को खो देते हैं। स्थानीय संजय सिंह ने बताया कि बाईपास स्थित बस स्टैंड में प्रतिदिन हजारों यात्रियों का आवागमन एवं कुछ समय के लिए ठहराव होता है। इस बीच ओवरब्रिज के नीचे और सड़क के किनारे किए जाने वाले शौच से उत्पन्न दुर्गंध ने लोगों का खड़ा रहना तक दूभर कर दिया है। उन्होंने बताया कि फोरलेन बनने से पहले जिला परिषद द्वारा बस स्टैंड में एक शौचालय का निर्माण करवाया गया था,जो सड़क में आने के बाद तोड़ दिया गया। उसके बाद से अबतक चार वर्षों में एक भी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण नहीं हो पाया है। लोग ओवरब्रिज के नीचे शौच ना करे, इसको लेकर स्थानीय दुकानदारों द्वारा बांस का घेराव किय गया, फिर भी लोग नहीं मानते हैं। कई बार तो दुकानदारों और शौच करने वाले लोगों में लड़ाई तक हो जाती है।

# ई-रिक्शा और बाइक में टक्कर, दो घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली मुख्यालय स्थित अनुमंडलीय अस्पताल हमेशा से सुर्खियों में रहा है। सिविल सर्जन एवं गठित रोगी कल्याण समिति समेत अन्य वरीय पदाधिकारियों की अनदेखी के कारण अस्पताल में कुव्यवस्था व्याप्त है,जिसका दंश सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों के साथ साथ अन्य आपातकालीन मरीजों को उठानी पड़ती है। करोड़ों की लागत से बना विशाल भवन बस हाथी का दांत बनकर रह गया है और पदाधिकारी इसे कागजों पर ट्रामा सेंटर बता संचालित कर रहे हैं। अस्पताल में एक्सरे की सुविधा आपातकालीन मरीजों के लिए बीते महीनों से बंद कर दी गई है। बीते सोमवार की रात्रि लगभग 8 बजे एनएच-20 स्थित करिगांव टोल प्लाजा के समीप एक ई-रिक्शा और बाइक के बीच जबरदस्त टक्कर हो गई। इस सड़क दुर्घटना में दोस्त को बाइक से होरला गांव छोड़ने जा रहा युवक और उसका दोस्त गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल बाइक सवारों को एनएचएआई एंबुलेंस की मदद से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि घायलों की पहचान सीतामढ़ी थाना क्षेत्र के नीमा गांव निवासी राहुल राजवंशी एवं होरला गांव निवासी प्रवीण राजवंशी के रूप में हुई है। चिकित्सक ने कहा कि घायलों के हाथ पैर में जख्म थे एवं पैर में गम्भीर चोटें आई थी, जिसका प्राथमिक इलाज कर एक्सरे की सलाह दी गई। अस्पताल परिसर में मौजूद परिजनों ने बताया कि नवादा की ओर से आ रही अनियंत्रित ई रिक्शे ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। स्थानीय लोगों के सहयोग से ई-रिक्शा संचालक को पकड़ा गया है। अस्पताल परिसर में मौजूद परिजन जब घायल मरीज को स्ट्रेचर से एक्सरे कराने ले जाने लगे, तो उन्हें पता चला कि अस्पताल में आपातकालीन मरीजों के लिए एक्सरे की सुविधा कई महीनों से बंद पड़ी हुई है,जबकि पहले यह सेवा दी जाती थी। इसके बाद नाराज परिजन स्ट्रेचर पर ही घायल मरीज को घसीटते हुए अस्पताल के बाहर पटना डिजिटल एक्सरे की दुकान में ले गए। रजौली दक्षिणी जिला परिषद मेवालाल राजवंशी भी सड़क दुर्घटना को सुनकर मरीजों को देखने अस्पताल पहुंचे थे। अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था को देख वे भी भड़क गए। वहीं परिजनों ने बिहार के मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से गुहार लगाई है कि आपके दावों को स्थानीय पदाधिकारी किस तरह खोखला साबित कर रहे हैं। इस स्थिति में गरीब कैसे अपना इलाज करवा पाएगा, जब सरकारी अस्पताल में सुविधा रहने के बाद भी वह मनमाने तरीके से संचालित हो।

# राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिखेगा क्रिकेट का रोमांच



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार के क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। बीसीसीआई के घरेलू सत्र 2026-27 में बिहार क्रिकेट संघ को आठ घरेलू मुकाबलों की मेजबानी मिली है, जिनमें से सात मैच राजगीर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। इन मुकाबलों के दौरान वैभव सूर्यवंशी, रिंकू सिंह, उमरान मलिक, भुवनेश्वर कुमार, कुलदीप यादव, आकिब नबी और शाकिब हुसैन जैसे चर्चित खिलाड़ियों के मैदान पर उतरने की संभावना है। इससे पहली बार नालंदा की धरती पर इतने बड़े क्रिकेट सितारों का खेल देखने का अवसर मिलेगा।मैचों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बीसीसीआई ने स्टेडियम की पिच और आउटफील्ड को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए अपने चीफ क्यूरेटर आशीष भौमिक को राजगीर भेजा है। उनके साथ बिहार क्रिकेट संघ के चीफ क्यूरेटर देवी शंकर तथा सहयोगी क्यूरेटर हिमांशु, मोनू और राजीव रंजन भी तैयारियों में जुटे हैं। राजगीर पहुंचने पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के सचिव गोपाल कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया।घरेलू सत्र में राजगीर में तीन रणजी ट्रॉफी, तीन कर्नल सी.के. नायडू ट्रॉफी और एक कूच बिहार ट्रॉफी का मुकाबला आयोजित होगा, जबकि दूसरा कूच बिहार ट्रॉफी मैच अन्य केंद्र पर खेला जाएगा। अक्टूबर 2026 से शुरू होने वाले इन मुकाबलों से नालंदा राष्ट्रीय क्रिकेट मानचित्र पर नई पहचान बनाएगा।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के मैचों का आयोजन जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को बड़े खिलाड़ियों से सीखने का अवसर मिलेगा और बिहार में क्रिकेट के विकास को नई गति मिलेगी।

# सरपंच ने गांव में जनजागरूकता अभियान चलाया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** नारदीगंज पंचायत के सरपंच प्रवेश रविदास ने मंगलवार को नारडीडीह गांव में जनजागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान सरपंच प्रवेश रविदास ने कहा शिक्षा समाज को बदलने का सशक्त माध्यम है। शिक्षा ही समाज को आगे लेकर जाएगी। उन्होंने कहा आज लोग केरल की बात करते हैं। केरल राज्य बहुत मानकों में आगे है। इसलिए आगे है। वहां के समाज ने शिक्षा को अंगीकार किया है। सभी तबके के लोगों में शिक्षा के प्रति ललक है। शिक्षा के प्रति जागृति ने उस समाज को कहां से कहां खड़ा कर दिया है। जबकि वहां कोई बड़ा उधोग नहीं है। फिर भी समृद्ध है। इसका एकमात्र कारण तालीम शिक्षा है। आप सभी बच्चे स्कूल अवश्य जाए। वहां जाकर मन लगाकर पढ़े,और एक अच्छा इंसान बने। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा बच्चों को विद्यालय भेजे, आधी रोटी खाएं, लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाये। मौके पर पंच साहब उद्दिन, राजो राम,उप सरपंच मुरारी सिंह,हरखित पासवान समेत अन्य रहे।

# पेंशन योजना से सम्बंधित मामलों का हुआ निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में स्थित आरटीपीएस काउंटर पर बीते 43 दिनों में विभिन्न प्रकार के पेंशन योजना से सम्बंधित मामला का निपटारा हुआ है। जिसमे राष्ट्रीय वृद्धापेंशन योजना, बिहार निःशक्त पेंशन, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लाभकों को लाभ मिला है। इस बाबत कार्यपालक सहायक संजय कुमार ने बताया एक जून 2026 से 13 जुलाई तक राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन छह लाभकों को स्वीकृति, बिहार निःशक्त पेंशन के 14 लाभकों, लक्ष्मी बाई समाजिक सुरक्षा पेंशन के सात लाभकों, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ के तहत तीन लाभकों को उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत एक लाभुक को दिया गया है।

# दिग्घी तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य तेज करने का निर्देश

## अतिक्रमण हटाने और नालों का पानी मोड़ने की तैयारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** दिग्घी तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लेने के लिए जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर, बिहार विधान परिषद सदस्य कुमुद वर्मा, गया नगर निगम के उप नगर आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों ने सोमवार की शाम पूरे तालाब परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की प्रगति और शेष कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। दिग्घी तालाब का सौंदर्यीकरण राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम निधि से कराया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने नगर निगम को तालाब के चारों ओर व्यापक साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने तालाब के बीच बने गोलंबर तक आने-जाने के लिए प्रस्तावित पुल की चौड़ाई पर्याप्त रखने को कहा, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा हो। निरीक्षण के दौरान तालाब की भूमि पर जहां भी अतिक्रमण है, उसे चिन्हित कर हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही तालाब में गिर रहे नालों के पानी को चिह्नित कर उन्हें बड़े नालों से जोड़ते हुए पानी का प्रवाह दूसरी ओर मोड़ने को कहा गया जिससे तालाब का पानी प्रदूषित न हो। जिला पदाधिकारी ने नगर निगम के अभियंताओं को तालाब की साइड वॉल ऊंची कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा तालाब से सटी दुकानों का भौतिक सत्यापन कर यह पता लगाने को कहा कि दुकानें किसके नाम आवंटित हैं और उनका संचालन कौन कर रहा है। उन्होंने तालाब परिसर में लगी सभी लाइटों को चालू कराने तथा जहां अंधेरा है वहां अतिरिक्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, ताकि सुबह और शाम टहलने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। शशांक शुभंकर ने कहा कि निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में मौजूद कमियों की पहचान कर ली गई है। नगर निगम के अधिकारियों और संवेदक को निर्देश दिया गया है कि सभी कमियों का तत्काल समाधान करते हुए सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से पूरा किया जाए।

# आपदाओं में मृत 13 व्यक्तियों के आश्रितों को चार-चार लाख अनुग्रह अनुदान स्वीकृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर द्वारा विशेष स्थानीय प्रकृति की आपदाओं में मृत्यु के मामलों में मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कुल 13 मृतकों के आश्रितों के लिए चार लाख रुपये प्रति परिवार की अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत कर दी गई है। यह सहायता राज्य सरकार के आपदा राहत प्रावधानों के तहत प्रदान की गई है। स्वीकृत लाभार्थियों में नदी में डूबने, वज्रपात, अग्निकांड, सर्पदंश, सड़क दुर्घटना एवं अन्य आकस्मिक आपदाओं से मृत व्यक्तियों के आश्रित शामिल हैं। स्वीकृत लाभार्थियों के नाम इस प्रकार हैं- स्व. अशोक चौधरी-आश्रित दिलीप चौधरी (मानपुर)- नदी में डूबने से मृत्यु, स्व. राजीव रंजन कुमार-आश्रित सोनी कुमारी (नगर)- नदी में डूबने से मृत्यु, स्व. कुंदन कुमार-आश्रित रामलाल चौधरी (डुमरिया)-नदी में डूबने से मृत्यु, स्व. दिनेश यादव-आश्रित शीला देवी (गुरारू)-वज्रपात से मृत्यु, स्व. रोहित कुमार-आश्रित सुनीता देवी (गुरारू)-वज्रपात से मृत्यु, स्व. महेंद्र यादव-आश्रित फूलकुमारी देवी (डुमरिया)-वज्रपात से मृत्यु, स्व. विमान विश्वकर्मा उर्फ विगन विश्वकर्मा-आश्रित मालती देवी (बाराचट्टी)- अग्निकांड में मृत्यु, स्व. टुनटुन कुमार उर्फ टुनटुन प्रसाद-आश्रित सुनीता कुमारी (बाराचट्टी)-सर्पदंश से मृत्यु, स्व. प्रिंस राज-आश्रित पूजा कुमारी (टनकुप्पा) -नदी में डूबने से मृत्यु, स्व. मिथिलेश मांझी-आश्रित कैली देवी (टनकुप्पा)- आहर में डूबने से मृत्यु, स्व. राजेश मांझी-आश्रित बती देवी (टिकारी)-मोरहर नदी में डूबने से मृत्यु, स्व. मनमा देवी-आश्रित रामलखन यादव (मोहनपुर)-आहर में डूबने से मृत्यु, स्व. संतोष कुमार-आश्रित पूनम देवी (बेलागंज)-सड़क दुर्घटना में मृत्यु। जिलाधिकारी गया ने कहा है कि आपदा की घड़ी में प्रभावित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह अनुग्रह अनुदान प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत एवं संबल प्रदान करने के उद्देश्य से स्वीकृत किया गया है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि स्वीकृत राशि का भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र सुनिश्चित किया जाए।

# हाजत में बंद व्यक्ति की मौत, न्यायिक जांच और कार्रवाई की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरवल।** अरवल जिले में उत्पाद विभाग की हाजत में बंद एक व्यक्ति की मौत के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना को लेकर न्यायिक जांच कराने तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई गई है। मृतक की पहचान हैबतपुर निवासी अनिल सिंह उर्फ टुनटुन महतो के रूप में हुई है। भाकपा (माले) के पूर्व विधायक महानंद सिंह ने आरोप लगाया कि हिरासत के दौरान कथित मारपीट तथा समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण अनिल सिंह की मौत हुई। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें बर्खास्त करने की मांग की। साथ ही मृतक के आश्रितों को 10 लाख रुपये मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी की। घटना के विरोध में ग्रामीणों और भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक महानंद सिंह के नेतृत्व में उत्पाद विभाग कार्यालय का करीब सात घंटे तक घेराव किया। बाद में वरिष्ठ अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और वार्ता के बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। प्रदर्शन में सुएब आलम उर्फ नेताजी, महेंद्र प्रसाद, सूरदयाल चंद्रवंशी, अशोक यादव, रामकुमार सिन्हा, चंद्रभूषण सिंह, मिथिलेश कुमार सहित भाकपा (माले) के कई नेता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

# वेतनमान, पेंशन और अनुदान की मांग को लेकर मगध विश्वविद्यालय में संबद्ध कॉलेज कर्मियों का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** बिहार प्रदेश संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के बैनर तले मंगलवार को मगध विश्वविद्यालय मुख्यालय पर सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने वेतनमान, पेंशन, लंबित अनुदान और अन्य मांगों को लेकर विशाल शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता फैक्टनेब की मगध विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष विजय कुमार मिट्ठू ने की जबकि संचालन प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार गौतम ने किया। धरने को संबोधित करते हुए नवल किशोर शर्मा, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. शत्रुध्न प्रसाद सिंह, बीरेन्द्र प्रसाद सिंह, संजय कुमार, अंजनी कुमार, विकास कुमार, शशि भूषण कुमार, अजित कुमार, उमेश सिंह, रबीन्द्र कुमार, राकेश रंजन, अनिल कुमार सिन्हा, रंजीत भारद्वाज, सुनील कुमार, बृजेश कुमार शर्मा, विश्वनाथ कुमार, डॉ. मनोज कुमार सिंह, संजय कुमार यादव, मुरारी प्रसाद, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, अशोक शर्मा, रामानुज शर्मा, आर. रमन, डॉ. संजय सुधाकर, सरोज कुमार, डॉ. चंद्र भूषण कुमार, नागेन्द्र कुमार, मदन कुमार, निशांत मुन्ना, रौशन कुमार, श्रवण कुमार और भूषण शर्मा ने कहा कि बिहार के लगभग 65 प्रतिशत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने वाले संबद्ध एवं अनुदानित डिग्री कॉलेजों के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी पिछले 40 वर्षों से नियमित वेतनमान और पेंशन की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार ने अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया है। वक्ताओं ने कहा कि 2025 के विधानसभा चुनाव के दौरान तत्कालीन नीतीश सरकार ने अंगीभूत कॉलेजों की तर्ज पर वेतनमान और पेंशन देने की घोषणा करते हुए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित करने की बात कही थी, लेकिन अब तक समिति की बैठक भी नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि डिग्री और इंटर के लगभग आठ सत्रों का अनुदान भी लंबित है, जिससे कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। परीक्षा कॉपियों के मूल्यांकन का पारिश्रमिक भी 25 से 35 प्रतिशत तक टीए और अन्य मदों में कटौती के साथ विलंब से दिया जा रहा है। नेताओं ने मगध विश्वविद्यालय में सीनेट और सिंडिकेट चुनाव, संबद्ध कॉलेजों के शासी निकाय में सचिव, अध्यक्ष, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि और शिक्षक प्रतिनिधि की नियुक्ति शीघ्र कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा छात्राओं की शुल्क प्रतिपूर्ति की बकाया राशि जारी करने तथा भविष्य में यह राशि सीधे छात्रों के बैंक खातों में भेजने की मांग भी उठाई। प्रदर्शन के बाद सात सूत्री मांगों का ज्ञापन राज्यपाल के नाम कुलपति को सौंपा गया। साथ ही 22 जुलाई को पटना में गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य जीवन कुमार के आवास का घेराव कर 20 से 24 जुलाई तक चलने वाले विधानमंडल सत्र में उनकी मांगों को उठाने का दबाव बनाने की घोषणा की गई।

# हर पंचायत में खुलेगा जीविका सुधा बिक्री केंद्र

## आवेदन प्रक्रिया शुरू, महिलाओं को 60 हजार रुपये तक की सहायता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** जीविका एवं कॉम्फेड के संयुक्त प्रयास से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत जिले के सभी 331 पंचायतों में जीविका सुधा बिक्री केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस पहल से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और गांव स्तर पर गुणवत्तापूर्ण डेयरी उत्पादों की उपलब्धता बढ़ेगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका गया आचार्य मम्मट ने बताया कि यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जीविका महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उनकी आत्मनिर्भरता और स्वाबलंबन को मजबूती प्रदान कर रहा है। बिक्री केंद्र भी महिलाओं द्वारा ही संचालित होंगे जिससे उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता के साथ-साथ नेतृत्व का अवसर मिलेगा। युवा पेशेवर पशुधन आतिश कुमार ने जानकारी दी कि प्रत्येक पंचायत से एक महिला का चयन किया जाएगा जो मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की लाभार्थी होगी। चयनित महिलाओं को सरकार की ओर से 60,000 रूपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी जबकि लाभार्थी को 15,000 का अंशदान रूपये करना होगा। कुल निवेश 75,000 रूपये निर्धारित है जिससे डीप फ्रीजर, विजी कूलर, दुकान की ब्रांडिंग, परिवहन सहायता एवं दुकान की मरम्मत/पेंटिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इच्छुक जीविका दीदियां ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। लाभार्थियों का चयन ऑनलाइन रैंडम लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। योजना का लाभ केवल जीविका स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों को मिलेगा। प्रबंधक पशुधन प्रभात कुमार ने बताया कि पात्र जीविका दीदियों को पंचायत में कार्यरत सामुदायिक समन्वयक,क्षेत्रीय समन्वयक अथवा संकुल संघ के कम्युनिटी फैसिलिटेटर आवेदन करने में सहयोग करेंगे। महिलाएं स्वयं भी लिंक पर आवेदन कर सकती हैं। इस योजना से न केवल महिलाओं को आर्थिक अवसर मिलेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर दूध एवं उससे बने उत्पाद जैसे पनीर, दही, आइसक्रीम, मक्खन आदि की उपलब्धता भी बढ़ेगी। जिला परियोजना प्रबंधक ने सभी विषयगत प्रबंधकों, प्रखंड परियोजना प्रबंधकों एवं प्रखंड कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं। संकुल संघों, ग्राम संगठनों एवं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि पंचायतों में अधिक से अधिक महिलाओं का आवेदन प्राप्त हो सके।

# बीडीओ विपुल भारद्वाज को दी गयी विदाई, चंदन कुमार का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच प्रखंड के विवेक मेडिकल एजेंसी के सभागार में मंगलवार को निवर्तमान बीडीओ विपुल भारद्वाज के सम्मान में विदाई सह स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उन्हें रथ पर सवार कर विदाई दी गई। वहीं नवपदस्थापित बीडीओ चंदन कुमार का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम कोंच पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी के सौजन्य से आयोजित किया गया था। अध्यक्षता पैक्स प्रतिनिधि विवेक कुमार ने की। पैक्स अध्यक्ष रिया कुमारी ने कहा कि विपुल भारद्वाज ने कोंच के विकास में अहम भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में पैक्स को मजबूत किया गया और जनकल्याण की कई योजनाएं धरातल पर उतरीं। हम उनके नए कार्यस्थल पर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। नए बीडीओ चंदन कुमार से भी हमें काफी उम्मीदें हैं। हम सभी मिलकर प्रखंड के विकास में सहयोग करेंगे। नए बीडीओ चंदन कुमार ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और आम जनता के सहयोग से विकास कार्यों को गति दी जाएगी। पारदर्शिता के साथ सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता होगी। समारोह के दौरान निवर्तमान बीडीओ विपुल भारद्वाज ने कोंच पैक्स के माइक्रो एटीएम केंद्र का उद्घाटन भी किया।


**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा अनुबंध प्रदान करने हेतु आईआरईपीएस पोर्टल के जरिए वेबसाइट **www.ireps. gov.in** के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। इसका विवरण निम्नानुसार है: **नीलामी की कैटेगरी**: पार्सल जगह (एसएलआर) को लीज पर देना। **ई-ऑक्शन कैटलॉग संख्या : एएसएन-पीएआरसी-240726, नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 24.07.2026 को 12.00 बजे। **ट्रेन नंबर एवं एसएलआर : (1)** 15925 (देवघर-डिब्रूगढ़) एफएसएलआर-1, **(2)** 12361 (आसनसोल जंक्शन-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस) एफएसएलआर-1, **(3)** 22465 (मधुपुर जंक्शन-आनंद विहार टर्मिनल) एफएसएलआर-1, **(4)** 17322 (जसीडीह जंक्शन-वास्को द- गामा) एफएसएलआर-1, सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं को उपर्युक्त सूची के अनुसार उक्त ई-नीलामी के लिए संपूर्ण विवरण एवं भाग लेने हेतु वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखने की सलाह दी जाती है।

ASN-177/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं आमजनों की समस्याएं, समस्याओं का ऑन स्पॉट निवारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालय स्थित कार्यालय में आये अनेकों व्यक्तियों की समस्या को सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 25 से अधिक आमजनों की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को संबंधित प्रकरणों का त्वरित एवं निष्पक्ष निपटारा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है और प्रत्येक विभागीय पदाधिकारी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करें।

# मगध विश्वविद्यालय में 'समर्थ' पोर्टल के सभी मॉड्यूल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उच्चस्तरीय बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के केंद्रीय मन्नु लाल पुस्तकालय स्थित आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ सभागार में आज राजभवन के निर्देशानुसार 'समर्थ' पोर्टल के सभी मॉड्यूलों के चरणबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति दिलीप कुमार केसरी ने की। इस अवसर पर कुलसचिव विनोद कुमार मंगलम, वित्त पदाधिकारी इंद्र कुमार सिंह, डी0 एस डब्ल्यू प्रमोद कुमार चौधरी सहित समर्थ के नोडल पदाधिकारी डॉ मो शमशाद अंसारी, एसोसिएट नोडल पदाधिकारी डॉ एकता वर्मा (संस्कृत विभाग) एवं डॉ विकास मंडल तथा संबंधित नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राजभवन द्वारा निर्देशित समर्थ पोर्टल के विभिन्न मॉड्यूल-प्रवेश, परीक्षा, छात्र पंजीकरण, वित्त, मानव संसाधन, प्रशासन, छात्र सेवाएं, शैक्षणिक प्रबंधन तथा अन्य ई-गवर्नेंस सेवाओं को विश्वविद्यालय में प्रभावी ढंग से लागू करने की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रत्येक मॉड्यूल के सुचारु संचालन हेतु उत्तरदायित्व निर्धारण, समयबद्ध कार्यान्वयन, प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा तकनीकी समन्वय पर विशेष बल दिया गया। कुलपति ने अपने संबोधन में कहा कि समर्थ पोर्टल विश्वविद्यालय प्रशासन को पूर्णतः डिजिटल, पारदर्शी, जवाबदेह एवं छात्र-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं विभागों से समन्वित प्रयास करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी मॉड्यूलों को सफलतापूर्वक लागू करने का आह्वान किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विभिन्न विभागों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी समर्थ पोर्टल की सुविधाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही प्रत्येक मॉड्यूल की नियमित समीक्षा कर कार्यान्वयन की प्रगति पर सतत निगरानी रखी जाएगी। मौके पर विभिन्न विभागों के प्राध्यापको में राहुल, डॉ कविता, डॉ वंदना, डॉ ममता, डॉ इमरान, डॉ सौरभ, डॉ दीपा, डॉ सुमित, डॉ अविनाश आदि इनके सहित नॉन टीचिंग के कई सदस्य उपस्थित थे एवं समर्थ के पांच टीएसए आशीष, मोहित आदि ने अपनी स्थिति उपस्थिति से बैठक को सफल किया।

# चाकूबाजी मामले में नाबालिग आरोपित गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के चेरकी मुख्य मार्ग स्थित दरियापुर के पास हुए चाकूबाजी मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत बाल सुधार गृह भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुरमामा गांव निवासी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पूर्व दरियापुर के समीप एक छात्र पर चाकू से हमला किया गया था जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद घायल छात्र को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए शेरघाटी पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की। जांच के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिले जिसके आधार पर नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया गया। पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उसकी संलिप्तता सामने आने के बाद उसे किशोर न्याय अधिनियम के तहत न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है।

# शेरघाटी में 2700 बोरी यूरिया और 1300 बोरी एनपीके खाद का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बिस्कोमान कृषक सेवा केंद्र में मंगलवार को किसानों के बीच बड़े पैमाने पर उर्वरक का वितरण किया गया। खेती के मौसम को देखते हुए बड़ी संख्या में किसान खाद लेने पहुंचे जहां प्रशासन की निगरानी में व्यवस्थित तरीके से वितरण कराया गया। प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) अम्बुज कुमार सिंह ने बताया कि अब तक किसानों के बीच 2700 बोरी यूरिया तथा 1300 बोरी एनपीके खाद का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों को निर्धारित नियमों के अनुसार खाद उपलब्ध कराई जा रही है और वितरण प्रक्रिया लगातार जारी है। बीएओ ने बताया कि खेती के मौसम में उर्वरक की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। इसी कारण केंद्र पर किसानों की भीड़ अधिक देखी जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने और वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग लिया जा रहा है, ताकि सभी किसानों को बिना किसी परेशानी के खाद उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें और अपनी बारी आने पर ही खाद प्राप्त करें। साथ ही कहा कि विभाग की ओर से उर्वरक की उपलब्धता पर लगातार नजर रखी जा रही है। ताकि किसी किसान को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने भी किसानों से व्यवस्था बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

# गुप्त सूचना पर अंग्रेजी बीयर के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के खिलाफ अभियान में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के लिप गंज चट्टी से एक व्यक्ति को 24 लीटर अंग्रेजी बीयर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय चौधरी, पिता कैलाश चौधरी, निवासी लिप गंज चट्टी के रूप में हुई है। गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध रूप से अंग्रेजी बीयर का भंडारण एवं बिक्री कर रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी की जहां से विभिन्न ब्रांड की कुल 24 लीटर अंग्रेजी बीयर बरामद की गई। पुलिस ने मौके से शराब जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/3/डब्ल्यू-II, दिनांक 10.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं.: टीएन-126-26-27, कार्य का नाम**: वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, सियालदह के अधीन कृष्णनगर-लालगोला खंड में मेन लाइन पर 64.390 किमी (32.368 किमी + 32.022 किमी) के लिए बीसीएम मशीन और डीप स्क्रीनिंग के कार्य के साथ अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 6,17,32,241.34, **बयाना राशि :** रु.12,34,700/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय**: दिनांक 04.08.2026 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि**: 12 (बारह) माह । **निविदा के खुलने की तिथि और समय**: दिनांक 04.08.2026 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-131/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**बिहार सरकार**

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद औरंगाबाद का कार्यालय**

निविदा आमंत्रण की सूचना (ई-टेडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in.)

**निविदा संख्या- NIT No.02/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, औरंगाबाद।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :- दिनांक-10.07.2026
3. परिमाण विपत्र प्राप्त करने की तिथि एवं समय :- दिनांक-21.07.2026 से दिनांक-05.08.2026 के 3:00 बजे (www.eproc2.bihar.gov.in )
4. प्री बीड मीटिंग की तिथि समय एवं स्थान :- 22.07.2026 को समय 3:00 बजे अप0 (स्थान-कार्यालय नगर परिषद, औरंगाबाद)
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि :- दिनांक-05.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न तक (www.eproc2.bihar.gov.in )
6. तकनीकी बीड खोलने की तिथि :- दिनांक-07.08.2026 समय 3:00 बजे अपराह्न
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :- तकनीकी बीड में सफल होने के उपरान्त निर्देशानुसार
8. **कार्य की विवरणी-**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु० में) | अग्रधन की राशि (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2. bihar.gov.in | परिमाण विपत्र का मूल्य (online के माध्यम से) Website:- www.Eproc2. bihar.gov.in | Bid Processing fee (Through Online Payment हेतु प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर परिषद औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत डॉ0 बी0पी0 डी0एस0पी0 आवास होते हुए कुन्नु पाठक के घर तक पथ एवं आर0सी0सी0 नाली निर्माण। | 8837900 | 176800 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |
| 2 | नगर परिषद, औरंगाबाद क्षेत्रान्तर्गत हसौली मोड़ से अदरी नदी (कामा बिगहा मोड़) तक आर0सी0सी0 नाला का निर्माण कार्य। | 8425000 | 168500 | 10000 | As Per EPROC2 | 4 माह |

नोटः- Bidders Should submit Bid Processing fee thorugh Online Payment as per Amount generated on Website www.eproc2.bihar.gov.in

1. विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** मे देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी,**
**नगर परिषद् औरंगाबाद**

**PR. No. 007757 (B&C) 2026-27**

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संपादकीय

# नरोत्तम के बहाने संदेश

मध्यप्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा द्वारा अपने दिग्गज नेता, पिछला विस चुनाव हारे तथा इस बार मंत्री पद की शपथ लेने का मंसूबा पाले डॉ. नरोत्तम मिश्रा को दरकिनार कर एक दूसरे ब्राह्मण और युवा नेता आशु तोष तिवारी को टिकट देकर न केवल नरोत्तम मिश्रा बल्कि पार्टी के उन तमाम साठ पार नेताओं को बड़ा संदेश दे दिया है कि वो अब बोरिया? बिस्तर बांधने की तैयारी कर लें। भाजपा में पिछले साल पीढ़ी परिवर्तन ( दो शीर्ष नेताओं को छोड़कर ) का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वो अब उपचुनावों में प्रत्या?शी चयन में पल्लवित होता? दिखाई दे रहा है। हालांकि आशुतोष तिवारी को टिकट देने की खबर सुनकर दतिया में नरोत्तम समर्थकों ने 12 घंटे तक बवाल मचाया, हिंसा और आगजनी की, लेकिन पार्टी आला कमान के सख्त तेवरों के आगे उसकी सुदर्शन छवि की भी एक न चली। झक मारकर नरोत्तम को आशुतोष का समर्थन करने का ऐलान करना पड़ा। वैसे अंदरखाने नरोत्तम का टिकट कटवाने के पीछे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की भूमिका पर सवाल उठ रहा है। क्योंकि ऐसा होने से जहां प्रदेश में एक और सत्ता केन्द्र उभरने की संभावना की भ्रूण हत्या हो गई और अगर भाजपा यह उपचुनाव हारी तो भीतरघात का संशय नरोत्तम पर ही जाएगा। यानी एक तीर से दो शिकार वाली स्थिति है। कुल मिलाकर हरदम चमकता चेहरा लेकर घूमने वाले नरोत्तम की राजनीति का यह दि एंड हो सकता है।

विडंबना यह है कि नरोत्तम किसी जमाने में खुद को राज्य का सबसे बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में स्थापित करने में लगे थे। दरअसल नरोत्तम मिश्रा दतिया में आयातित नेता हैं। वो मूलतः ग्वालियर के हैं और शुरू में डबरा विधानसभा सीट से जीतते रहे हैं। परिसीमन में जब डबरा सीट आरक्षित हो गई तो नरोत्तम दतिया इसलिए चले आए, क्योंकि यह अनारक्षित होने के साथ-साथ यहां ब्राह्मण वोटरों की संख्या काफी है। धीरे-धीरे नरोत्तम ने यहां अपनी सल्तनत कायम कर ली। उसी अनुपात में वो लोगों के बीच अलोकप्रिय भी होते गए। नतीजा यह हुआ कि 2023 में जब पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर चल रही थी, नरोत्तम पौने 8 हजार वोटों से अपनी सीट कांग्रेस के राजेन्द्र भारती के हाथों गवां बैठे।

नरोत्तम का ?िटकट क्यों कटा, इसको लेकर कई तरह की थ्योरियां हैं। पहला तो यह कि पार्टी की राज्य इकाई ने नरोत्तम के इसरार पर उपचुनाव के लिए एक ही नाम आला कमान को भेजा था, लेकिन आला कमान ने अपने स्तर पर अलग से फीड बैक लिया और पाया कि नरोत्तम पे दांव लगाना जोखिम भरा है। अर्थात उनके प्रति आम जनता में नाराजी अभी भी कम नहीं हुई है। मप्र में इस वक्त जिन नेताओं के हाथ में कमान है, उनमें कतिपय अपवाद को छोड़ दें तो ज्यादातर साठ के आसपास या उससे कम उम्र के ही हैं। सत्तर की ?टच लाइन को छूने या पार करने वालों के लिए साफ संदेश है कि वो नए लोगों के लिए सिंहासन खाली करें, मुख्यमंत्री पद की ख्वाहिश पालना तो बहुत दूर की बात है। ऐसे लोग चाहिए जो पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष 45 वर्षीय नितिन नबीन को बेझिझक 'सर' कह सकें। लेकिन तीन दशकों से राजनीति में रचे पगे नरोत्तम के लिए 'रिटायरमेंट' की जिंदगी जीना मुश्किल है। जिस तरह उनके समर्थकों ने दतिया में बवाल काटा, उसके बाद संगठन में उनके पुनर्वास की संभावना पर भी पत्थर पड़ गए हैं। दूसरे, अपने पुत्र को राजनीति में आगे बढ़ाने की योजना का रायता भी फैलता दिख रहा है। अब देखना यह है कि बात कितनी दूर तलक जाती है।

# दुर्घटनाओं के लिये शासन जिम्मेदार...

**जून 2026 दिल्ली के मालवीय नगर इलाके के एक होटल में आगजनी की घटना में लगभग 21 लोगों के मरने की खबर है। इनमें विदेशी नागरिक भी थे जो इलाज के लिये साकेत के मेक्स हॉस्पिटल में आये थे तथा अग्निकांड के शिकार हो गये। एक श्री राधेश्याम अग्रवाल जो मैक्स में इलाज के लिए भर्ती थे उनके परिजन उनको देखने आये थे, उनमें से 8 लोगों की जलकर मौत हो गई। जैसा होता है कि सरकार ने जांच कमेटी बनाई, जांच होगी, कुछ सिफारिशें होंगी और फिर अतीत की पुनरूवृत्ति होगी। ऐसा प्रतीत होता है कि जब तक मीडिया किसी खबर को जिंदा रखता है तब तक वह खबर जिंदा रहती है और मीडिया के मुख्य पृष्ठों से ओझल होने के बाद जनता उसे भूल जाती है। आम जनता का स्मृति दोष क्यों है यह यक्ष प्रश्न है। जिसका कोई उत्तर अभी तक मुझे नहीं मिला है।**

**रघु ठाकुर**



आजादी के पहले जब जलियावाला कांड हुआ था और ब्रिटिश जनरल डायर ने जलियावाला बाग में निर्दोष लोगों को गोली से मरवाया था तब वह समाचार मीडिया में कुछ दिन रहा परंतु मीडिया के मुख्य पृष्ठों से हटने के बाद भी देश के लोगों के दिलों-दिमाग पर गहरा असर रहा, जिसके चलते शहीद ऊधम सिंह ने लंदन में जाकर उस घटना का बदला लिया था। इसी प्रकार साइमन कमीशन का विरोध करते हुए लाला लाजपतराय पर लाठियाँ पड़ी व वह मौत के शिकार हुए, उनकी मौत को देश ने याद रखा और शहीद भगत सिंह ने उसका प्रतिशोध लिया। निसंदेह यह घटनायें आजादी के आंदोलन की थी। इसलिये इनका अलग महत्व व भाव है। मैं उनकी तुलना नहीं कर रहा हूँ, न करना चाहता हूँ, मैं तो इन कारणों को खोजना चाहता हूँ कि ऐसी कितनी घटनायें देश में हुई हैं और जिन्हें अलग काल में देश ने भुला दिया। देश की पटाखा कंपनियों में आग लगने से पिछले डेढ़-दो दशक में मरने वालों की संख्या 100 से अधिक है। मप्र के धार में, हरदा में और हाल ही में देवास में पटाखा कंपनियों में घटना घटित हुई और बड़ी संख्या में लोग मारे गये। इसी प्रकार कुछ दिनों पूर्व तमिलनाडु के शिवकाशी में जो देश का पटाखा बनाने का सबसे बड़ा केंद्र है, में विस्फोट हुआ था जिसमें अनेक लोग मारे गये थे। इसी प्रकार अस्पतालों में, होटलों में, सार्वजनिक स्थलों पर आग लगने की बड़ी-बड़ी घटनायें पिछले दिनों मीडिया की प्रमुख खबरों में रही और कुछ दिनों बाद जन स्मृति में विलुप्त हो गईं।

मैं मानता हूँ कि ये घटनायें सत्ता या व्यवस्था के प्रतिरोध में नहीं हुई हैं, परंतु ये घटनायें व्यवस्था की असफलता, और कुशासन और भ्रष्टाचार के परिणाम हैं। मालवीय नगर की घटना में दिल्ली नगर निगम ने होटल के मालिक श्री लवकेश बजाज को मात्र 6 कमरों को बनाने की अनुमति दी थी, परंतु यह 25 कमरे कैसे बन गये। दिल्ली का नगर निगम सरकार, दिल्ली सरकार का प्रशासन क्या इससे अनजान थे। जहां तक मैं समझता हूँ कि निगम से लेकर सरकार तक को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष जानकारियां रहती हैं, इसका प्रमाण इस बात से मिलता है कि होटल में आग लगने की सूचना के बाद श्री लवकेश बजाज वहां से निकले, वे रूके भी नहीं। बाद में मीडिया को बयान देते हुए कहा कि मैं रूका नहीं क्योंकि मैं डर गया था। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में यह सब चलता है। वह एक पंक्ति दिल्ली और देश की व्यवस्था को नंगा कर देती है। एक नागरिक के मन में यह आमधारणा है कि हमें धन कमाना है और उसके लिये नियमों के पालन की कोई जरूरत नहीं है, नियम तो केवल कागज पर लिखने के लिये होते हैं। बकाया व्यवस्था व कामकाज तो रिश्वत से चलते हैं। कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में ही, कई जर्जर मकान गिरे जिनमें अनेकों मौतें हुई। यह कानून है कि जो मकान जर्जर है, निगम को मकान मालिक को नोटिस देना चाहिए कि वह इसे गिराये और यदि वह नहीं गिराते हैं तो निगम को उसे गिराने का अधिकार दिया गया है। परंतु इतने भवनों के गिरने व मौतों के बाद किसी भी राजनैतिक सत्ताधीश की कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई कि इन जर्जर मकानों की पहचान क्यों नहीं की गई, इन्हें गिराया क्यों नहीं गया और इसके पीछे किन अधिकारियों, राजनेता का आदेश या सिफारिश थी, किसी को भी जिम्मेवार नहीं ठहराया गया। आज भी दिल्ली में हजारों ऐसे मकान हैं जो जर्जर हैं, छोड़ देने के योग्य हैं, परंतु नीचे से लेकर ऊपर तक भ्रष्टाचार हर अपराध का संरक्षक बन गया है। यह स्थिति अकेले दिल्ली की नहीं है बल्कि देश के मेट्रोपोलिटिन सिटी और महानगरों लगभग हर नगर की है। बम्बई में पुरानी चालों के गिरने की खबर आई हैं जिनमें लोगों की मौत हुई है। यह नियम है कि निश्चित अवधि के बाद पुराने भवनों का या तो जिर्णोद्धार या पुनरू निर्माण होना चाहिये। श्री लवकेश बजाज ने बता दिया है कि दिल्ली में यह सब चलता है इसमें अंतरनिहित है कि देश में सब चलता है। दिल्ली के मालवीय नगर की घटना ने जो समाचार अखबारों में आये थे, उनमें बताया गया था कि अग्नि शामक यंत्र तो थे ही नहीं, निकलने का रास्ता भी नहीं था। यहां तक कि छतों के दरवाजे बंद थे, कोई केन्टीन नहीं थी और कमरों में ही खाना पकाने के हीटर आदि रख दिये गये थे। लवकेश बजाज ने यह भी कहा था कि हमने 6 कमरों से बढ़ाकर 25 इसलिये किये थे क्योंकि अच्छा मुनाफा मिल रहा था। उसे अपनी गलती पर कोई पश्चाताप नहीं था। एक मरीज राधेश्याम अग्रवाल जो मैक्स में भर्ती थे, उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिये उनके परिवार के आठ लोग आये थे और वह आठों मौत के शिकार हो गये। इस दुख में बेटा, बेटी, बहू उनके बेटे-बच्चे, उनकी पत्नी, जब सब जलकर खत्म हो गये तो उनकी खुद की भी मौत हो गई, क्योंकि वह इस दुख को बर्दाश्त नहीं कर सके। आग लगने की जानकारी मिलते ही आसपास के मुस्लिम भाईयों और नौजवानों ने जिस साहस व मानवता का परिचय दिया वह भुलाया नहीं जा सकता। जिन मुस्लिम भाईयों की दुकानें आसपास थीं उनमें कुछ टेंट वाले भी थे, उन्होंने अपनी दुकानों के सारे गद्दे नीचे सड़क पर बिछा दिये ताकि होटल में आग से घिरे लोग अपनी जान बचा सकें। एक मुस्लिम भाई ने तो जलती सलाकों के बीच उन्हें तोड़कर लोगों को बचाया। अनेक मुस्लिम नौजवानों ने आग से बेहोश और मृत्यु की ओर जा रहे घायलों को कृत्रिम सांस देकर बचाया। दिल्ली पुलिस के जवानों की प्रशंसा करना पड़ेगी कि उन्होंने भी अनेक लोगों की जान बचाई, इन्हें कृत्रिम सांस दी और आग से निकाला।

देश के हिंदु संगठनों और आरएसएस के मुखियाओं को अवश्य इस पर विचार करना चाहिये कि जब मालवीय नगर में यह मानवीय संकट आया तो मुसलमानों ने हिंदु की रक्षा की और श्री लवकेश बजाज कार में बैठकर सामने से यह कहते हुए निकल गए कि मैं डर गया था। मैं ना सारे हिंदुओं को दोष देता हूँ और न सारे मुसलमान भाईयों की प्रशंसा कर रहा हूं। मेरा कहना यही है कि हर धर्म में अच्छे व बुरे लोग होते हैं इसलिये किसी कौम को संपूर्ण रूप से बुरा नहीं कहना चाहिये। मानव के प्रति आस्था और विश्वास किया जाना चाहिये। अगर सारे हिंदु अच्छे होते तो क्या श्री लवकेश बजाज अपने अपराधों के चलते होटल में जल रहे लोगों को देखता हुआ कार से चला जाता, जलकर मरने वालों में अधिकांश हिंदु ही हैं। यह भी श्री बजाज जानते होंगे कि उनकी होटल में ठहरने वाले कौन लोग हैं, उनके होटल के मैनेजर भी हिंदु ही थे और उन्होंने भी इतनी भयाभय घटना के बाद इंसानों को बचाने के लिये कुछ नहीं किया। इस कांड को लेकर राजनैतिक आरोप प्रत्यारोप शुरू हुए हैं कि होटल की अनुमति किसने दी, कौन गुनाहगार हैं, अब इन बातों से क्या होने वाला है। गुनाहगार परमीशन देने वाला नहीं है बल्कि बगैर परमीशन के 19 अतिरिक्त बनाने देने की अघोषित परमीशन देने वाले असली अपराधी हैं। पुलिस ने श्री लवकेश बजाज के खिलाफ निरूद्देश्य हत्या का मामला दर्ज किया है और बजाज ने सार्वजनिक बयान दिया है कि मैं होटल का मालिक हूँ, सारा होटल का कामकाज, प्रबंधन, निर्माण, कोई जय मिश्रा बतौर प्रबंधक देखते थे, याने कानून के पंजों से हो सकता है कि श्री बजाज भी बच जायें। आखिर इन 21 मौतों का जो एक अर्थ में क्रूर हत्यायें हैं, का जिम्मेदार कौन है?

अध्यात्म

## कर्म कैसे फल देता है?



एक दिन एक राजा ने अपने तीन मन्त्रियो को दरबार में बुलाया, और तीनो को आज्ञा दी कि एक एक थैला ले कर बगीचे में जाएं और वहाँ से अच्छे-अच्छे फल जमा करें।

तीनो अलग-अलग बाग में प्रविष्ट हो गए..

पहले मन्त्री ने प्रयास किया कि राजा के लिए उसकी पसंद के अच्छे-अच्छे तथा स्वादिष्ट फल जमा किए जाएँ, उसने काफी मेहनत के बाद बढ़िया और ताजा फलों से थैला भर लिया।

दूसरे मन्त्री ने सोचा राजा हर फल का परीक्षण तो करेगा नहीं, इस लिए उसने जल्दी-जल्दी थैला भरने में ताजा, कच्चे, गले सड़े फल भी थैले में भर लिए।

तीसरे मन्त्री ने सोचा राजा को तो सिर्फ भरे हुए थैले से ही मतलब होगा वो खोल कर देखेगा भी नहीं कि इसमें क्या है, उसने समय बचाने के लिए जल्दी-जल्दी इसमें घास, और पत्ते भर लिए और अपना समय बचाया।

दूसरे दिन राजा ने तीनों मन्त्रियो को उनके थैलों के साथ दरबार में बुलाया और उनके थैले खोल कर भी नहीं देखे और आज्ञा दी कि तीनों को उनके थैलों समेत दूर स्थान के एक जेल में 15 दिन के लिए कैद कर दिया जाए।

अब जेल में उनके पास खाने पीने को कुछ भी नहीं था सिवाए उन फल से भरे थैलों के, तो जिस मन्त्री ने अच्छे-अच्छे फल जमा किये वो तो आनंद से खाता रहा और 15 दिन व्यतीत हो गए।

फिर दूसरा मन्त्री जिसने ताजा, कच्चे गले सड़े फल जमा किये थे, वह कुछ दिन तो ताजा फल खाता रहा फिर उसे सड़े फल खाने पड़े, जिस से वो बीमार होगया और बहुत कष्ट उठाने पड़े।

और तीसरा मन्त्री जिसने थैले में सिर्फ घास और पत्ते जमा किये थे वो कुछ ही दिनों में भूख से मर गया।

अब आप अपने आप से पूछिये कि आप क्या जमा कर रहे हो? आप इस समय जीवन के बाग में हैं, जहाँ चाहें तो अच्छे कर्म जमा करें, चाहें तो बुरे कर्म, मगर याद रहे जो आप जमा करेंगे वही आपको जन्मों-जन्मों तक काम आयेगा।

# क्या स्वच्छ हवा की राह इलेक्ट्रिक होगी?

**लगभग डेढ़ दशक पहले बीजिंग दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में था। तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि वही शहर आज इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का वैश्विक उदाहरण बन जाएगा। चीन सरकार ने शहरी परिवहन में इलेक्ट्रिक बसों व टैक्सियों का बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया। इससे वायु गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ, हालाँकि प्रदूषण पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ। दिल्ली आज बहुस्तरीय प्रदूषण संकट से जूझ रही है।**

**अरुण कुमार डनायक**

सर्दियों में धीमी हवाओं और तापमान उलटाव से जहरीली हवा फँस जाती है। वाहनों का दबाव, निर्माण व औद्योगिक धूल, पराली जलाने का धुआँ और कचरा/बायोमास दहन प्रदूषण को और गहरा करते हैं। आसपास के कोयला आधारित बिजलीघर और मथुरा रिफायनरी से निकलने वाले सल्फर डाइऑक्साइड व नाइट्रोजन ऑक्साइड भी वायु गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। इन सबके संयुक्त प्रभाव से सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गंभीर संकट खड़ा होता है और सरकारों के सामने ऊर्जा संक्रमण, क्षेत्रीय सहयोग तथा शहरी परिवहन सुधार जैसी चुनौतियाँ उपस्थित होती हैं। इन परिस्थितियों के बीच दिल्ली सरकार द्वारा अधिसूचित नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2026 केवल परिवहन नीति नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा संक्रमण की दिशा में एक महत्वाकांक्षी पहल के रूप में सामने आई है।

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की यात्रा केवल राज्यों की पहल तक सीमित नहीं रही। केंद्र सरकार ने 2015 में फेम इंडिया योजना शुरू की, जिसे बाद में फेम-द्धद्ध के रूप में विस्तारित किया गया।अनुदान, बैटरी निर्माण, चार्जिंग अवसंरचना तथा पीएम ई-ड्राइव जैसी पहलों के माध्यम से केंद्र सरकार ने केवल वाहन खरीद ही नहीं बल्कि पूरे ईवी पारितंत्र को विकसित करने का प्रयास किया है। राष्ट्रीय प्रयासों के समानांतर अनेक राज्यों ने अपनी-अपनी इलेक्ट्रिक वाहन नीतियाँ बनाई हैं। दिल्ली के साथ साथ, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, केरल, हरियाणा और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों ने ऐसी नीतियाँ लागू कीं, जिससे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता घटे, प्रदूषण कम हो और हरित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिले। दिल्ली ने वर्ष 2020 में देश की सबसे प्रगतिशील इलेक्ट्रिक वाहन नीतियों में से एक लागू की थी, जिसका आधार प्रोत्साहन था। खरीद पर सब्सिडी, सड़क कर एवं पंजीकरण शुल्क में छूट, चार्जिंग स्टेशनों का विस्तार और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को स्वेच्छा से इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ कि दिल्ली देश के सबसे तेज़ी से बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन बाज़ारों में शामिल हो गई, विशेषकर दोपहिया वाहनों और ई-रिक्शा के क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष 2026 की नई नीति इसी यात्रा का अगला चरण है। यदि 2020 की नीति को 'प्रोत्साहन आधारित नीति' कहा जाए, तो 2026 की नीति 'समयबद्ध परिवर्तन आधारित नीति' है। अब सरकार केवल रियायतें देकर लोगों की स्वैच्छिक भागीदारी पर निर्भर नहीं रहना चाहती, बल्कि स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित कर चरणबद्ध रूप से पेट्रोल और सीएनजी वाहनों से इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर संक्रमण सुनिश्चित करना चाहती है। इसी उद्देश्य से 1 जनवरी 2027 से केवल इलेक्ट्रिक ऑटो-रिक्शा तथा 1 अप्रैल 2028 से केवल इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के नए पंजीकरण का प्रावधान किया गया है। यही गुणात्मक परिवर्तन नई नीति को



2020 की नीति से अधिक साहसिक, स्पष्ट और दूरगामी बनाता है।

यद्यपि नई नीति में इलेक्ट्रिक कारों की खरीद पर भी कर एवं पंजीकरण शुल्क में छूट सहित विभिन्न प्रोत्साहनों का प्रावधान है, फिर भी सरकार का मुख्य जोर दोपहिया वाहनों के विद्युतीकरण पर है, क्योंकि दिल्ली के लगभग दो-तिहाई पंजीकृत वाहन इसी श्रेणी के हैं। इनके विद्युतीकरण से वायु प्रदूषण, ईंधन खपत और कार्बन उत्सर्जन में सबसे अधिक कमी लाई जा सकती है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी केवल पर्यावरणीय परियोजना नहीं, बल्कि औद्योगिक नीति भी है। बैटरी निर्माण, सॉफ्टवेयर, चार्जिंग नेटवर्क, बिजली वितरण, ऑटोमोबाइल विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में लाखों नए रोजगार सृजित हो सकते हैं। यदि भारत इस क्षेत्र में समय रहते निवेश करता है तो वह वैश्विक ईवी आपूर्ति श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकता है। परंतु किसी भी नीति की सफलता केवल उसकी घोषणा से नहीं, बल्कि उसके क्रियान्वयन से तय होती है। दिल्ली की नई नीति के सामने अनेक चुनौतियाँ भी हैं। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की सबसे बड़ी चुनौती चार्जिंग अवसंरचना है–लाखों नए ईवी सड़कों पर आने वाले हैं, जबकि मौजूदा नेटवर्क अभी भी अपर्याप्त है। दूसरी चुनौती बिजली वितरण व्यवस्था की है, जिसे बढ़ती मांग के अनुरूप सुदृढ़ करना होगा। तीसरी चुनौती बैटरी आपूर्ति श्रृंखला की है, क्योंकि भारत लिथियम और अन्य महत्त्वपूर्ण खनिजों के लिए चीन जैसे देशों पर निर्भर है; यदि संबंधों में खटास आती है तो आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसलिए भारत को लिथियम, कोबाल्ट तथा दुर्लभ खनिजों के वैकल्पिक स्रोत विकसित करना भी उतना ही आवश्यक है । चौथी चुनौती बैटरी रीसाइक्लिंग की है, अन्यथा प्रदूषण का नया स्रोत पैदा होगा। उपभोक्ताओं के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की दूरी भी अहम प्रश्न है–हालाँकि शुरुआती मॉडलों की सीमा 50 किमी थी, आज अधिकांश स्कूटर 120ङ्क160 किमी तक चल सकते हैं, जो दिल्ली जैसे महानगर में दैनिक यात्रा के लिए पर्याप्त है। इसके बावजूद कीमत, सर्विस नेटवर्क, प्रशिक्षित तकनीशियन और उपभोक्ता विश्वास जैसी व्यावहारिक चुनौतियाँ बनी हुई हैं। साथ ही, जब तक बिजली उत्पादन नवाचारी स्रोतों से नहीं बढ़ेगा, ईवी का पर्यावरणीय लाभ सीमित रहेगा।

यह भी ध्यान रखना होगा कि दिल्ली का वायु प्रदूषण केवल वाहनों से नहीं होता। पराली जलाना, निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल, औद्योगिक गतिविधियाँ तथा पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रदूषक भी इसमें बड़ी भूमिका निभाते हैं। इसलिए केवल इलेक्ट्रिक वाहन नीति से समस्या का पूर्ण समाधान नहीं होगा। इसे सार्वजनिक परिवहन के विस्तार, मेट्रो, बसों, साइकिल मार्गों, हरित ऊर्जा और समग्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन के साथ जोड़कर ही अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। नीति की सफलता के लिए सख़्त प्रशासनिक निगरानी आवश्यक है, क्योंकि निचले स्तर की लापरवाही, भ्रष्टाचार और उच्चाधिकारियों की अनदेखी अक्सर क्रियान्वयन को कमजोर कर देती है।

फिर भी यह स्वीकार करना होगा कि दिल्ली की नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति भारत में हरित परिवहन की दिशा में एक साहसिक और दूरदर्शी कदम है। यदि बीजिंग अपने कठिन अनुभवों से सीख लेकर प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में आगे बढ़ सकता है, तो दिल्ली भी सुविचारित नीतियों, मजबूत आधारभूत ढाँचे और प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से स्वच्छ परिवहन की नई मिसाल बन सकती है। यह नीति केवल वाहनों को बदलने की योजना नहीं है; यह ऊर्जा, पर्यावरण और शहरी जीवन शैली के व्यापक परिवर्तन का आरंभ है। इसकी सफलता अंततः इस बात पर निर्भर करेगी कि सरकार, उद्योग और नागरिक–तीनों इस परिवर्तन को कितनी गंभीरता से स्वीकार करते हैं।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
घर की आन्तरिक सजावट में कुछ बदलाव करेंगे। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी।

**वृषभ**
अपने हितों और अधिकारों के प्रति सावधान रहें। मन में नये कार्यों को लेकर भरपूर उत्साह रहेगा। पाचन क्रिया को लेकर परेशानी होगी।

**मिथुन**
बातचीत के दौरान आप संयमित रहने का प्रयास करें। पैतृक सम्पत्ति के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। सामाजिक कार्यक्रम में आपको सम्मान मिल सकता है।

**कर्क**
सन्तान को परीक्षा में सफलता मिल सकती है। कानूनी मामलों में आप भाग्यशाली रहेंगे। व्यापारिक साझेदारों से सम्बन्ध खराब न हों, इसका ध्यान रखें।

**सिंह**
पारिवारिक जीवन में शान्ति का वातावरण रहेगा। सभी काम सरलता से पूर्ण होंगे। बौद्धिक कार्यों में आप अत्यधिक रुचि लेंगे।

**कन्या**
कारोबार में आपको बड़ी योजना बनानी पड़ सकती है। दोस्तों के साथ हँसी-मजाक का समय बितायेंगे। आय के नये स्रोत विकसित होंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपके प्रदर्शन पर नजर रखेंगे। अधूरे कार्य छूटने के कारण मन व्यथित रहेगा। आप अपने किसी परिजन पर नाराज भी हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में मेहनत का लाभ नहीं उठा पायेंगे। वैवाहिक सम्बन्धों में तनाव हो सकता है। अनावश्यक व्यय पर आपको नियन्त्रण रखना चाहिये।

**धनु**
पारिवारिक व्यवसाय में आप बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज मित्रों से आपको महत्वपूर्ण सूचना मिल सकती है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। बच्चों के करियर में आ रही बाधा दूर होगी।

**मकर**
नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। अपने निजी कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भरता कम करें। मित्रों के व्यवहार से मन में निराशा उत्पन्न होगी। प्रेमीजन के साथ पर्यटन के लिये जा सकते हैं।

**कुंभ**
अपनी दिनचर्या को सन्तुलित रखें। सम्पत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको सावधानी रखनी चाहिये। आज आपको आलस्य एवं प्रमाद का त्याग करना चाहिये।

**मीन**
स्वभाव में कुछ चिड़चिड़ापन हो सकता है। यात्रा काफी बेहतरीन रहेगी। व्यापार में बड़े बदलाव का विचार बना सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नये बीडीओ आनंद प्रकाश का स्वागत



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** घोसवरी प्रखंड सभागार में सोमवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी अरविंद कुमार को भावभीनी विदाई दी गयी और नये बीडीओ आनंद प्रकाश का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।प्रखंड के अधिकारियों, कर्मियों, जन प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नये प्रखंड विकास पदाधिकारी आनंद प्रकाश को फूल-माला और चादर देकर सम्मानित किया। आनंद प्रकाश इससे पहले सीतामढ़ी जिले के नानपुर प्रखंड में बीडीओ के पद पर तैनात थे। सोमवार को उन्होंने घोसवरी में पदभार ग्रहण किया। अरविंद कुमार को चादर, हॉकी स्टिक और फूल-माला पहनाकर विदाई दी गयी। उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल की जमकर सराहना की। कहा कि बीडीओ रहते हुए अरविंद कुमार ने घोसवरी के विकास में मील का पत्थर स्थापित किया है। घोसवरी की जनता के दिल में उनके लिए हमेशा सम्मान बना रहेगा।इस अवसर पर बीपीआरओ समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कचरा मोहल्ले में जले मोटर की मरम्मत



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा नगर परिषद के कचरा मोहल्ले स्थित पानी टंकी का जला मोटर 9 दिनों के बाद मंगलवार शाम तकनीकी टीम ने दुरुस्त कर दिया।बुधवार सुबह से प्रभावित वार्ड नंबर 1, 2, 3, 6, 7, 8 और 9 में पेयजल आपूर्ति फिर से शुरू हो जाएगी।नवबिहार टाइम्स ने शुक्रवार के अंक में पानी टंकी के मोटर जलने से हो रही परेशानी को प्रमुखता से उठाया था। खबर प्रकाशित होने के बाद नगर सभापति नीलेश कुमार ने मामले का कड़ा संज्ञान लिया और तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए।तकनीकी टीम के भैरव गिरी और संजीव कुमार ने सोमवार को ही जले मोटर को ठीक कर दिया। मोटर बनने से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। वार्ड पार्षद शोएब खान ने नगर परिषद के त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

### नप के कार्यपालक पदाधिकारी ने संभाली कमान



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रशासनिक दक्षता को और सुदृढ़ करते हुए, दानापुर के एसडीएम अनिरुद्ध पांडे ने अब दोहरी जिम्मेदारी संभाल ली है। एसडीएम पद के दायित्वों के साथ-साथ, उन्होंने मंगलवार को दानापुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में भी विधिवत प्रभार ग्रहण कर लिया है। निवर्तमान कार्यपालक पदाधिकारी पंकज कुमार ने उन्हें पदभार सौंपा। इस निर्णय से प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय और निर्णय लेने की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है। अब अनिरुद्ध पांडे एक साथ अनुमंडल प्रशासन और नगर परिषद के विकास कार्यों का नेतृत्व करेंगे।

### जुआ खेलते और शराब पार्टी करते 17 गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के राम जानकी मंदिर गोला पर एक मकान में शराब के साथ जुआ खेलते 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ अमरेंद्र कुमार झा ने बताया कि विगत रात्रि में पुलिस को गुप्त सूचना मिली की रामजानकी मंदिर गोला पर के पास एक मकान में 15-20 व्यक्तियों के द्वारा बृहद् पैमान पर जुआ खेला जा रहा है एवं शराब पार्टी कर रहे है। प्राप्त सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष दानापुर पटना के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के क्रम रामजानकी मंदिर गोला पर के पास एक मकान से जुआ खेलते एवं शराब पार्टी करते हुये कुल 17 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा घटनास्थल से कुल 17 मोबाईल, 19900 रूपया एवं 131 तास का पती नोट पेड डायरी, 180 एम०एल का एक अंग्रेजी शराब का बोतल एवं एक 180 एम०एल का एक अंग्रेजी शराब का खाली बोतल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि सभी आरोपितों पर मामला दर्ज कर विधि-सम्मत कारवाई किया जा रहा है।



### मोकामा में गंगा का कटाव जारी

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा घाट से औटा तक गंगा किनारे कटाव का सिलसिला मंगलवार को भी नहीं थमा। बचाव के नाम पर मंगलवार को भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है।औटा पंचायत का गंगा घाट सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां मंगलवार को 5 से 10 फीट तक जमीन गंगा में समा गई।जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता एजाज कलीम के अनुसार सीआरपीएफ और विभागीय अधिकारियों से चर्चा चल रही है। जल्द बचाव कार्य शुरू करने की बात कही गई है।अन्य अधिकारियों ने कहा था कि सोमवार से स्लोप बनाकर सैंड बैग लगाने का काम शुरू होगा, लेकिन जमीन पर कुछ नहीं दिखा।लगातार हो रहे कटाव से लोग डरे हुए हैं। आवासीय क्षेत्र तक खतरा बढ़ने से ग्रामीण दिन-रात गंगा किनारे नजर रख रहे हैं।रविवार को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था, लेकिन सोमवार तक काम शुरू नहीं हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि अधिकारी "हाथ पर हाथ धरे" बैठे हैं और रिहायशी इलाके के कटने का इंतजार कर रहे हैं।



### टीबी मरीजों की खोज के लिए हाउस-टू-हाउस सर्वे शुरू

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में सोमवार से टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग के लिए हाउस-टू-हाउस सर्वे शुरू कर दिया गया है। यह अभियान 14 अगस्त तक चलेगा। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि पीएचसी के अंतर्गत सभी एएनएम, आशा, बीसीएम और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की अलग-अलग टीम गठित की गई है। ये टीमें मसौढ़ी प्रखंड के सभी पंचायतों के गांव-गांव में जाकर लोगों की स्क्रीनिंग कर रही हैं। टीम घर-घर जाकर 2 सप्ताह से अधिक समय से खांसी, वजन घटना, बुखार और रात में पसीना आने जैसे लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर रही है। संदिग्ध मरीजों का थूक जांच के लिए सैंपल लेकर उसे जांच केंद्र भेजा जा रहा है। साथ ही लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव और निःशुल्क इलाज के बारे में जागरूक भी किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि छिपे हुए टीबी मरीजों को चिन्हित कर उनका समय पर इलाज शुरू किया जा सके। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि सर्वे टीम को सहयोग करें और लक्षण दिखने पर तुरंत जांच कराएं।

### 20 पुलिस जवानों को एएसआई पद की जिम्मेदारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को अधीक्षक कार्यालय में आयोजित पाइपिग समारोह में पीटीसी (पुलिस ट्रेनिंग कोर्स) परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) के पद पर प्रोन्नत 20 पीटीसी जवान को पुलिस सहायक अवर निरीक्षक के पद पर पदोन्नति उपरांत उनके कंधों पर एक सितारा लगाकर अलंकृत किया गया।इस अवसर पर एसपी शुभांग मिश्रा ने पदोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उन्हें पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, प्राथमिकी दर्ज

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के महाबलीपुर गांव में चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित विकास कुमार, पिता निरंजन सिंह, ने इस संबंध में पालीगंज थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में विकास कुमार ने बताया है कि उनके घर के पास खड़ी हीरो होंडा साइन मोटरसाइकिल को अज्ञात चोर चुरा ले गए। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने पालीगंज थाने में लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में पालीगंज पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# मसौढ़ी में बीजेपी के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का अभिनंदन

## संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संभव : संजीव चौरसिया





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के सम्राट अशोक भवन सभागार में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों के सम्मान में कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार विधानसभा के बिहार विधानसभा के मुख्य सचेतक सह दिघा विधायक संजीव चौरसिया एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष रंजन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष धनरूआ सतीश यादव ने की, कार्यक्रम में पार्टी के कोने-कोने से आए नवगठित पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। समागम में उपस्थित नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को फूल-माला और अंगवस्त्र देकर अभिनंदन किया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के समर्पण से ही संभव है। उन्होंने आगामी चुनावों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाएगा। बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर जनता के बीच सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।इस दौरान कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। सभी ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को विस्तार देने का संकल्प लिया। समागम में महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर राकेश कुमार, विजय यादव, ओम प्रकाश यादव,निरज शर्मा, संजय केसरी, माधुरी सिंन्हा, सुनीता देवी,अभिमन्यु पटेल, अजय कुमार, समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ राष्ट्रगान हुआ।

# ए. एन. कॉलेज राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय 'एकेडमिक टॉक्स' कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजनीति विज्ञान विभाग, ए. एन. कॉलेज, पटना द्वारा 13-14 जुलाई 2026 को सफलतापूर्वक दो दिवसीय 'एकेडमिक टॉक्स' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समकालीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक विषयों पर कुल तीन व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम के प्रथम दिवस (13 जुलाई 2026) प्रोफेसर नावेद जमाल, राजनीति विज्ञान विभाग, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने 'भारत की विदेश नीति का बदलता स्वरूप' विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बदलते क्षेत्रीय एवं वैश्विक परिदृश्य के संदर्भ में भारत की विदेश नीति की प्राथमिकताओं, चुनौतियों तथा रणनीतिक परिवर्तनों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस (14 जुलाई 2026) प्रोफेसर रवि रंजन, राजनीति विज्ञान विभाग, जाकिर हुसैन दिल्ली कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'आधुनिक लोकतंत्र की नैतिक दुविधाएं: भारतीय दृष्टिकोण से कल्याण की अवधारणा का अन्वेषण' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके उपरांत डॉ. विजय वर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय ने 'समकालीन अंतरराष्ट्रीय मुद्दे' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। दोनों वक्ताओं ने समकालीन राजनीतिक एवं अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन, ज्ञानवर्धक एवं विचारोत्तेजक विमर्श प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ए. एन. कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर रत्ना अमृत द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों, नैतिक शासन, भारत की वैश्विक भूमिका तथा समावेशी विकास की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर बिनोद कुमार झा तथा विभाग के संकाय सदस्य कौसर तस्नीम, ऋचा गौतम एवं मुकेश झा भी उपस्थित रहे। विभाग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा वक्ताओं के साथ विषय से संबंधित विचारोत्तेजक प्रश्नों एवं सार्थक चर्चा के माध्यम से अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

# स्टार्ट-अप सेल, ए.एन. कॉलेज द्वारा 'पिच डेक प्रिपरेशन' विषय पर कार्यशाला का आयोजन




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टार्ट-अप सेल, ए.एन. कॉलेज, पटना द्वारा आज पिच डेक प्रिपरेशन पर कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना विकसित करना तथा उन्हें प्रभावशाली पिच डेक तैयार करने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। कार्यक्रम की शुरूआत स्टार्ट-अप सेल की फैकल्टी इंचार्ज डॉ. निहारिका कुमारी के स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. (डॉ.) रत्ना अमृत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें नवाचार, उद्यमिता एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पिच डेक केवल निवेश प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि अपने विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की कला है। उन्होंने विद्यार्थियों को नए विचारों पर कार्य करने, जोखिम लेने तथा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम से जुड़कर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में बर्सर प्रो. अभिषेक दत्ता, एमबीए समन्वयक प्रो. कालानाथ मिश्रा, हिंदी विभाग के डॉ. वरुण कुमार, स्टार्ट-अप सेल कोऑर्डिनेटर सचिन राज, स्टूडेंट रिप्रेजेंटेटिव वंदना सिंह एवं पीयूष आनंद सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सुश्री प्रिया नाथ, सहायक प्राध्यापक, चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, पटना रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि सफल स्टार्टअप की शुरूआत किसी वास्तविक समस्या की पहचान से होती है तथा एक प्रभावी पिच डेक निवेशकों के सामने अपने विचार को स्पष्ट एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है।

# जलजमाव से मुक्ति का संकल्प: नगर परिषद की कमान संभालते ही चर्चा में अनिरुद्ध पांडे, संजय गांधी ने की मुलाकात



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर नगर परिषद के नए कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी अनिरुद्ध पांडे ने पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालते ही क्षेत्र में नई उम्मीदों का संचार हुआ है। इस अवसर पर खगौल नगर परिषद अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी संजय गांधी ने उनसे औपचारिक मुलाकात की और उन्हें बधाई दी। मुलाकात के दौरान संजय गांधी ने अनिरुद्ध पांडे के पिछले छह महीनों के अनुमंडल कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह उन्होंने अपनी कार्यकुशलता और निष्ठा से अनुमंडल में विकास कार्यों को गति दी है, उसे देखते हुए दानापुर की जनता को पूरी उम्मीद है कि अब नगर परिषद के कामकाज में भी वैसी ही पारदर्शिता और तेजी आएगी। संजय गांधी ने विशेष रूप से जलजमाव की विकराल समस्या पर चर्चा करते हुए विश्वास जताया कि अनिरुद्ध पांडे के कुशल नेतृत्व में दानापुर वासियों को इस बार जलजमाव की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि एक अनुभवी और कड़क अधिकारी के आने से नगर परिषद की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा और विकास के लंबित कार्य अब समय सीमा के भीतर पूरे होंगे। इस मुलाकात के बाद स्थानीय लोगों में भी काफी उत्साह है, जो लंबे समय से नगर परिषद की बदहाल स्थिति और जलजमाव से निजात पाने की बाट जोह रहे थे।

## अगवा कर हत्या मामले के आरोपित को मिली उम्रकैद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मामुली सी विवाद को लेकर धोबी टोला दानापुर के रहने राहुल कुमार को अगवा कर उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या करने वाले आरोपी रोहित कुमार को दानापुर व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्क सुनील कुमार ||| ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। करीब चार वर्ष बाद सजा मिलने के बाद मृतक के परिजन खुशी जाहिर की है। जानकारी देते हुए एपीपी मोहम्मद कलाम अंसारी ने बताया कि विगत 10 नवंबर 2022 को मृतक की मां सोनी देवी ने स्थानीय थाने में अपने 16 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार को स्व.पप्पु यादव के पुत्र रोहित कुमार पर हत्या करने का आरोप लगाया था। आरोप में बताया गया था कि बस का शीशा तोड़ने का आरोप लगा उनके पुत्र को रोहित अपने दो तीन सहयोगियों के साथ एक निमार्णाधीन मकान से अगवा कर लिया था। अगवा करने के बाद बेरहमी से पिटाई कर उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर एवं लिंग को क्षतिग्रस्त कर निर्मम हत्या कर डाली एवं उसके शव को धोबी टोला के एक गली में फेंक दिया था।

# मसौढ़ी पीएचसी में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मेला शुरू, 200 लाभार्थियों को मिली परिवार नियोजन सामग्री





**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनसंख्या नियंत्रण और परिवार कल्याण को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में सोमवार को जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा मेला का शुभारंभ किया गया। मेले का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रामानुजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आई लगभग 200 लाभार्थी महिलाओं और पुरुषों को परिवार नियोजन की अस्थायी सामग्री निःशुल्क वितरित की गई। इसमें गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम और अन्य अस्थायी साधन शामिल थे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लाभार्थियों को छोटे परिवार के लाभ, मातृ-शिशु स्वास्थ्य और गर्भनिरोध के सुरक्षित तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह, बम चंद्रभूषण प्रसाद, राकेश पटेल,, अस्पताल के सभी जीएनएम एएनएम अस्पताल कर्मचारी के साथ-साथ बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता और अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सभी ने अलग-अलग स्टॉल के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि इस पखवाड़े का उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि छोटे परिवार से ही स्वस्थ समाज और बेहतर भविष्य संभव है। अस्पताल प्रबंधन ने मेले को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी कर्मियों का आभार जताया।

# जलजमाव के कारण मंदिर में पढ़ने को मजबूर गोसाई टोला प्राथमिक विद्यालय के नौनिहाल



**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा के मंदिर में पढ़ाई होनी चाहिए, लेकिन गोसाई टोला के राजकीय प्राथमिक मध्य विद्यालय में हालात कुछ ऐसे हैं कि यहाँ के 55 छात्र मंदिर परिसर में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूल परिसर में जलजमाव की समस्या ने बच्चों की पढ़ाई को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एकता विश्वास ने समस्या की जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल का भवन वर्षों पुराना है और अब यह मुख्य सड़क से काफी नीचे हो गया है। स्थिति यह है कि हल्की बारिश होने पर भी स्कूल के परिसर और कक्षाओं के भीतर पानी भर जाता है। कक्षाओं में पानी जमा होने से बच्चों का बैठना तो दूर, स्कूल परिसर में कदम रखना भी दूभर हो जाता है। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय में कुल चार शिक्षक कार्यरत हैं, जो बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जलजमाव के कारण बच्चों की सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए फिलहाल कक्षाएं मंदिर परिसर में संचालित की जा रही हैं। अभिभावकों में भी स्कूल की इस दुर्दशा को लेकर भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द स्कूल परिसर का जीर्णोद्धार कराने या जल निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि बच्चे फिर से अपने स्कूल में सुरक्षित माहौल में पढ़ाई कर सकें।

# पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केशोपुर गांव जाकर पूर्व मुखिया ललिता देवी को दी श्रद्धांजलि



**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार मंगलवार को हिलसा प्रखंड के केशोपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने जदयू नेता एवं पूर्व प्रमुख अनिल कुमार की पत्नी तथा पूर्व मुखिया स्वर्गीय ललिता देवी के श्राद्धकर्म में मंगलवार की शाम शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।दरअसल हिलसा प्रखंड के पूर्व प्रमुख रह चुके अनिल कुमार जदयू के सक्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं। इनके पत्नी स्व0 ललिता देवी अकबरपुर पंचायत के पूर्व में मुखिया रह चुकी थीं। केशोपुर ग्रांम में श्राद्धकर्म में पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की। पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहा।इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार तथा हिलसा विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, भरत शर्मा, पवन मुखिया, मुखिया प्रतिनिधि तरुण रजक,रूपेश पटेल, रितेश गांधी,विकास कुमार, कुंदन कुमार, विजय कुमार विजेता, मोहन प्रसाद, रवि राजपूत, टिंकू पटेल , चंदन कुमार, सहित जदयू के कई जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और दिवंगत ललिता देवी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# खगौल पुलिस ने होटल छापेमारी संचालक समेत 8 लड़कियों को किया गिरफ्तार



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को खगौल कि थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर खगौल सगुना रोड स्थित द ड्रैगन होटल मे छापेमारी करते हुए कल 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से कुछ लोग आपत्तिजनक स्थिति में मिले। मौके से पुलिस ने होटल संचालक संग 10 व्यक्ति एवं तीन नाबालिक संग 8 को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवती मे तीन युवती नाबालिक बताई जा रही है, वही गिरफ्तार दो महिला बंगाल कि बताई जा रही है। पुलिस की छापेमारी दोपहर लगभग 3 बजे से 5 बजे तक चली जहां पुलिस ने होटल का 5 रजिस्टर कॉपी 15 पीस मोबाइल 40 हजार नगद रुपए समेत अधिक सख्या में आधार कार्ड के साथ सेक्स पावर कि दवा के साथ 20 पैकट कंडम भी बरामद किया है। जिस वक्त यह छापेमारी चल रही थी उसे वक्त घटना में संकलित सारे लोगों को देखने के लिए होटल के आसपास काफी भीड़ लग गई। बताया जाता है कि इस होटल में सेक्स का कारोबार काफी समय से चल रहा था। बंगाल एवं अन्य क्षेत्र की युवती को लाकर यहां देव व्यापार कराया जता था। इस संबंध मे दानापुर डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा ने क्या कहा आइए जानते है।

# बाल तस्करी और बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता अभियान स्कूली छात्रों के बीच कार्यक्रम




**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय बदौली में सामाजिक सुरक्षा मंच के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आशा किरण ग्रामीण विकास केंद्र के सौजन्य से हुआ। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को सबसे पहले स्कूल पहुंचने और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही मानव तस्करी और बाल मजदूरी जैसे सामाजिक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बच्चों को बताया गया कि कैसे प्रलोभन देकर छोटे बच्चों को काम पर लगाया जाता है और उन्हें बड़े शहरों में भेज दिया जाता है।कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। उन्हें अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने, मानव तस्करी से बचाने और बाल मजदूरी नहीं करवाने का संकल्प दिलाया गया। आशा किरण ग्रामीण विकास केंद्र की संचालिका सिस्टर आशा ने कहा कि गांव से लेकर शहर तक छोटे बच्चों को कम पर लगाया जा रहा है। अभिभावकों को इस संबंध में सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों को शोषण से बचा सकती है। मौके पर पूजा कुमारी, महेश प्रसाद, सोनी कुमारी, शोभा कुमारी, शिल्पी कुमारी, रेखा कुमारी, सुबोध प्रसाद सहित कई शिक्षक, अभिभावक और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खाद की कालाबाजारी पर कार्रवाई, दो दुकानों की लाइसेंस रद्द

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानसून में धान की रोपनी के समय किसानों से एमआरपी से ज्यादा दर पर खाद वसूली और भंडारण में अनियमितता के मामले सामने आने के बाद प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। जांच में नदौल की गंगा खाद भंडार और जय माता दी खाद भंडार में खाद का भंडारण अनियमित पाया गया। दोनों दुकानें किसानों को तय दर से अधिक कीमत पर खाद बेच रही थीं। विभाग ने इन दोनों प्रतिष्ठानों का लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### अंचलाधिकारी प्रज्ञा नयनम के आने से खुशी

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के द्वारा अंचल व प्रखंड कार्यालय में वर्षों से पैठ बनाये पदाधिकारियों को फेर बदल नियम से जनता में विश्वास जगा है, आदापुर अंचल कार्यालय में नये अंचलाधिकारी प्रज्ञा नयनम को आने लोगों में कार्यालय के प्रति विश्वास जगा है क्योंकि



महिला होने के नाते प्रखंड के तमाम किसानों, भूस्वामीयो, वृद्ध जनों को अंचल कार्यालय का चक्कर बार बार नहीं काटना होगा, नये पदस्थापित कर्मियों को एक बैठक कर साफ संदेह दिया कि कार्यालय आने वाले लोगों का काम हर सम्भव किया जाए, पूर्ववत पड़े पेंडिंग कागजातों पर गहनता के साथ जल्दी की जाय, बैठक में उपस्थित प्रखंड कार्यालय के बीडीओ रणधीर कुमार भी उपस्थित थे पंचायती राज पदाधिकारी ने नये प्रखंड कर्मियों व अंचल कर्मियों को परिचय के साथ चर्चा की गई, बीडीओ रणधीर कुमार ने सभी कर्मियों को काम पर ईमानदारी के साथ करने की बात कही,और किसी भी कर्मियों की शिकायत आने पर कारवाई सुनिश्चित है, ग्रामीणों के आशा और विश्वास को बनाते हुए कार्य को गति दे।

### कोटवा सीओ ने मियाद के अंतिम दिन चिपकाया नोटिस

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के दिपऊ में उस समय हड़कंप मच गया जब कोटवा सीओ ने खाता 3 खेसरा 28 मौजा दिपऊ थाना संख्या 25 की 77 एकड़ भूमि को खाली करने का नोटिस चिपका दिया।नोटिस देखते ही सैकड़ों किसानों के होश उड़ गया।ज्यादातर किसानों के भूमिहीन होने का संकट खड़ा हो गया है।किसानों ने सीओ के नोटिस पर ही सवाल खड़ा कर दिया।नोटिस पर 7-7-26 से 14-7-2026 तक अपने कागजात प्रस्तुत करने का आदेश है जबकि नोटिस ही 14-7-2026 को चस्पाया गया है।लोगों में सीओ के इस कार्य शैली के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है।इधर सीओ मोनिका आनंद ने स्पष्ट किया कि किसानों को एक सप्ताह का समय दिया गया है।किसान अपने स्वामित्व का कागजात दिखाएं।उन्होंने स्पष्ट किया कि खतियान में उक्त भूमि बक्कास्त भूमि के रूप में दर्ज है।इधर इस भूमि के मालिक किसान भगवानारायण पाण्डेय,मनोज पांडे,गोपीचंद राम,रामबाबू राय,कैलाश साह,चुन्नू साह ने कहा कि इस खेसरा में 250 से अधिक किसानों की भूमि है तो इतनी जल्दी कैसे कागजात दिखाया जाए ।उन्हें डर है कि उनके जमीन को हड़पने की साजिश की जा रही है।आज ही पेड़ पर नोटिस चस्पाया गया और आज ही 5 बजे शाम तक कागजात दिखाने को कहा गया है।

### पोखर में डूबने से छात्रा की मौत

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के सिसवा कुट्टी वार्ड संख्या-09 में मंगलवार की सुबह स्कूल जाने के दौरान पोखर में डूबने से 13 वर्षीय छात्रा की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतका की पहचान जितुत मुखिया की पुत्री निक्की कुमारी (13) के रूप में हुई है।वह सरकारी मिडिल स्कूल की पांचवीं कक्षा की छात्रा थी। सुबह करीब 9.30 बजे वह गांव के अन्य बच्चों के साथ स्कूल जा रही थी। घर से विद्यालय की दूरी करीब डेढ़ किलोमीटर है। रास्ते में पड़ने वाले एक पोखर के किनारे से गुजरने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह पोखर में गिर गई। घटना के बाद साथ जा रहे बच्चों ने शोर मचाया। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से बच्ची को पोखर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि निक्की तीन बहनों और एक भाई में तीसरे स्थान पर थी।

### मेगा टिकट जांच अभियान जारी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के कुशल नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के मार्गदर्शन में मंगलवार को सोनपुर हाजीपुर सहित उन प्रमुख स्टेशनों एवं विभिन्न ट्रेनों



में व्यापक स्तर पर विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगुसराय, मानसी, खगड़िया, नवगछिया सहित मंडल के अनेक प्रमुख स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस तथा यात्री ट्रेनों में टिकट जांच दलों द्वारा सघन जांच की गई। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट, बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा तथा अन्य टिकट संबंधी अनियमितताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। विशेष जांच अभियान के दौरान कुल 3,660 मामले दर्ज किए गए, जिससे रेलवे को इकतीस लाख निन्यानवे हजार आठ सौ सत्तानवे रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ। यह सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे राजस्व की सुरक्षा एवं टिकट जांच व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रमाण है।सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनपुर मंडल सभी रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, रेलवे के नियमों का पालन करें तथा एक सुरक्षित, सुगम एवं अनुशासित रेल यात्रा सुनिश्चित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार के विशेष मेगा टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे।

### डीएम के निर्देश पर एलपीजी आपूर्ति की सतत निगरानी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निर्देश पर जिले में एलपीजी की उपलब्धता, आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था की जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले की कुल 67 गैस एजेंसियों के माध्यम से लगभग 8,06,738 घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को गैस आपूर्ति की जा रही है। सोमवार की स्थिति के अनुसार गैस एजेंसियों के पास 15,081 भरे हुए एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध थे। जिले में विगत 60 दिनों के औसत के आधार पर प्रतिदिन लगभग 12,624 सिलेंडरों की डिलीवरी की जा रही है। वर्तमान में कुल 34,730 बुकिंग आपूर्ति हेतु लंबित हैं तथा जिले का औसत एलपीजी बैकलॉग घटकर 2.8 दिन रह गया है। डीएम ने गैस वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा उपभोक्ताओं को समय पर होम डिलीवरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं के लिए औसतन 25 दिनों तथा ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए 45 दिनों के अंतराल पर गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।एलपीजी की जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सभी गैस एजेंसियों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

## जिला पदाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार को जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, निर्धारित लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति, अधिकाधिक पात्र लाभुकों को ऋण उपलब्ध कराने तथा बैंक एवं विद्युत विभाग के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित विभागों एवं बैंक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम वर्षा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना भारत सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके माध्यम से घरेलू उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सोलर रूफटॉप स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों





के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा सब्सिडी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे लाभुकों के बिजली व्यय में कमी आने के साथ-साथ स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों एवं बैंक प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि योजना के निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैंकों द्वारा प्राप्त ऋण आवेदनों को बिना किसी ठोस एवं वैध कारण के अस्वीकृत नहीं किया जाए तथा सभी पात्र आवेदनों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी अथवा प्रक्रियागत कारणों से पात्र लाभुकों के आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहने चाहिए। सभी बैंक अपने-अपने मुख्यालय द्वारा निर्धारित साप्ताहिक लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करें तथा अधिकतम संख्या में पात्र लाभुकों को ऋण उपलब्ध कराएं।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को बैंक एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें लंबित ऋण आवेदनों, सोलर रूफटॉप स्थापना एवं लक्ष्य प्राप्ति की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इसके अतिरिक्त प्रत्येक प्रखंड में प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सोलर मेला आयोजित कर लाभुकों के आवेदन, ऋण स्वीकृति तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित होगी, जिसमें विद्युत विभाग के कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं संबंधित बैंकों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इन बैठकों में योजना की प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान जिला प्रबंधक (एलडीएम), वैशाली ने सभी बैंक शाखाओं के साथ नियमित समन्वय एवं सतत अनुश्रवण का आश्वासन दिया तथा कहा कि किसी भी पात्र लाभुक का आवेदन अनावश्यक रूप से लंबित अथवा अस्वीकृत नहीं होने दिया जाएगा। बैंक प्रतिनिधियों ने भी योजना के अंतर्गत अधिकतम संख्या में पात्र लाभुकों के ऋण आवेदनों का शीघ्र निष्पादन एवं स्वीकृति सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सोलर रूफटॉप स्थापना एवं ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, बैंक अधिकारियों एवं क्रियान्वयन एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिकाधिक पात्र परिवारों को समयबद्ध रूप से योजना का लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

## एसआईआर के नाम पर वोट के अधिकार से वंचित करने की साज़िश : कौशल गणेश आजाद

**किशुनपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** असहमति को क्रुरता पूर्वक कुचला जा रहा है जबकि असहमति लोकतंत्र का अनिवार्य हिस्सा है । इतना ही नहीं बल्कि एसआईआर के नाम पर वोट का संवैधानिक अधिकार से वंचित करने की साज़िश चुनाव आयोग और सरकार मिलकर कर रही है । उक्त बातें लोक समिति के राष्ट्रीय संयोजक कौशल गणेश आजाद ने सिवान जिला के विशुनपुर स्थित इंटर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित 'बदलो माहौल चिन्तन शिविर' को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि हर राज्य में एसआईआर का अलग - अलग प्रक्रिया अपनाई जा रही है । पट्ट बंगाल में जो प्रक्रिया अपनाई गई वो किसी दूसरे राज्यों में नहीं अपनाई गई । हरियाणा में अलग प्रक्रिया अपनाई जा रही है । उन्होंने कहा कि देश में करीब छः करोड़ मतदाताओं को वोट के अधिकार से वंचित कर दिया गया। श्री आजाद ने कहा कि राम के नाम पर दान में आए धन की चोरी धर्म के आड़ में बहुत बड़ा अपराध है । उन्होंने कहा राम मंदिर आस्था का





केंद्र है लेकिन इसे लूट और चोरी का केंद्र बना दिया गया है। उन्होंने कहा कि नौकरशाही, भ्रष्टाचार चरम पर है । उन्होंने कहा कि इन हालातों को बदलने के लिए जन - आंदोलन ही एक मात्र उपाय है। चिन्तन शिविर के आयोजक लोक समिति के प्रमंडलीय संयोजक श्री रामायण सिंह ने एक प्रस्ताव पेश किया जिसमें कृषि को मनरेगा से जोड़ने, जनप्रतिनिधियों की सुविधाओं में कटौती करने, किसानों को कर्ज मुक्त करने, सस्ते दामों पर खाद, वीज, किटनाशक दवायें, बिजली उपलब्ध कराने, बेरोजगारी दूर करने आदि की मांग की गई। शिविर को छपरा, सीवान एवं गोपालगंज के प्रतिष्ठित लोगों, विद्वान, शिक्षक, जानकारों जेपी सेनानियों, लोक समिति एवं अन्य संगठनों के लोगों को बुलाया गया था! जिसमें मुख्य रूप से छपरा जिला के जेपी सेनानी अध्यक्ष सवालिया गिरि, जेपी सेनानी श्री भारत सिंह, जेपी सेनानी, श्री रामायण सिंह जीवनदानी, मोहन सिंह जिला लोक समिति के अध्यक्ष श्री सदन सिंह, शशिभूषण सिंह प्रोफेसर डॉ बीरेन्द्र यादव, बीरेन्द्र सिंह अदि सीवान अन्य ने अपने-अपने विचार रखे! उपरोक्त विषयों पर संघर्ष करने का निर्णय लिया गया। शिविर में सैंकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। शिविर की अध्यक्षता श्री वीरेन्द्र तिवारी और संचालन श्री शंभू शरण शर्मा ने किया।

## टोपो लैंड व जमीन निबंधन पर लगी रोक हटाने की मांग तेज

**ग्रामीणों ने बनाई आंदोलन की रणनीति**

**सोनपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** टोपो लैंड एवं जमीन निबंधन पर लगी रोक के विरोध में चल रहे जनआंदोलन को तेज करने के उद्देश्य से सोमवार को सोनपुर प्रखंड के सबलपुर हस्ती टोला में टोपोलैंड संघर्ष समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी धर्मनाथ शर्मा ने की, जबकि संचालन वीरेन्द्र शर्मा ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि टोपो लैंड की समस्या वर्षों से क्षेत्र के लोगों के लिए असुरक्षा और अनिश्चितता का कारण बनी हुई है। सोनपुर में जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक से आम लोगों का सामाजिक और आर्थिक जीवन प्रभावित हो रहा है, जिससे व्यापक असंतोष व्याप्त है। वीरेन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, दीपक कुमार, विनोद यादव सहित अन्य वक्ताओं ने सरकार से शीघ्र रोक हटाने तथा समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की। पवन शर्मा ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को आंदोलन से जोड़ा जाएगा।

## हल्की बारिश ने खोली शहर की व्यवस्था की पोल, कई इलाकों में जलजमाव

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोमवार की देर रात हुई बारिश के बाद शहर के गांधी चौक, रामशीष चौक और अस्पताल रोड सहित प्रमुख इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने जल निकासी की लचर व्यवस्था और नालों की





खराब स्थिति को इस समस्या का मुख्य कारण बताया है। शहर के कई सड़कों पर घुटने भर पानी जमा हो गया. जल जमाव के कारण शहर के लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. राजेंद्र चौक से सिनेमा रोड व गांधी चौक से थाना चौक के बीच घुटने भर पानी जमा होने से वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को आवागमन में काफी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है. कचहरी रोड में बनी नगर परिषद की दुकान के नीचे नाला खुला हुआ है. जिसके कारण नाले का पानी सड़कों पर बह रहा हैनगर परिषद द्वारा बारिश से पहले किए गए दावे धरातल पर खोखले साबित होते दिखे रहा है. स्थानीय लोगो ने बताया कि नगर परिषद नाला सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है, जिसके कारण शहरवासियों को जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ता है. सबसे बुरा हाल राजेंद्र चौक से सिनेमा रोड, गांधी चौक से थाना चौक के बीच का है. वहीं, निचले इलाकों में तो हाल और भी बुरा है. लोगो ने बताया कि अतिक्रमण व नालों की नियमित सफाई नहीं होने से जल जमाव की समस्या पैदा होती है. अगर बारिश लगातार हुई तो शहर के अधिकतर इलाकों में लोगों को नारकीय जीवन जीने को विवश होना पड़ेगा.

## शराब कारोबारी के खिलाफ चलाया जा रहा विशेष अभियान, 606.660 लीटर विदेशी शराब बरामद

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन एवं अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी वर्षा



सिंह के निर्देशन में जिले में सतत निगरानी एवं सघन कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग, वैशाली द्वारा की गई कार्रवाई में बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गई है। उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेढ़ी बेलसर प्रखंड अंतर्गत बेलसर थाना क्षेत्र के कटारू चकमहमद स्थित एक फूस की झोपड़ी में छापेमारी के दौरान ट्यूबर्ग प्रीमियम बीयर (500), फॉर साले इन अरुणाचल प्रदेश ऑनली अंकित कुल 47 कार्टन, जिसकी कुल मात्रा 564 लीटर है, बरामद की गई। इसके अतिरिक्त रॉयल मेंशन गोल्ड व्हिस्की' पांच कार्टन, जिसकी कुल मात्रा 42.660 लीटर है, भी जब्त की गई।इस प्रकार कार्रवाई के दौरान कुल 606.660 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। छापेमारी के दौरान शराब कारोबारी मौके से फरार हो गया, जिसके विरुद्ध बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के सुसंगत प्रावधानों के तहत अभियोग दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। डीएम ने स्पष्ट किया है कि बिहार में लागू पूर्ण शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। डीएम वर्षा सिंह ने संबंधित अधिकारियों को अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध सतत निगरानी रखते हुए नियमित छापेमारी अभियान संचालित करने तथा दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। डीएम ने आमजन से भी अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन अथवा बिक्री संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल संबंधित प्रशासनिक अथवा उत्पाद विभाग को उपलब्ध कराएं, ताकि शराबबंदी कानून का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

## सेटेलाइट सिटी के लिए जमीन नहीं देंगे किसान

**भरपुरा में आंदोलन तेज करने का ऐलान**

**सोनपुर (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर प्रखंड में प्रस्तावित सेटेलाइट सिटी एवं एयरपोर्ट निर्माण के विरोध में भरपुरा स्थित लालू यादव चौक पर किसानों, भू-स्वामियों एवं स्थानीय ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में किसानों ने स्पष्ट कहा कि वे किसी भी परिस्थिति में अपनी कृषि भूमि अधिग्रहण के लिए नहीं देंगे और बिना सहमति किसी भी भूमि अधिग्रहण का विरोध करेंगे। वक्ताओं ने कहा कि प्रस्तावित परियोजना से किसानों और भू-स्वामियों की समस्याएं बढ़ेंगी, जबकि इसका लाभ बड़े पूंजीपतियों को मिलेगा। उनका आरोप था कि उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण कर किसानों की आजीविका और भविष्य को संकट में डाला जा रहा है। बैठक में कहा गया कि किसान विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन विकास ऐसा होना चाहिए जिसमें किसानों के हित सुरक्षित रहें और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलें। वक्ताओं ने सुझाव दिया कि सेटेलाइट सिटी का निर्माण दियारा क्षेत्र में किया जाए, ताकि उपजाऊ कृषि भूमि सुरक्षित रह सके। भरत सिंह, नितेश कुमार, शिवनाथ मंडल, पंकज परमार, शिवकांत सिंह एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि जमीन केवल संपत्ति नहीं, बल्कि किसानों के जीवन और भविष्य का आधार है।

## परिवार नियोजन के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाएं : जिलाधिकारी

**कार्यरत सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ अपने स्वास्थ्य संस्थान में दे महिला बंध्याकरण की सेवा : जिलाधिकारी**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला गुणवत्ता यकीन समिति बैठक का आयोजन सहायक जिला समाहर्ता एवं सिविल सर्जन पूर्वी चम्पारण की संयुक्त अध्यक्षता में आरोग्य भवन सभागार जिला स्वास्थ्य समिति मोतीहारी में आयोजित किया गया। बैठक में सहायक जिला समाहर्ता एंव सिविल सर्जन पूर्वी चम्पारण ने अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण को परिवार नियोजन कार्यक्रम के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाने का निर्देश देते हुए सदर अस्पताल, अनुमण्डलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ऑपरेशन थीएटर के सुदृढ़िकरण एवं व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू करने का निर्देश दिया साथ हीं सभी कार्यरत सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ को निर्देश दिया गया की स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर परिवार नियोजन अंतर्गत महिला बंध्यकरण एवं पुरुष नसबंदी की सेवा नियत दिवस निर्धारित करते हुए अपने अपने स्वास्थ्य संस्थान में देना सुनिश्चित करेंजिले में मोबियस फाउंडेशन के परियोजना के तहत जननी संस्था द्वारा





जागरूकता रथ चलाया जा रहा है। मौके पर सिविल सर्जन पूर्वी चम्पारण के द्वारा सभी उपाधीक्षक, सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया की जिस संस्थान में सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ कार्यरत नहीं है वहाँ अन्य संस्थान में पदस्थापित सर्जन एंव स्त्री रोग विशेषज्ञ से महिला बंध्यकरण एवं पुरुष नसबंदी की सेवा लिया जाये। मौके पर अमित कुमार जिला प्रबंधक पी एस आई इंडिया के NFHS-6 के आंकड़ों को PPT प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बताया गया साथ हीं अमित कुमार के द्वारा यह भी बताया गया की परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना क्या है इसका क्या लाभ है एवं Fix Day के निर्धारण से परिवार नियोजन के सुविधाओं में गुणवत्ता की सुधार कैसे होगी एंव लाभार्थियों की संख्या कैसे बढ़ेगी। परिवार नियोजन कार्यक्रम महिला बंध्यकरण एवं नये गर्भ निरोधक केत्र'ल्ल३ के क्रियान्वयन में बेहतर सेवा प्रदान करने एवं सहयोग प्रदान करने के लिए जिला पदाधिकारी एंव सिविल सर्जन के द्वारा डॉ. एस एन सत्यर्थी, डॉ. सरुची स्मृति, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. रश्मि श्री, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. एस सी भारतीय, डॉ मुकेश कुमार, डॉ. ए कमाल, डॉ चंदन कुमार, डॉ. राजीव रंजन, डॉ अमित कश्यप, डॉ विजय कुमार, डॉ. विकाश कुमार, डॉ अमित कुमार जिला प्रबंधक पी एस आई इंडिया, सविता कुमारी एवं राजेश कुमार को प्रसस्ती पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित। जिला आशा समन्वयक नंदन झा ने बताया की 11 से 31 जुलाई 2026 तक जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

## 17 सूत्री मांगों को लागू करने को लेकर राजस्व कर्मियों का प्रदर्शन

**15 से 17 जुलाई तक असहयोग आंदोलन एवं 18 जुलाई को पटना में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राज्य भूमि सुधार संघ के संयुक्त अभियान पर आह्वान पर मंगलवार को राजस्व कर्मचारी एवं अन्य कर्मियों ने कचहरी चौक पर अपनी 17 सूत्री मांगों को लागू करने को लेकर एवम सरकार की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला मंत्री बच्चा बिहारी सिंह ने कहा कि राजस्व कर्मियों के 17 सूत्री मांगों को सरकार द्वारा मान ली गई थी परंतु अबतक लागू नहीं किया गया। 2 जून 25 को संघ ने प्रधान सचिव से सफल वार्ता के बाद भी राजस्व विभाग द्वारा हमारी मांगों लंबित रखा गया। संघ द्वारा कई बार कोशिश करने के बाद भी विभाग द्वारा टालमोटोल किया गया। संघ के आह्वान पर दिनांक 11 फरवरी 26 से 10 में 26 तक राज्यव्यापी आंदोलन किया गया।दो माह से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया। पोर्टल खोलने के बाद भी राजस्व कर्मियों का स्थानांतरण नहीं किया गया। सरकार और संघ के बीच हुई समझौता वार्ता में से एक भी वार्ता को लागू नहीं किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संघ के जिला सचिव नीतीश कुमार ने कहा कि संघ के आह्वान पर 15 जुलाई 26 से 17 जुलाई 26 तक असहयोग आंदोलन किया



जाएगा। साथ ही 18 जुलाई 26 को पटना में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। वही संघ के जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि 17 सूत्री मांगों में मुख्य रूप से राजस्व कर्मियों के ग्रेड पे लेवल 2 से लेवल 5 किया जाए, अब हम लोगों की योग्यता स्नातक कर दिया गया है इसलिए ग्रेड पे 4200 किया जाए, सभी नवनियुक्त राजस्व कर्मियों के गृह जिला के बगल के जिला में पदस्थापित किया जाए, 10 वर्षो से अधिक सेवा कर चुके राजस्व कर्मियों को यथाशीघ्र वरीयता के आधार पर राजस्व अधिकारियों में पदोन्नति किया जाए। सहित अन्य मांग को पूरा किया जाए। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल थे।

## अपराध की योजना बनाते दो बदमाश एक देसी कट्टा, दो मैगजीन के साथ धराए

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सदर थाने की पुलिस ने एसटीएफ की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के कृष्णा कॉलोनी स्थित आम के बगीचे से अपराध की योजना बनाते दो अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के पास से पुलिस ने एक देशी पिस्तौल दो मैगजीन दो मोबाइल एवं एक स्कॉर्पियो गाड़ी को जप्त किया है। गिरफ्तार अपराधी सदर थाना क्षेत्र के अकिलाबाद गांव निवासी चंदेश्वर राय के 30 वर्षीय पुत्र विशाल गौरव सुभई दक्षिणी टोला वार्ड संख्या एक निवासी मुकेश कुमार के 26 वर्षीय पुत्र उज्जवल कुमार बताया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पटना एसटीएफ को सूचना प्राप्त हुई की सदर थाना क्षेत्र के कृष्णा कॉलोनी स्थित आम के बगीचे में अपराधी किसी अपराधी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं।

## अब बिना कारण नहीं होंगे मरीज रेफर, सात दिन में आईसीयू, 24 घंटे इमरजेंसी और डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था होगी लागू

**● डीएम की अध्यक्षता में बनेगी निगरानी समिति ● रेफरल सिस्टम होगा पूरी तरह डिजिटल**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के मरीजों को अब बेहतर इलाज के लिए अनावश्यक रूप से पटना या अन्य बड़े अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। राज्य सरकार ने सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों की रेफरल व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के सिविल सर्जन, जिला अस्पतालों के अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा अस्पताल प्रबंधकों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य मरीजों को उनके घर के निकट गुणवत्तापूर्ण एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना तथा अनावश्यक रेफरल की प्रवृत्ति पर प्रभावी रोक लगाना है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव कुमार रवि द्वारा जारी निर्देश



में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित 'सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन' योजना के तहत प्रखंड स्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को क्रमिक रूप से स्पेशियलिटी अस्पताल तथा जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इससे सारण जिले के लाखों लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिया है कि सभी जिला अस्पताल सात दिनों के भीतर गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) तथा 24 घंटे संचालित आपातकालीन चिकित्सा सेवा को पूरी तरह कार्यशील करें। साथ ही पैथोलॉजी जांच, एक्स-रे सहित अन्य आवश्यक जांच सुविधाएं भी चौबीसों घंटे उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे दुर्घटना, हृदयाघात और अन्य गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत संचालित भाव्या पोर्टल का शत-प्रतिशत उपयोग अनिवार्य किया गया है। अब ओपीडी, भर्ती मरीज, दुर्घटना एवं आपातकालीन वार्ड में आने वाले प्रत्येक मरीज का डिजिटल पंजीकरण होगा। जांच, चिकित्सकीय परामर्श, नर्सिंग रिकॉर्ड, दवा वितरण तथा उपचार की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। प्रत्येक भर्ती मरीज की आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता बनाई जाएगी तथा उसका इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार होगा, जिससे भविष्य में किसी भी सरकारी अस्पताल में उपचार आसान हो सकेगा।

एक नजर

## 123 रन का लक्ष्य पा कर पुरी बनी चैंपियन

**गिरियक।** पोखरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल सोमवार की रात रोमांचक मुकाबले के साथ संपन्न हुआ। खिताबी मुकाबले में पुरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान पोखरपुर को 28 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पुरी ने निर्धारित 10 ओवर में 123 रन बनाए। जवाब में पोखरपुर की टीम 10 ओवर में 95 रन ही बना सकी। मैच देखने के लिए आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे और पूरे मुकाबले के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में जदयू प्रदेश सचिव विजय कुमार सिन्हा, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार और युवा नेता पंकज सिन्हा ने विजेता व उपविजेता टीम को सम्मानित किया। विजेता कप्तान अखिलेश सिंह ने ट्रॉफी ग्रहण की। पुरी टीम को 4,100 रुपये नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता पोखरपुर को 1,500 रुपये नकद व शील्ड प्रदान की गई। आयोजकों ने कहा कि ऐसे ग्रामीण खेल आयोजन युवाओं की प्रतिभा निखारने के साथ आपसी भाईचारे को भी मजबूत करते हैं।

## पक्की सड़क और नाली को तरस रहे ग्रामीण

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड की ओड़ो पंचायत का जफरा गांव आज भी विकास की मुख्यधारा से कोसों दूर है। वार्ड संख्या चार के ग्रामीणों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का कोई लाभ नहीं मिल रहा है, जिससे वे नारकीय जीवन जीने को विवश हैं।गांव के विष्णुकांत सिंह के घर से हनुमान मंदिर तक जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह जर्जर और गड्ढों में तब्दील हो चुका है। बरसात के मौसम में यह रास्ता टापू बन जाता है और जलजमाव व कीचड़ के कारण लोगों का घर से निकलना भी दूभर है। करीब एक दशक पहले बनी थोड़ी सी ढलाई भी अब दम तोड़ चुकी है। यही नहीं, गांव में जल निकासी के लिए नाली तक नहीं है। गंदा पानी रैयती भूमि के गड्ढों में जमा हो रहा है, जिससे महामारी का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को कई बार गुहार लगाने के बावजूद आज तक सुध नहीं ली गई। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द मुख्य मार्ग के पक्कीकरण और नाली निर्माण की मांग की है।

## राजगीर मलमास मेला में उत्कृष्ट सेवा हेतु नगरनौसा थानाध्यक्ष सम्मानित

**नगरनौसा।** विश्वप्रसिद्ध राजगीर मलमास मेला-2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में उत्कृष्ट योगदान के लिए नगरनौसा थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा को सम्मानित किया गया। नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बिहारशरीफ में उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की।17 मई से 15 जून तक आयोजित इस ऐतिहासिक मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु पहुंचे थे। मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती थी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, लगातार जांच अभियान तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई खोए हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलाया, बुजुर्गों और बीमार श्रद्धालुओं की भी त्वरित सहायता की।एसपी भारत सोनी ने कहा कि थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने मेला ड्यूटी के दौरान सभी निर्देशों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पालन किया। उनकी नेतृत्व क्षमता और समर्पित कार्यशैली के कारण सुरक्षा व्यवस्था सुचारु रही। सम्मान मिलने पर थानाध्यक्ष ने इसे पूरी पुलिस टीम और आम जनता के सहयोग का परिणाम बताते हुए भविष्य में भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## 20 जुलाई से शुरू होगा बकरी पालन का निशुल्क प्रशिक्षण

**औरंगाबाद।** पंजाब नेशननल बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान औरंगाबाद द्वारा कृषि उद्यमिता विकास कार्यक्रम के तहत निःशुल्क बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु होने जा रहा है। बेरोजगार युवक-युवतियां व किसान जो बकरी पालन से संबंधित अपना व्यवसाय शुरु करके रोजगार से जुडना चाहते हैं, वे आरसेटी संस्थान में आवेदन करके प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इस संबध में संकाय रामानंद ने बताया कि सदर ब्लॉक स्थित पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी) में बकरी पालन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 20 जुलाई से प्रारंभ होगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले किसानों के लिए रहने और भोजन की पूरी व्यवस्था संस्थान की ओर से निःशुल्क की गई है। पीएनबी आरसेटी में यह 12 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। बकरी पालन प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी 4 पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, राशन कार्ड अथवा जीविका परिवार होने का प्रमाण के साथ पीएनबी आरसेटी कोइलवर में आवेदन कर सकते हैं। नामांकन 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण का यह बैच 20 जुलाई से शुरू होकर 12 दिनों तक चलेगा। प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने की व्यवस्था पूरी तरह निःशुल्क होगी। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आरसेटी से संपर्क कर सकते है।

# बच्चों ने लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

### विवेकानंद मिशन स्कूल का आत्मोदय अभियान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विवेकानन्द मिशन स्कूल में प्रार्थना सभा के उपरांत विवेकानन्द ब्रिगेड ग्रीन मिशन इको क्लब के अंतर्गत आत्मोदय अभियान रथ को संस्था के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्राचार्य शैलेश कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 34 छात्र-छात्राओं के दल को शिक्षक एवं विवेकानन्द ब्रिगेड पदाधिकारी लोकेश पाण्डेय, सुदर्शन प्रसाद एवं शिक्षिका रिशु कुमारी के नेतृत्व में मेंहदिया धाम, मेंहदिया थाना, जयपुर उच्च.विद्यालय में महोगनी, सागवान, अमरूद एवं बेल का पौधा रोपण किया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने ग्रामीणों, महिलाओं तथा पदाधिकारियों से संवाद कर पर्यावरण, जलसंरक्षण, स्वास्थ्य और स्वच्छता की जानकारी दीतथा उनसे संबंधित संभावित संकटों पर भी चर्चा की। इस पुण्य सामाजिक कार्य के लिए संस्था के निदेशक डॉ.शम्भूशरण सिंह ने अपने संदेश में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि पृथ्वी हमें अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली है। हम इसे अपनी आने वाली पीढ़ियों से उधार लेते हैं इसलिए इसकी रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। अभियान के प्रथम चरण में मेंहदिया घाम, मेहंदिया थाना, तथा सर गणेशदत्त जयपुर उच्च विद्यालय में आचार्य अजय, गौरव, प्रवीन, पैक्स अध्यक्ष अंकित शर्मा, मेंहदिया थानाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, पत्रकार सरयू कुमार, शिक्षक मुन्ना कुमार शर्मा, लवकुश शर्मा, रंजीत शर्मा, रूपेश कुमार तिवारी, ग्रामीण उदय शर्मा, टुल्लू, मानसी कुमारी शामिल रहे। बच्चों ने पौधारोपण किया गया व लोगों से यह आग्रह किया कि प्रकृति हमारी धरोहर है, इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। इसलिए हम लोगों को पेड़-पौधों की सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधें धरती का गहना है और हरियाली उसका श्रृंगार।

## नए राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, स्मार्ट पीडीएस पोर्टल पर करें आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार सरकार की ओर से मंगलवार (14 जुलाई) से स्मार्ट पीडीएस पोर्टल के माध्यम से नए राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु वसु ने सभी पात्र एवं योग्य परिवारों से समय पर आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। बीडीओ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र परिवार खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने लोगों से इस सूचना को अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने का भी आग्रह किया। ऑनलाइन आवेदन के लिए जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र, आवेदक के हस्ताक्षर, परिवार का सामूहिक फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, परिवार के सभी सदस्यों के पहचान संबंधी दस्तावेज तथा एक सक्रिय मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा। उन्होंने सलाह दी कि आवेदक सभी आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखें, ताकि आवेदन प्रक्रिया बिना किसी परेशानी के पूरी हो सके।

# एएन सिंह व राम विलास सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** पूर्व जिला पर्षद उपाध्यक्ष संजय सिंह सोम ने औरंगाबाद जिले के सभी प्रखंड में बिहार विभूति डॉ अनुग्रह नारायण सिंह एवं औरंगाबाद जिला मुख्यालय के दानी बिगहा फूड पार्क में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं महान समाजवादी नेता रामविलास सिंह की प्रतिमा लगाने की मांग जनप्रतिनिधियों से की है। उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत दाउदनगर प्रखंड के अंछा पंचायत के अंछा मोड़ पर डॉ.अनुग्रह नारायण सिंह की प्रतिमा लगाकर होनी चाहिए। श्री सोम ने कहा कि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री रामविलास बाबू ने समाजवाद के जड़ को अपनी ऊर्जा से सिंचित किया था। समरस समाज की स्थापना में योगदान दिया था। ऐसे महान विभूति की प्रतिमा जिला मुख्यालय में लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री रामविलास सिंह की आदमकद प्रतिमा जिला मुख्यालय के दानी बिगहा फूड पार्क में लगाने का प्रस्ताव जिला परिषद से पारित है। दिशा की बैठक में भी यह मामला उठाया जा चुका है। उन्होंने जिला परिषद अध्यक्ष एवं जिला पार्षदों से मांग किया है कि उनकी प्रतिमा जल्द लगवाई जाए।

# मेटिक्स उर्वरक की पाठशाला : किसानों को मिले तकनीकी जानकारी और टिकाऊ खेती के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** कृषि विज्ञान केंद्र सिरीस में मेटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा आयोजित उर्वरक की पाठशाला कार्यक्रम के तहत किसानों ने उर्वरकों के संतुलित उपयोग की जानकारी प्राप्त की। किसान पाठशाला से जुड़े लोगों का मानना है कि ऐसे कार्यक्रमों से न सिर्फ फसलों की पैदावार बेहतर होगी, बल्कि तकनीक पर आधारित खेती से मिट्टी व पर्यावरण भी संरक्षित रहेंगे। कार्यक्रम में कुल 109 किसानों ने भाग लिया जिसमें 80 महिला किसान तथा 29 पुरुष किसान शामिल थे। प्रशिक्षण सत्र में डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, कृषि वैज्ञानिक (एग्रोनॉमी) एवं डॉ. प्रतिभा कुमारी, मृदा वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र सिरीस ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन तथा टिकाऊ खेती की तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वयन जयदीप राजपूत, मार्केटिंग ऑफिसर, मेटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड द्वारा किया गया। उन्होंने किसानों को संतुलित पोषण प्रबंधन के महत्व तथा मेटिक्स के कृषि उत्पादों के प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विशेषज्ञों से अपनी फसलों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। अंत में किसानों ने ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को कृषि विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। मेटिक्स फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड किसानों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# नये अंचलाधिकारी का जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** हसपुरा अंचल कार्यालय में नवपदस्थापित अंचलाधिकारी (सीओ) सुनील कुमार का प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर 20 सूत्री अध्यक्ष चन्द्रकांत मुन्ना, पंचायत समिति प्रतिनिधि जय प्रकाश कुमार, राम जीवन सिंह, संगीत शिक्षक अरविंद कुमार वर्मा, पंचायत समिति सदस्य डॉ. ब्रह्मदेव प्रसाद तथा रामजीत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। स्वागत समारोह में सीओ सुनील कुमार ने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से सरकारी निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं जनहितकारी कार्य करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि हसपुरा बाजार एवं पचरुखिया बाजार को अतिक्रमण मुक्त रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी, ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके। वहीं, प्रखंड प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने नवपदस्थापित सीओ का स्वागत करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया।

# रफीगंज में विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार, दूसरा फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के पिपराही गांव में छापेमारी कर 92.625 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान एक आरोपित को गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरा पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि 13 जुलाई की शाम करीब सात बजे संध्या गश्ती के दौरान सूचना मिली थी कि पिपराही गांव निवासी नीतीश कुमार (पिता- प्रमोद यादव) और विकास यादव (पिता- जगदेव यादव) अपने-अपने घरों में अवैध विदेशी शराब का भंडारण कर बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम ने चौकीदार के साथ गांव में छापेमारी की। सबसे पहले विकास यादव के घर पर छापेमारी की गई। पुलिस को देखते ही वह फरार हो गया। तलाशी के दौरान उसके घर से रॉयल स्टैग ब्रांड की 24.75 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। इसमें 750 मिलीलीटर की 22 बोतल (16.5 लीटर) तथा 375 मिलीलीटर की 22 बोतल (8.25 लीटर) शामिल हैं। सभी बोतलों पर उत्तर प्रदेश में बिक्री हेतु अधिकृत अंकित था। इसके बाद पुलिस ने नीतीश कुमार के घर पर छापेमारी की। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे नीतीश कुमार को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके घर से 67.875 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई। इसमें रॉयल स्टैग की 750 मिलीलीटर की 30 बोतल (22.5 लीटर), 375 मिलीलीटर की 58 बोतल (21.75 लीटर), ब्लेंडर्स प्राइड की 750 मिलीलीटर की 21 बोतल (15.75 लीटर) तथा 375 मिलीलीटर की 21 बोतल (7.875 लीटर) शामिल हैं। सभी बोतलें उत्तर प्रदेश में बिक्री के लिए अधिकृत थी। दोनों घरों से कुल 92.625 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपित शराब के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद उसे बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए थाना लाया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है, जबकि फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# मां के नाम लगाए गए पौधे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर प्रखंड के शिवगंज गैवाल बिगहा में सामाजिक कार्यकर्ता रामेश्वर कुमार रौशन की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मां के नाम सैकड़ों पौधे लगाए गए। रामेश्वर कुमार रौशन ने बताया कि मां जिस तरह से अपने बच्चों को बड़े लाड़ प्यार से पालन पोषण करती है। इस उम्मीद से की वह बुढ़ापा में एक लाठी का सहारा बनेगा। उसी प्रकार पेड़ भी एक पुत्र के ही समान होते हैं। पेड़-पौधे सम्पूर्ण जीवन प्राणियों को आक्सीजन रुपी जीवन देता है। पेड़ जब तैयार हो जाता है तब उसे इमारतें बनाने में उपयोग किया जाता है। वहीं पर्यावरण संरक्षण करने, शुद्ध पर्यावरण बनाने के साथ ही आर्थिक दृष्टिकोण से भी लाभदायक है। हर लोगों को कम से कम मां के नाम पांच पेड़ लगा कर बच्चों की तरह उसका पोषण करें। सुरक्षित और संरक्षित रखें।

**Name Change**

I, hitherto known as Tejbhadur Singh s/o Chandrdeo Singh vill- Paswan, PS- Daudnagar, PO- Dhanawan, distt. - Aurangabad, Bihar PIN-824143 have changed my name and I shall hereafter be known as Ravindra Kumar

एक नजर

## पिता ने पुत्र समेत तीन अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई प्राथमिकी

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के चरकुपा गांव में एक पिता ने अपने ही पुत्र समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चरकुपा गांव निवासी बैजनाथ शर्मा ने रफीगंज थाना में दिए आवेदन में बताया है कि 7 जुलाई को करीब 12:30 बजे दोपहर वह गांव के दक्षिण दिशा स्थित अपने खेत की ओर गए थे। इसी दौरान उनका पुत्र मुकेश शर्मा तीन अज्ञात व्यक्तियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। इस संबंध में रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मुकेश शर्मा समेत तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## नामजद आरोपित गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने थाना कांड संख्या 273/26 से जुड़े पॉक्सो मामले में कार्रवाई करते हुए जोन्धी गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि पीड़िता के पिता के आवेदन पर रफीगंज थाना में मामला दर्ज किया गया था। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## फरार गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने शराब से जुड़े मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि कांड संख्या 342/2025 में नामजद अभियुक्त रामप्रवेश यादव को घर से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

बिहार सरकार
कृषि विभाग

# धान की रोपनी से पूर्व खेत की तैयारी



कृषक भाई धान के बिचड़े की रोपनी अभी कर रहे है। बिचड़ों की रोपनी के पूर्व मुख्य खेत को तैयार कर लें, ताकि समय पर इन बिचडों की रोपनी की जा सके।

**खेती की तैयारीः–** धान फसल की भरपूर पैदावार के लिए सर्वप्रथम रोपनी के 7–8 दिन पहले खेत को मिट्टी पलटने वाले जुताई यंत्र से जुताई करके खेत को 3–4 दिनों तक यूँ ही छोड़ देना चाहिए। इससे घास–पात एवं खेत में पड़े अन्य जैविक पदार्थ मिट्टी में दबकर सड़ जाते है, इसके बाद कम्पोस्ट या गोबर की सड़ी खाद डालकर जुताई यंत्र से 2–3 जुताई कर खेत को तैयार कर लेना चाहिए।

1. **रोपनीः–** रोपनी करने के समय कतार से कतार की दूरी और पौधों से पौधों की दूरी का बड़ा महत्व है। पौधा से पौधा एवं कतारसे कतार की दूरी 20–25 सेमी० होनी चाहिए। बिचड़ी की जड़ को कादों में 1 सेमी० से ज्यादा गहराई में नहीं रोपें एवं एक स्थान पर एक से दो बिचड़े ही लगाना चाहिए। सामान्य विधि से रोपनी के लिए 20–22 दिनों का बिचड़ा तथा श्री विधि से रोपनी के लिए 10–12 दिन के बिचड़े की रोपनी करें।
2. **सिंचाईः–** धान की फसल में पानी की अधिक आवश्यकता होती है। खेत में पानी का जमाव लगभग 2 से 3 सेमी० ही रखें। खेत में पानी का सही स्तर रहने पर फास्फेट, लौह तथा मैगनीशियम आदि तत्वों की उपलब्धता बढ़ जाती है एवं खरपतवार भी नियंत्रित रहता है। रोपनी से एक सप्ताह बाद तक पानी रखना चाहिए एवं बीच–बीच में यथा संभव खेत को पानी से खाली भी रखें ताकि कल्ले काफी संख्या में निकल सकें।
3. **खरपतवार नियंत्रणः–** खरपतवार फसल के दुश्मन होते है, अतः इसे निकालते रहना चाहिए। धान के बिचड़ा को रोपने के बाद 3 दिन के अंदर बुटाक्लोर 50%EC@2.5 लीटर या प्रेटिलाक्लोर 50% ई०सी० रोपनी के 3 दिनों के अंदर 1–1.5 ली० प्रति हेक्टेयर की दर से 50–60 किलों ग्राम सुखे बालू में मिलाकर खेत में बिखेर दें अथवा पानी में घोल बनाकर सतह पर छिड़काव कर दें। छिड़काव के समय खेत में हल्का पानी लगा रहना चाहिए। धान की सीधी बुआई (जीरो टिलेज या सीड ड्रील विधि) अथवा पैडी ट्रांसप्लांटर से लगाए गए धान फसल में खर–पतवार नियंत्रण हेतु सीधी बुआई के 3 से 5 दिनों के अन्दर ऑक्सीफ्लोरफेन 23.5% ई०सी० @650 मिली० अथवा पेन्डीमेथीलीन 30% ई०सी० @3.3 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर सूखे बालू में मिलाकर या पानी में घोल बनाकर खेत में व्यवहार किया जा सकता है। खरपतवारनाशी का व्यवहार निर्धारित समय–सीमा के अंदर ही करना चाहिए, छिड़काव हेतु यंत्र के गन में फ्लैटफैन नोजल या फ्लडजेट नोजल का ही व्यवहार करें।

कभी–कभी ऐसा देखा जाता है कि धान के बिचड़े दो से तीन पत्तियों की होने पर ऊपर से पीला–भूरा होकर सूखने लगता है, ऐसा लक्षण आने पर पत्तियाँ देखने में जला हुआ प्रतीत होता है तथा बीज स्थली दूर से सूखा दिखाई देता है। ऐसी स्थिति में मैंकोजेब 75% धु०चू० का 2.5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

PR No.- 007861 (Agriculture)D. 2026-27

नोट– अन्य जानकारी के लिए अपने सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण/जिला कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक से संपर्क किया जा सकता है।

संयुक्त निदेशक, पौधा संरक्षण
बिहार, पटना।

# छापेमारी से लौट रही पुलिस टीम की ट्रेलर से भिड़ंत, एक जवान की मौत, तीन घायल

## पुलिस महकमे में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** धनबाद जिले के मैथन थाना क्षेत्र में छापेमारी कर लौट रही हजारीबाग जिले के चलकुसा थाना की पुलिस टीम मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गई। इस दुर्घटना में एक पुलिस जवान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज धनबाद के बरामुड़ी स्थित अशर्फी अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार चलकुसा थाना की पुलिस टीम मैथन थाना क्षेत्र में छापेमारी की कार्रवाई पूरी कर सरकारी वाहन से वापस लौट रही थी। इसी दौरान सुबह करीब चार बजे बरवाअड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़ा पीपल के समीप जीटी रोड पर




पुलिस वाहन अनियंत्रित होकर पहले से सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में पुलिस जवान राम लखन यादव की मौत हो गई। वहीं नरेश कुमार, ग्रीन पासवान और गौरव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल बाहर निकालकर धनबाद के बरामुड़ी स्थित अशर्फी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। चिकित्सकों की निगरानी में घायलों की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार हादसे का मुख्य कारण वाहन की तेज रफ्तार मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस वाहन काफी गति से चल रहा था, जिसके कारण चालक सड़क पर पहले से खड़े ट्रेलर को समय रहते नहीं देख सका और वाहन सीधे पीछे से ट्रेलर में जा घुसा। हादसे की भीषणता से वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बरवाअड्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहन को हटाकर यातायात सामान्य कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि ट्रेलर सड़क पर किस परिस्थिति में खड़ा था और सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। इस हादसे से चलकुसा थाना के जवान राम लखन यादव की मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं घायल जवानों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है। घटना ने एक बार फिर हाईवे पर तेज रफ्तार और सड़क किनारे खड़े भारी वाहनों से होने वाले हादसों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# इडी की कार्रवाई में 3.87 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए लातेहार नक्सली हमले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में करीब 3.87 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त किया है। ईडी के अनुसार, यह कार्रवाई एम/एस संतोष कंस्ट्रक्शन तथा उससे जुड़े संतोष कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार उर्फ सोनू सिंह, मनीष कुमार, बैजनाथ गंझू, राजेश कुमार गंझू और रवींद्र गंझू की संपत्तियों पर की गई है। बताया गया कि यह कार्रवाई 22 नवंबर 2019 को झारखंड के लातेहार जिले में एनएच-75 के लुकुइया मोड़ पर हुए माओवादी हमले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के क्रम में की गई है। इस हमले में झारखंड पुलिस के चार जवान शहीद हो गए थे, जबकि माओवादियों ने पुलिस के हथियार और गोला-बारूद भी लूट लिए थे। ईडी का कहना है कि मामले की जांच धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जारी है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर संबंधित संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया गया है।

# उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित समाधान के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने सोमवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें और आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर आवेदकों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जहां नागरिक बिना किसी मध्यस्थ के अपनी समस्याएं रख सकते हैं। जिला प्रशासन जनसरोकार से जुड़े मामलों के त्वरित और पारदर्शी समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रेलवे इंजन के केबिन में लगेंगे एयर कंडीशनिंग सिस्टम

## भारतीय रेल के लोको पायलटों को गर्मी से मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** भारतीय रेल ने लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्रालय के निर्देश के बाद देशभर के विद्युत और डीजल चालित लोको (इंजन) के चालक केबिन में चरणबद्ध तरीके से एयर कंडीशनिंग प्रणाली स्थापित की जा रही है। पूर्व रेलवे के जमालपुर लोको शेड में भी इस अभियान के तहत कार्य शुरू हो गया है और एक विद्युत लोको में एयर कंडीशनिंग प्रणाली लगाकर उसे परिचालन के लिए रवाना कर दिया गया है। जमालपुर लोको शेड के वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता कृष्ण कुमार दास ने बताया कि शेड में कुल 41 विद्युत और डीजल



लोको में एयर कंडीशनिंग प्रणाली लगाने की योजना पर काम चल रहा है। इनमें से एक विद्युत लोको में प्रणाली स्थापित कर उसका सफल परीक्षण किया जा चुका है, जबकि शेष 40 लोको में भी चरणबद्ध तरीके से यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के बाद बाहर का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक होने पर भी लोको पायलट और सहायक लोको पायलट केबिन के भीतर लगभग 25 डिग्री तापमान में कार्य कर सकेंगे। वहीं सर्दियों में केबिन हीटर की व्यवस्था के माध्यम से भी चालक दल को लगभग 25 डिग्री तापमान उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे भीषण शीतलहर के दौरान भी कार्य करना आसान होगा।,कृष्ण कुमार दास ने कहा कि अत्यधिक गर्मी और ठंड दोनों ही परिस्थितियों में लंबे समय तक इंजन संचालन करना चुनौतीपूर्ण होता है। चालक केबिन में नियंत्रित तापमान मिलने से लोको पायलट और सहायक लोको पायलट की कार्यक्षमता बढ़ेगी, थकान कम होगी और रेल संचालन की सुरक्षा एवं दक्षता में भी सकारात्मक सुधार आएगा। जमालपुर लोको शेड के कनीय अभियंता शेख जमालुद्दीन ने बताया कि विद्युत चालित लोको के चालक केबिन में एयर कंडीशनिंग प्रणाली स्थापित करने की पूरी प्रक्रिया तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरी की गई है। उन्होंने बताया कि प्रणाली इस प्रकार विकसित की गई है कि इंजन के संचालन के दौरान भी यह प्रभावी ढंग से कार्य करती रहे। रेल अधिकारियों का मानना है कि चालक दल के लिए बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की यह पहल भारतीय रेल के आधुनिकीकरण अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे न केवल कर्मचारियों की सुविधा बढ़ेगी, बल्कि सुरक्षित, दक्ष और निर्बाध रेल परिचालन को भी मजबूती मिलेगी।

# मतदाता सूची की शत-प्रतिशत शुद्धता पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर - 2026) अभियान के तहत मंगलवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएल ए-2 की दूसरी बैठक तथा चुनाव पाठशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर जिले के सभी वरीय पदाधिकारियों, ईआरओ (इरो) एवं एईआरओ (ऐरो) ने अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ और बीएलए -2 के साथ बैठक कर गणना प्रपत्रों की शत-प्रतिशत शुद्धता, समयबद्ध निष्पादन तथा त्रुटिरहित



संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एएसडीडी (एब्सेंट, शिफ्टेड, डेड एवं डुप्लीकेट) मतदाताओं के सत्यापन, मतदाता सूची में नाम जोड़ने और विलोपन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बीएलओ और बीएलए2 के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन एवं विश्वसनीय बनाने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त रामनिवास यादव ने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं अभियान की सतत मॉनिटरिंग करने का निर्देश देते हुए कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की आधारशिला है। उन्होंने प्रत्येक गणना प्रपत्र का सावधानीपूर्वक सत्यापन कर निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा प्रत्येक मतदान केंद्र पर आयोजित बैठक में बीएलओ, बीएलए-2, जनप्रतिनिधियों एवं मतदाताओं से सुझाव और फीडबैक भी एकत्र करने के निर्देश दिए गए, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को और अधिक प्रभावी, सहभागी एवं पारदर्शी बनाया जा सके।जिला प्रशासन ने बताया कि एसआईआर-2026 अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य पूरी पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ किए जा रहे हैं, जिससे मतदाता सूची को पूर्णतः अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा सके।

# सभी मतदान केंद्रों पर द्वितीय बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए है, गैर भारतीय इस प्रक्रिया में भाग न लें यह दंडनीय अपराध है। गैर भारतीय को यदि इन्यूमरेशन फॉर्म प्राप्त होता है तो वो इसे बिना भरे एवं हस्ताक्षर किए उचित कारण बताकर बीएलओ को लौटा दें। श्री के. रवि कुमार मंगलवार को लोहरदगा में मतदान केंद्रों पर आयोजित बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उपस्थित सभी बीएलओ, बीएलए, चुनाव पाठशाला के मेंबर्स के साथ मिलकर एसआईआर संबंधी उपके जानकारियों को जाना एवं बीएलओ को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित भी किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राज्य के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें बीएलओ द्वारा अपने मतदान केंद्र के एएसडीडी सूची को पढ़कर सुनाई गई। 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलए 2 की तृतीय एवं अंतिम बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की कार्यवाही एवं फोटो भी बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाएगा। 22 जुलाई की बैठक में एएसडीडी सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा जिसके 5 अगस्त को मतदाता सूची के ड्राफ्ट पब्लिकेशन के साथ साथ एएसडीडी सूची का भी प्रकाशन किया जाएगा। श्री के. रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची के नाम एसआईआर के ड्राफ्ट मतदाता सूची में न छुटे, एएसडीडी सूची को मूर्त रूप देते समय सभी बीएलओ एवं बीएलए 2 विशेष ध्यान रखकर कार्य करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रहने वाली 5 श्रेणियां जिन्हें एएसडीडी सूची में डाला गया है एवं इन्हें प्रारूप मतदाता सूची से बाहर रखा जाएगा निम्न प्रकार है:- ऐसे मतदाता जिनका नाम एक से अधिक जगह दर्ज है। वे जहाँ सामान्य रूप से रहते हैं, वहाँ के फॉर्म पर हस्ताक्षर करेंगे और बाकी जगहों के फॉर्म को बिना हस्ताक्षर किए कारण लिखकर बीएलओ को लौटा देंगे। मृत मतदाताओं के परिवार के सदस्य फॉर्म पर हस्ताक्षर किए बिना, कारण लिखकर बीएलओ को वापस करेंगे । जो मतदाता रोजगार, शादी या अन्य कारणों से स्थायी रूप से चले गए हैं। यदि पूरा परिवार शिफ्ट हो गया है, तो बीएलओ फील्ड वेरिफिकेशन के आधार पर फॉर्म पर कारण दर्ज करेंगे। ऐसे मतदाता जिनके बारे में स्थानीय लोगों या बीएलओ को कोई जानकारी नहीं है। बीएलओ जांच के बाद इनके फॉर्म पर कारण दर्ज कर बीएलओ ऐप पर अपलोड करेंगे। गैर भारतीय (चाहे कानूनी या अवैध रूप से रह रहे हों) भारत की मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सकते। उनसे उम्मीद की जाती है कि वे फॉर्म पर हस्ताक्षर न करें। फॉर्म पर हस्ताक्षर कर झूठी घोषणा देना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के धारा 31 के तहत दंडनीय अपराध है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के लोहरदगा भ्रमण के दौरान उन्होने मतदान केंद्र संख्या 259, 260,261, 272, 273 एवं 274 पर आयोजित बीएलओ एवं बीएलए 2 की बैठक एवं चुनाव पाठशाला में शामिल हुए। इस अवसर पर उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, निदेशक आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अमित कुमार, अतिरिक्त एईआरओ मुक्ति किंडो सहित सभी संबंधित बूथों के बीएलओ, बीएलए-2, बीएलओ सुपरवाइजर, वालंटियर एवं स्थानीय गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अज्ञात युवक का शव बरामद

**बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के बरियाही कर नदी पुल के नीचे मंगलवार को लगभग 22 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव नदी में बहता हुआ दिखाई देने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों के अनुसार शव नग्न अवस्था में था और पश्चिम दिशा से तेज बहाव के साथ पूर्व दिशा की ओर बह रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों ने तत्काल शिवाजीनगर थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही शिवाजीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और नदी से शव को बाहर निकालने का प्रयास किया। हालांकि नदी में जलस्तर अधिक होने तथा तेज बहाव के कारण पुलिस को सफलता नहीं मिल सकी। देखते ही देखते शव तेज धारा के साथ आगे पूर्व दिशा की ओर बह गया।

# प्रभारी बीइओ मेघा वर्मा ने संभाला पदभार, शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने को बताया प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** नावकोठी प्रखंड के प्रखंड संसाधन केंद्र भवन में मंगलवार को प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) के रूप में मेघा वर्मा ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। पूर्व प्रभारी बीईओ सह बीडीओ राहुल रंजन ने उन्हें विभागीय अभिलेख एवं कार्यभार सौंपा।पदभार ग्रहण के बाद बीआरसी परिसर में उपस्थित प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षा विभाग के कर्मियों ने मेघा वर्मा का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा तथा शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी और परिणामोन्मुख बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय से छीजित एवं ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सभी प्रधानाध्यापकों एवं शिक्षकों के सहयोग से कार्य किया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से नियमित पठन-पाठन, समय पालन एवं विभागीय निर्देशों के अनुपालन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उल्लेखनीय है कि मेघा वर्मा अपने मूल विभागीय दायित्वों के साथ-साथ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी।

# औरंगाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक में व्यापारियों के हितों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स की मासिक बैठक सर्किट हाउस सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिले के व्यापारियों की समस्याओं, व्यापारिक विकास और संगठन को मजबूत बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बड़ी संख्या में चैंबर के पदाधिकारी एवं सदस्य बैठक में शामिल हुए। बैठक में व्यापारियों की सुरक्षा, व्यापार को बढ़ावा देने, जिले में नए उद्योगों की स्थापना, निवेश आकर्षित करने तथा स्थानीय व्यापारियों को उद्योग एवं निवेश योजनाओं से जोड़ने पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही मुख्य बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा विशेष रूप से ज्वेलर्स व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। बैठक के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर व्यापारियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने, जिले की आर्थिक



गतिविधियों को गति देने तथा राज्य सरकार के समक्ष व्यापारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने पर भी चर्चा हुई। चैंबर ने संगठन के विस्तार के लिए जिलेभर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया, ताकि अधिक से अधिक व्यापारियों को संगठन से जोड़कर उसकी मजबूती और प्रभावशीलता बढ़ाई जा सके। इस अवसर पर हाल ही में चैंबर से जुड़े नए सदस्यों का पुष्पगुच्छ एवं सम्मान-पत्र देकर स्वागत किया गया तथा उनसे व्यापारियों के हितों की रक्षा और संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। बैठक के अंत में चैंबर ऑफ कॉमर्स ने विश्वास व्यक्त किया कि व्यापारियों की एकजुटता और सहयोग से औरंगाबाद में व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी। अध्यक्षता अध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने की।

# जिला शिक्षा पदाधिकारी का शिक्षक संघ ने किया अभिनंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, जिला इकाई औरंगाबाद की ओर से भाकपा कार्यालय, टिकरी रोड स्थित शिक्षक संघ कार्यालय में नवांगतुक जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष चंद्रकांत प्रसाद ने की, जबकि जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। स्वागत भाषण संयुक्त सचिव कौशल किशोर ने दिया। समारोह में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर



का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह से पूर्व जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रखंड अध्यक्षों ने शिक्षकों की लंबित समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें नियोजित शिक्षकों की प्रोन्नति, एरियर भुगतान, आवास भत्ता, पीएम श्री विद्यालयों को उच्च विद्यालयों से जोड़ने सहित प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय अध्यापकों से संबंधित विभिन्न समस्याएं शामिल थीं। इन सभी मांगों का समेकित प्रतिवेदन जिला मंत्री पुरुषोत्तम शर्मा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष चंद्रकांत प्रसाद ने कहा कि नए जिला शिक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व में जिले के शिक्षकों की लंबित समस्याओं का समयबद्ध समाधान होगा तथा शिक्षा विभाग और शिक्षक संगठन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। अपने संबोधन में जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शिक्षकों एवं विद्यालयों की समस्याओं का त्वरित और सकारात्मक समाधान करना है। उन्होंने औरंगाबाद जिले के शिक्षकों की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें यहां सदैव सम्मान, सहयोग और स्नेह मिला है। उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रोन्नति के मुद्दे पर उन्होंने स्पष्ट कहा कि टीईटी उत्तीर्ण किए बिना प्रोन्नति का कोई प्रावधान नहीं है। कार्यक्रम में परिमल कुमार, राम निवास राम, राजेश कुमार, डॉ. जावेद आलम, देव प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष सिंह, उपाध्यक्ष चित्तरंजन कुमार गुप्ता, कमलेश यादव, मीडिया प्रभारी संजीत कुमार, राजेंद्र राम, उमा शंकर बैठा, श्रीमती शमशी सहित जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# पीएचसी के समीप नवजात का शव बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पूरब स्थित एक खेत से मंगलवार को नवजात का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए। काफी प्रयास के बावजूद नवजात की पहचान नहीं हो सकी।स्थानीय लोगों के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि किसी स्थान पर जन्म के बाद मृत नवजात को रात के अंधेरे में लाकर खेत में फेंक दिया गया। घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि सोमवार रात से मंगलवार दिन तक अस्पताल में किसी भी मृत शिशु का जन्म नहीं हुआ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बरामद नवजात का पीएचसी से कोई संबंध नहीं है।घटना की सूचना मिलने पर नावकोठी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बेगूसराय भेज दिया।

# दरभंगा में नई शाखा के साथ आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने बिहार में किया विस्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने दरभंगा और पटना में दो नई शाखाओं का उद्घाटन कर बिहार में अपने नेटवर्क का विस्तार किया है। कंपनी का कहना है कि दरभंगा शाखा के माध्यम से क्षेत्र के ग्राहकों को हाउसिंग फाइनेंस सेवाओं तक बेहतर पहुंच उपलब्ध होगी और घर खरीदने की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। नई शाखा के जरिए एबीएचएफएल किफायती गृह ऋण, प्रीमियम गृह ऋण, निर्माण वित्त तथा संपत्ति के बदले ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कंपनी के अनुसार, उसकी डिजिटल ऋण प्रक्रिया ग्राहकों को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा अनुभव प्रदान करेगी। शाखा के शुभारंभ के अवसर पर कंपनी 14 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक विशेष ऑफर के तहत शून्य लॉगिन फीस और 50 लाख रुपये तक के गृह ऋण की मौके पर मंजूरी की सुविधा दे रही है।

# बरौनी रिफाइनरी एवं उसकी परिधि को नो ड्रोन जोन किया गया घोषित

## अनुमण्डल दंडाधिकारी ने जारी किया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनुमंडल दण्डाधिकारी, बेगूसराय द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी परिसर एवं उसके चारों ओर 2 किलोमीटर की परिधि को तत्काल प्रभाव से नो ड्रोन जोन घोषित किया गया है। यह आदेश आईओसीएल बरौनी रिफाइनरी के मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) के अनुरोध तथा जिला पदाधिकारी, बेगूसराय के निर्देश के आलोक में जारी किया गया है। भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा गैर-पारंपरिक हवाई खतरों से सुरक्षा संबंधी जारी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप रिफाइनरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई है।जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंधित क्षेत्र में ड्रोन एवं यूएवी, पैरा ग्लाइडर, पैरा मोटर, पावर्ड हैंग ग्लाइडर, माइक्रो-लाइट एयरक्राफ्ट तथा हॉट एयर बैलून सहित किसी भी प्रकार की गैर-पारंपरिक हवाई वस्तु के उड़ान संचालन पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति, असामाजिक अथवा राष्ट्रविरोधी तत्व इस प्रतिबंध का उल्लंघन करता है, तो रिफाइनरी की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा बल प्रतिबंधित क्षेत्र में उड़ने वाले किसी भी अनधिकृत ड्रोन अथवा अन्य गैर-पारंपरिक हवाई वस्तु को सुरक्षा मानकों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई करते हुए निष्क्रिय करने के लिए अधिकृत होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है तथा अगले आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश के अनुपालन हेतु नगर, रिफाइनरी, बरौनी, सिंघौल, जीरोमाइल एवं चकिया थाना सहित संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनज़र जारी इस आदेश का पूर्णतः पालन करें तथा प्रतिबंधित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के ड्रोन अथवा अन्य प्रतिबंधित हवाई उपकरण का संचालन न करें।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर 14 को योग दिवस अनिवार्य

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सरकार के निर्देश पर अब प्रत्येक माह की 14 तारीख को सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा दिवस' के साथ योग दिवस मनाना अनिवार्य किया गया है।

इसी क्रम में सोमवार को प्रखंड अंतर्गत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहली बार योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सरल योगासन, प्राणायाम और शारीरिक व्यायाम किया। जिसमें संबंधित कर्मी अपनी अपनी दी।इस दौरान अभिभावकों और ग्रामीणों को बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## जनसहयोग शिविर में प्राप्त 73 आवेदनों का ऑनलाइन निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र के समसा पंचायत भवन पर मंगलवार को जन शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से जनसहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता डीटीओ सह नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने की। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों की सुनवाई की गई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए गए। शिविर में राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, रसीद निर्गत, जलजमाव, बिजली एवं वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। डीटीओ सह नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना तथा प्रशासन और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कई लाभुकों को जन्म प्रमाण ,पत्र प्रमाण पत्र, राशन कार्ड वितरण किये। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों से पूर्व में ऑनलाइन प्राप्त 76 आवेदनों में से 73 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है। वहीं मंगलवार को आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों से 55 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को सुनवाई एवं निष्पादन के लिए सौंप दिया गया है। जिनका निपटारा 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली विभाग तथा वृद्धावस्था पेंशन, भूमि एवं राजस्व विभाग आदि से संबंधित सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।मौके पर बीडीओ राहुल रंजन, बीसीओ अनिल कुमार चौधरी, बीपीआर ओ जितेंद्र कुमार, एमओ मनोज कुमार, बीएओ रौशन कुमार, राजस्व अधिकारी लवली कुमारी, स्थानीय मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू , पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी, रंजीत कुमार, रामानंद चौधरी,पंचायत सचिव चंदन कुमार, एलएस कृष्णा कुमारी, थाना अध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस, कार्यपालक सहायक सोनू कुमार, कनीय अभियंता निरंजन कुमार ,बिजली विभाग से प्रवीण कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक फुलेना, पैक्स अध्यक्ष अशोक कुमार, यूको बैंक शाखा प्रबंधक सौरभ आनंद, सुनील कुमार, राजाराम कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण और फरियादी उपस्थित थे।

## एआइएमआईएम के प्रखंड अध्यक्ष सहित दर्जनों लोग कांग्रेस में शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास की गरिमामयी उपस्थिति में शिवशक्ति ज्योति नगर सहिलोरी में भगवानपुर प्रखंड कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष रामबाबू तांती के नेतृत्व में एआईएमआईएम के यूथ प्रखंड अध्यक्ष मो0 शाहबाज़ ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस की नीतियों, विचारधारा एवं जनसेवा के संकल्प में विश्वास व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मो0 शाहबाज़, मो0 परवेज, मोहम्मद खुर्शीद आलम, मोहम्मद जानिश, मोहम्मद नसिम सहित दर्जनों युवाओं एवं स्थानीय लोगों ने कांग्रेस परिवार का दामन थामा। जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास एवं भगवानपुर प्रखंड अध्यक्ष रामबाबू तांती ने सभी नवसदस्यों को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर पार्टी में आत्मीय स्वागत किया और उन्हें संगठन की मजबूती के लिए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का आह्वान किया। सदस्यता ग्रहण के उपरांत सभी नेताओं एवं नवसदस्यों ने सहिलोरी स्थित ज्योति परिसर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी तथा बिहार के लोकप्रिय जननेता, पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद स्वर्गीय रामदेव राय की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान सभी ने संविधान की रक्षा, सामाजिक सौहार्द, जनहित के मुद्दों पर संघर्ष, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा आम जनता की आवाज़ को बुलंद करने का सामूहिक संकल्प लिया।कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं किसानों से जुड़े गंभीर मुद्दों से जूझ रही है। ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी ही संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और भाईचारे की भावना को मजबूती से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की जनपक्षीय नीतियों और संघर्षशील विचारधारा से प्रभावित होकर लगातार विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक संगठनों से लोग कांग्रेस परिवार से जुड़ रहे हैं, जो संगठन की बढ़ती स्वीकार्यता का प्रमाण है। कार्यक्रम में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष यशवंत चौधरी, मंडल अध्यक्ष मो युनीस, इन्द्रदेव राय, पूर्व प्रमुख कृष्ण कुमार राय, पूर्व उप प्रमुख संजीव गुप्ता,राम पुनीत रजक,नंदलाल यादव,सीताराम सहनी,रामाश्रय राय सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जिले के दस प्रखंडों में आयोजित किया गया सहयोग शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

सहयोग शिविर

**बेगूसराय।** जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में मंगलवार को दर्जनों पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से मंगलवार को जिले के 10 प्रखंडों की कुल 13 ग्राम पंचायतों में 13 वरीय पदाधिकारियों की अध्यक्षता में सहयोग शिविर आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शिविरों में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का अधिकतम 10 दिनों के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित सहयोग शिविरों में संबंधित 13 ग्राम पंचायतों से अब तक कुल 914 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 693 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। जबकि शेष 223 आवेदनों पर संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्रों में अब तक कुल 2,091 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,826 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष 265 शिकायतों के समाधान हेतु संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा उनका भी शीघ्र निष्पादन किया जाएगा।सहयोग शिविरों में मुख्य रूप से राशन कार्ड, जॉब कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, दाखिल-खारिज (म्यूटेशन), लगान रसीद सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। इनमें से अनेक मामलों का निष्पादन शिविर स्थल पर ही करते हुए लाभुकों को तत्काल सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया।जिला प्रशासन द्वारा सहयोग शिविर के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान हेतु सभी संबंधित विभागों को सक्रिय रूप से कार्य करने का निर्देश दिया गया है, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिक तक शीघ्रता से पहुँचाया जा सके।

## छात्रों को जोड़ने को लेकर कांग्रेस का जनजागरण अभियान

### एपीएस +2 स्कूल व विकास इंस्टीट्यूट में पहुंचा जनजागरण रथ, छात्रों ने सुने संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पंपलेट वितरित कर लोगों को किया गया जागरूक**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एपीएस +2 स्कूल एवं विकास इंस्टीट्यूट, नावकोठी में मंगलवार को कांग्रेस के जनजागरण रथ के पहुंचने पर छात्रों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। रथ पर लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी का संदेश एवं उनके भाषण का प्रसारण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों और कार्यकर्ताओं ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष निशा शर्मा ने की। इस दौरान छात्रों के बीच पंपलेट वितरित कर उन्हें अभियान से जुड़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष रजनीकांत पाठक ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ न्याय नहीं कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में लगातार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। साथ ही रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं कराए जाने से बेरोजगारी बढ़ रही है। उन्होंने महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार पर भी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनका भविष्य असुरक्षित हो गया है, लेकिन सरकार इस दिशा में गंभीर नहीं दिख रही है।उन्होंने कहा कि छात्रों का उत्साहपूर्ण समर्थन इस बात का संकेत है कि युवा अब अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो चुके हैं। कांग्रेस छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई आगे भी मजबूती से जारी रखेगी। मौके पर संगठन प्रभारी सुमनजीत सुमन, सुरेश पासवान, बलबीर शर्मा, मो. अहमद, श्रीराम सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### लोगों की शिकायतों ...

तक पहुंच रहा है तो इसका अर्थ है कि निचले स्तर पर उसका उचित निस्तारण नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीओ, बीडीओ स्तर पर निस्तारित आवेदनों की नियमित समीक्षा एसडीओ, डीसीएलआर और जिलाधिकारी करें। वहीं प्रमंडलीय आयुक्त और विभागीय सचिव भी निर्णयों की लगातार निगरानी करें। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, विभिन्न विभागों के मंत्री, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### रेलवे में 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' के...

का उपयोग बढ़ेगा, समय की बचत होगी और उर्वरकों को वर्षा व अन्य मौसम संबंधी नुकसान से भी सुरक्षा मिलेगी।

**रेल परियोजनाओं में कार्यरत कारीगरों का कौशल प्रमाणन**

रेल मंत्रालय ने रेलवे परियोजनाओं में कार्य करने वाले कारीगरों के लिए नई कौशल विकास नीति भी लागू की है। इसके तहत वेल्डिंग, फिटिंग, राजमिस्त्री तथा अन्य तकनीकी कार्यों में लगे श्रमिकों की पहचान, मूल्यांकन और प्रमाणन की व्यवस्था की जाएगी। नई प्रणाली में परियोजना के अनुसार आवश्यक कौशल निर्धारित किया जाएगा और श्रमिकों की मौखिक तथा व्यावहारिक परीक्षा ली जाएगी। सफल अभ्यर्थियों को क्यूआर कोड आधारित प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा, जिसे ऑनलाइन सत्यापित किया जा सकेगा। इसकी शुरुआत पुलों और सुरंगों जैसी बड़ी परियोजनाओं से होगी तथा अगले 24 महीनों में इसे सभी रेलवे जोनों और उत्पादन इकाइयों तक विस्तारित किया जाएगा।

**निर्माण कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी**

रेल मंत्री ने बताया कि रेलवे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के लिए नई निर्माण नीति लागू की गई है। अब ठेके की शुरुआत में ही 10 प्रतिशत प्रदर्शन सुरक्षा राशि जमा करनी होगी। पहले यह राशि कार्य के दौरान बिलों से काटी जाती थी। इसके अलावा जिन ठेकेदारों पर उनकी कुल संपत्ति के 50 प्रतिशत से अधिक मूल्य के मुकदमे लंबित होंगे, वे रेलवे निविदाओं में भाग नहीं ले सकेंगे। जोखिम प्रबंधन को मजबूत बनाने के लिए ठेकेदारों के लिए सर्व जोखिम बीमा और व्यावसायिक क्षतिपूर्ति बीमा भी अनिवार्य किया गया है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए रेल भूमि नामक डिजिटल मंच विकसित किया गया है, जिसे रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र ने तैयार किया है। यह मंच विभिन्न रेलवे प्रणालियों को जोड़ते हुए भूमि अधिग्रहण, निगरानी और परियोजना प्रबंधन को गति देगा।

**वैगन डिजाइन में उद्योगों को मिलेगा अवसर**

रेल मंत्रालय ने माल वैगनों के डिजाइन अनुमोदन की नई नीति भी लागू की है। अब उद्योग और निर्माता विभिन्न वस्तुओं की आवश्यकता के अनुसार विशेष प्रकार के माल वैगनों का डिजाइन तैयार कर सकेंगे। रेलवे डिजाइन एवं मानक संगठन प्रस्तावों का परीक्षण करेगा। प्रारंभिक स्वीकृति के बाद प्रोटोटाइप तैयार होगा, फिर स्थैतिक और गतिशील परीक्षण, पूर्ण रैक परीक्षण तथा रेल सुरक्षा आयुक्त की जांच के बाद रेलवे बोर्ड अंतिम स्वीकृति देगा। इस नीति से इस्पात, पेट्रोलियम, रसायन, दूध, प्लास्टिक और अन्य उद्योगों के लिए विशेष वैगन विकसित किए जा सकेंगे, जिससे माल परिवहन अधिक कुशल और आधुनिक बनेगा।

**पेट्रोलियम क्षेत्र को भी मिलेगी नई सुविधा**

रेल मंत्री ने बताया कि अब तक पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक उत्पादों के परिवहन के लिए उपयोग होने वाले टैंक वैगनों का स्वामित्व भारतीय रेल के पास होता था। नई नीति के तहत तेल कंपनियां अपनी आवश्यकता के अनुसार विशेष टैंक वैगन स्वयं खरीद सकेंगी या पट्टे पर लेकर भारतीय रेल नेटवर्क पर संचालित कर सकेंगी। इससे उद्योगों को अधिक लचीलापन मिलेगा और पेट्रोलियम उत्पादों का परिवहन अधिक दक्ष और आधुनिक बन सकेगा। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य केवल रेलवे की कार्यप्रणाली बदलना नहीं, बल्कि देश की आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना, लॉजिस्टिक्स लागत कम करना, निजी निवेश को प्रोत्साहित करना और भारतीय रेल को विश्वस्तरीय माल परिवहन प्रणाली के रूप में विकसित करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि इन नीतिगत सुधारों से रेलवे के आधुनिकीकरण के साथ देश की औद्योगिक और आर्थिक प्रगति को भी नई गति मिलेगी।

## मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही लक्ष्य प्राप्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा की गौरवशाली पूर्व छात्रा डॉ. अवनी जमुआर द्वारा एमबीबीएस की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर विद्यालय परिवार ने उनका भव्य एवं गरिमामय स्वागत किया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में निदेशक प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। नवमीं से बारहवीं के सैंकड़ों छात्रों ने पुष्प वर्षा कर शानदार सम्मान किया। ज्ञात हो कि डॉ. अवनी जमुआर ने पूर्व में अपनी दसवीं एवं बारहवीं की शिक्षा मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर, नवादा से प्राप्त की थी। उन्होंने दोनों बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई दसवीं में 98% और बारहवीं में 97% अंक प्राप्त कर जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया था। 12वीं के बाद पहली बार में ही उन्होंने नीट की परीक्षा में 650 अंक प्राप्त कर एनएमसीएच पटना में एडमिशन लिया था। जहां एमबीबीएस की फाइनल परीक्षा में सभी विषयों में डिस्टिकशन और गोल्ड मेडलिस्ट की डिग्री प्राप्त कर उन्होंने विद्यालय एवं जिले का नाम एक बार फिर गौरवान्वित किया है। नीट की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर नालंदा मेडिकल कॉलेज से अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर गोल्ड मेडलिस्ट की डिग्री लेने के बाद नवादा पहुँची। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. अनुज सिंह ने कहा कि डॉ. अवनी जमुआर की सफलता विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ अनुज सिंह ने कहा कि पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए मॉडर्न में बेहतर विकल्प है। अपने संबोधन में डॉ. अवनी जमुआर ने अपने गुरुजनों एवं विद्यालय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा, संस्कार और मार्गदर्शन ने उनके जीवन को सही दिशा दी। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं वो मॉडर्न स्कूल के शिक्षकगण और माता- पिता की वजह से संभव हुआ है। उन्होंने सभी का शुक्रिया और आभार व्यक्त किया। समारोह के अंत में विद्यालय परिवार ने डॉ. अवनी जमुआर के उज्ज्वल चिकित्सकीय जीवन की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। पूरे विद्यालय परिसर में हर्ष, गर्व और प्रेरणा का वातावरण बना रहा।

## मेगा क्विज प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार को शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मेगा क्विज-6 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास करना तथा उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना था।उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकहा-ररिऔना में आयोजित प्रतियोगिता का संचालन प्रधानाध्यापक सरोज कुमार की देखरेख में शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने ई-शिक्षा कोष से प्राप्त प्रश्नपत्र के आधार पर अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम में कक्षा नौवीं में आशुतोष कुमार प्रथम, मोनिका कुमारी द्वितीय एवं रौशन कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कक्षा दसवीं में हिमांशु कुमार ने प्रथम तथा राहत प्रवीण ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गुलिस्तां बानो, मोहित कुमार एवं अभिनव कुमार संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को विद्यालय परिवार की ओर से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के सफल संचालन में शिक्षक दर्शन कुमार पोद्दार, विनय कुमार, अनीता राय, महफूज आलम, नवनिता कुमारी एवं मनीष कुमार सहित अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खुद वेंटिलेटर पर है 157 साल पुराना कहलगांव पीएचसी

### पिछले 16 वर्षों से किसी 'तारणहार' की तलाश में है प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

**नीरज गुप्ता/ नवबिहार टाइम्स**

**मेरा भी उद्धार कीजिए**



**शानदार इतिहास, बदहाल वर्तमान**

**कहलगांव (भागलपुर)।** शहर के हृदय स्थल में धड़कने वाला 157 साल पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कहलगांव आज खुद वेंटिलेटर पर अपनी आखिरी सांसें गिन रहा है। अंग्रेजी हुकूमत के दौर से लेकर आज तक, पीढ़ी-दर-पीढ़ी लाखों लोगों को सेहत का वरदान देने वाला यह ऐतिहासिक अस्पताल पिछले 16 वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। 2008-09 में अनुमंडल अस्पताल के चालू होने पर इस पीएचसी को उसी में शिफ्ट करने से यहां पर सुविधाएं नाममात्र की यह गयी है। इस व्यवस्था से शहरवासी काफी नाराज़ हैं। अब इस स्वास्थ्य धरोहर को अब किसी ऐसे 'तारणहार' का इंतजार है जो इसका कायाकल्प कर सके।

सन 1869 में स्थापित यह अस्पताल सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि कहलगांव के इतिहास का गवाह है। अंग्रेजी शासनकाल से ही इसने शहरी आमजन को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की हैं। इस केंद्र पर मानक के अनुरूप सभी सुविधाएं मौजूद थी। लेकिन विडंबना देखिए कि जो अस्पताल कभी बीमारों को जीवनदान देता था, आज वह पिछले डेढ़ दशक से खुद वेंटिलेटर पर है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव, जर्जर भवन एवं संसाधनों की कमी के कारण यह पीएचसी वर्तमान में स्थानीय जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से उदासीन बना हुआ है। पीएचसी के जर्जर भवन को निष्क्रिय घोषित कर दिया गया है। लेकिन विभाग के पास इस अस्पताल की बेहतरी के लिए कोई योजना नहीं है।

विगत 11 जुलाई को कहलगांव की जनता के बीच एक नई उम्मीद जगी थी। भागलपुर की नवनियुक्त जिलाधिकारी अलंकृता पाण्डेय कहलगांव स्थित पीएचसी आने वाली थी। शहर के प्रबुद्ध नागरिक एवं आम जनता अपनी डीएम साहिबा का गर्मजोशी से स्वागत करने और इस ऐतिहासिक अस्पताल की बदहाली की फरियाद उन तक पहुंचाने के लिए पलकें बिछाए इंतजार कर रहे थे। लेकिन किसी कारणवश डीएम साहिबा का यह कार्यक्रम रद्द हो गया। इस खबर से बेसब्री से इंतजार कर रहे स्थानीय लोगों एवं सामाजसेवी को भारी निराशा हाथ लगी। कहलगांव की जनता आज इस उम्मीद में है कि स्वास्थ्य महकमा इस ऐतिहासिक स्वास्थ्य केंद्र की सुध कब लेगा। अब देखना यह है कि भागलपुर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग इस 157 साल पुराने स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार कर कहलगांव की जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं का हक कब तक दिला पाते हैं। क्या डीएम अलंकृता पाण्डेय इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए 'तारणहार' साबित होंगी यह सवाल आज हर कहलगांव वासी की जुबान पर है।

## नीतीश कुमार ने केसोपुर पहुंच पूर्व मुखिया लालती देवी को दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जनता दल (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को नालंदा जिले के हिलसा प्रखंड के केसोपुर गांव पहुंचे। यहां उन्होंने जद (यू) के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार की दिवंगत धर्मपत्नी एवं पूर्व मुखिया स्वर्गीय लालती देवी के बरखी कार्यक्रम में शामिल होकर उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नीतीश कुमार ने शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। उन्होंने दिवंगत पुण्यात्मा की आत्मा की शांति तथा शोक-संतप्त परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। बरखी कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधायक प्रेम मुखिया सहित जद (यू) के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी उपस्थित होकर स्वर्गीय लालती देवी को श्रद्धासुमन अर्पित किए। दसवीं और बारहवीं का जिला टॉपर एवं एनएमसीएच पटना से एमबीबीएस मे गोल्डमेडलिस्ट मॉडर्न स्कूल की पूर्व छात्रा डॉ. अवनी जमुआर का मॉडर्न कुंती नगर में भव्य स्वागत किया।

# शिकायतों का होगा त्वरित एवं पारदर्शी समाधान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम हॉल में राज्य स्तरीय 'सहयोग कार्यक्रम' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित आवेदन प्राप्ति केंद्र तथा देशरत्न मार्ग तक विकसित 'सहयोग पथ' का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए। औरंगाबाद जिले से जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, उप विकास आयुक्त कुमारी अनुपम सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, निदेशक, डीआरडीए अनुपम कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी समाहरणालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया में आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा प्रत्येक मामले का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आम नागरिकों को प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला स्तर पर लंबित अथवा अनसुलझे मामलों के समाधान के लिए राज्य स्तरीय सहयोग शिविर एक प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य करेगा। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में चयनित आवेदकों के मामलों की सुनवाई की गई तथा संबंधित मामलों का नियमानुसार निष्पादन किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को पटना स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय में राज्य स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विशेष रूप से उन आवेदकों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिनकी शिकायतों का समाधान जिला स्तर पर संतोषजनक रूप से नहीं हो सका है। ऐसे आवेदकों की शिकायतों की सुनवाई राज्य स्तर पर की जाएगी। राज्य स्तरीय सहयोग शिविर में भाग लेने के इच्छुक आवेदक पोर्टल पर अपने पूर्व आवेदन के संदर्भ संख्या के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच के उपरांत पात्र आवेदकों को शिविर में उपस्थित होने की तिथि एवं समय की सूचना एसएमएस के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में औरंगाबाद जिला प्रशासन सहयोग शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निष्पादन समयबद्ध सुनिश्चित कर रहा। अब तक कुल 11139 आवेदन प्राप्त हुए है जिनमे से 10700 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। औरंगाबाद का निष्पादन प्रतिशत 96 प्रतिशत है। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिला स्तर पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए ताकि अधिकाधिक मामलों का समाधान जिला स्तर पर ही किया जा सके तथा आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से राज्य स्तर पर नहीं आना पड़े।

# देव सूर्य मंदिर के आसपास होमस्टे योजना लागू

## स्थानीय लोगों की आमदनी बढ़ाने के लिए की गयी पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** विश्व प्रसिद्ध देव सूर्य मंदिर को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी होमस्टे योजना में शामिल कर लिया गया है। इस फैसले से न केवल धार्मिक पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है, बल्कि मंदिर के आसपास रहने वाले स्थानीय परिवारों के लिए रोजगार और आय के नए अवसर भी खुलेंगे। सरकार का उद्देश्य है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को स्थानीय संस्कृति, परंपरा और आतिथ्य का अनुभव कराया जाए, जिससे पर्यटन के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो सके। बता दें कि देव सूर्य मंदिर बिहार के औरंगाबाद जिले में स्थित देश के सबसे प्राचीन और आस्था के प्रमुख केंद्रों में से एक है। यह मंदिर विशेष रूप से छठ महापर्व के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बन जाता है। हर वर्ष बिहार सहित देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां सूर्य भगवान की आराधना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में ठहरने की सुविधाओं की मांग लगातार बढ़ रही थी, जिसे देखते हुए सरकार ने होमस्टे मॉडल को यहां लागू करने का निर्णय लिया है। होमस्टे योजना के तहत स्थानीय लोग अपने घरों के एक हिस्से को पर्यटकों और श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए विकसित कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें निर्धारित मानकों के अनुसार कमरे, शौचालय, स्वच्छता, पेयजल, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। सरकार और पर्यटन विभाग आवश्यक प्रशिक्षण, पंजीकरण और तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराएगा ताकि मेहमानों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकें। इस योजना का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि पर्यटकों के ठहरने का पैसा सीधे स्थानीय परिवारों तक पहुंचेगा। इससे गांव और कस्बों में रहने वाले लोगों की आमदनी बढ़ेगी और उन्हें अपने घर से ही स्वरोजगार का अवसर मिलेगा।

# दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में 48 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में सोमवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 17 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार दुष्कर्म में एक, एसटी-एससी एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में 5, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 14 तथा अन्य मामलों में 27 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 399 लीटर देसी, 169.88 लीटर विदेशी शराब, दो बाइक एवं एक ऑटो जब्त किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1080 वाहनों की जांच की गई जिसमें 66000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 148 वारंट एवं सात कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# छापेमारी में 5500 सीएफटी बालू जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बालू के अवैध उत्खनन के खिलाफ जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5500 सीएफटी बालू को जब्त किया है। यह कार्रवाई जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला खनन विभाग ने दाउदनगर थाना क्षेत्र के केरा गांव में की है। मामले में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण से जुड़े अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की अनुशंसा की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला खनन पदाधिकारी विकास कुमार के नेतृत्व में खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष एवं राजू कुमार के द्वारा दाउदनगर थाना क्षेत्र के तीन अलग अलग स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान खनन टीम ने 5500 सीएफटी बालू भंडारित पाया। टीम द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की गई लेकिन बालू के मालिक या भंडारणकर्ता के संबंध में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। बता दें कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने बिहार में तीन महीने के लिए नदियों से बालू निकासी पर रोक लगाई है। इसके बावजूद बालू माफिया नियमों को ताक पर रखकर सोन नदी से अवैध तरीके से बालू निकाल कर भारी मात्रा में स्टॉक कर रहे थे। इस बालू को ऊंचे दामों पर बेचने की तैयारी थी। प्रशासन की यह कार्रवाई एनजीटी के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और बालू माफियाओं की अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से की गई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष ने बताया कि अवैध बालू कारोबार में शामिल लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन और बालू माफियाओं के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। इस संबंध में खनन निरीक्षक राजू कुमार ने दाउदनगर थाना को लिखित आवेदन देकर अज्ञात अवैध खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं एवं भंडारणकर्ताओं की पहचान कर उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। आवेदन में कहा गया है कि अवैध खनन एवं भंडारण से न केवल सरकार को राजस्व की क्षति होती है बल्कि पर्यावरणीय संतुलन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि जब्त बालू की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 3सी बालू घाट बंदोबस्तधारी रमेश कुमार भारती को इसकी निगरानी एवं संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# सर्पदंश से महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सांप काटने से एक महिला की मौत हो गई।घटना जम्होर थाना क्षेत्र के मोर डिहरी गांव की है। मृतका की पहचान उस गांव निवासी कमलेश राम की 30 वर्षीय पत्नी संगीता देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सोमवार रात खाना खाने के बाद संगीता अपनी मां मनमतिया कुंवर के साथ बेड पर सो रही थी। देर रात एक विषैले सांप ने उसे डंस लिया। जैसे ही उसे किसी जहरीले जीव के काटने का एहसास हुआ, उसने शोर मचाकर परिजनों को जगाया। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। बेड पर विषैला सांप दिखाई दिया। थोड़ी ही देर उसका तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय गांव के एक तांत्रिक के पास झाड़-फूंक के लिए ले गए। पूरी रात वहां झाड़-फूंक का सिलसिला चलता रहा, लेकिन उसकी हालत सुधरने की बजाय लगातार बिगड़ती गई। इसके बाद परिजन उसे बारुण थाना क्षेत्र के चुरा गांव स्थित दूसरे तांत्रिक के पास ले गए, जहां भी काफी देर तक झाड़-फूंक कराई गई। जब किसी तरह का सुधार नहीं हुआ, तब मंगलवार को उसे सदर अस्पताल लाया गया। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। जानकारी मिलने के बाद मृतका के पति भी अस्पताल पहुंचे। मृतका के भाई अजीत कुमार ने बताया कि संगीता की शादी करीब 15 वर्ष पहले हुई थी। उसके 12 वर्ष का एक बेटा है। परिवार मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करता है। मेरे बहन पिछले छह महीने से अपने मायके में रह रही थी।

# विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अंबा(औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** रिसियप थाना पुलिस ने नियमित वाहन जांच अभियान के दौरान एक मोटरसाइकिल से 180 बोतल विदेशी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नेवड़ा गांव निवासी पंकज कुमार पिता- संजय कुमार के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि वाहन जांच के दौरान संदिग्ध बाइक की तलाशी लेने पर 200 एमएल की रॉयल चैलेंज ब्रांड की कुल 180 बोतल शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया गया है। आरोपी के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# मानसून की सुस्त चाल से धान रोपनी ठप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में प्रमुख खरीफ फसल धान की रोपाई करने का उपयुक्त समय धीरे-धीरे कर बीत रहा है। इधर कई दिनों से क्षेत्र में बारिश बिल्कुल नहीं हो रही है जिसके कारण आहर-पोखर और नदी-नाले अभी तक पूरी तरह सूखे हैं। पानी के अभाव में खेतों में धूल उड़ रही है और जिले के दक्षिणी क्षेत्र में धान की रोपनी पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है। इधर जिन किसानों ने अगात रोहिणी नक्षत्र में धान का बिचड़ा गिराया था, समय पर पानी न मिलने से अब उनका वह बिचड़ा भी खराब हो रहा है। हालांकि, कुछ साधन संपन्न किसान अपने निजी सबमर्सिबल मोटर के बदौलत किसी तरह धान की रोपनी शुरू कर दिए हैं। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो औरंगाबाद सहित पूरे दक्षिणी बिहार में पिछले कुछ दिनों से मानसून की रफ्तार काफी धीमी पड़ गई है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खरीफ फसलों, विशेषकर धान की रोपनी और खेतों की जरूरी नमी पर इसका बहुत बुरा असर पड़ने लगा है। आम किसान अब एक अच्छी और भारी बारिश की लगातार प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि खेतों में कृषि के कार्यों में तेजी आ सके। इसी बीच मौसम के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार दो-तीन दिनों के बाद औरंगाबाद सहित दक्षिण-पश्चिमी बिहार के कई जिलों में हल्की से लेकर मध्यम स्तर की वर्षा होने की अनुकूल संभावना बन रही है। कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. अनूप कुमार चौबे ने बताया कि आगामी एक-दो दिनों तक इसी तरह की उमस भरी गर्मी का प्रकोप बना रहेगा। इसके बाद 15 से 17 जुलाई के बीच आसमान में मेघगर्जन के साथ हल्की से लेकर मध्यम बारिश होने की प्रबल संभावना जताई जा रही है। पुनः 18 जुलाई को मौसम पूरी तरह साफ हो जाएगा। उन्होंने बदलते मौसम को देखते हुए बताया कि वर्तमान जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए ही किसानों को अपनी खेती की योजना बनानी चाहिए। अनुमंडल सांख्यिकी पदाधिकारी ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने आंकड़ों की जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई महीने में कुल 323.3 एमएम बारिश होनी चाहिए थी। इसके अनुपात में अब तक शुरुआती 13 दिनों में कम से कम 140.1 एमएम बारिश होना निर्धारित था जबकि इसकी तुलना में औरंगाबाद में मात्र 67.8 एमएम बारिश ही दर्ज की गई है। यह कुल आंकड़ा सामान्य वर्षा के अनुपात से काफी कम है जिसके कारण जिले में सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है।

# अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अवैध बालू खनन के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को दाउदनगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के नान्हू बिगहा से अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किए हैं। जबकि चालक मौके से फरार हो गए। इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि क्षेत्र में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा है। इसी के आधार पर टीम बनाकर कार्रवाई की गई, जिसमें तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। जब्त ट्रैक्टरों को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। सभी वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साथ ही वाहन मालिकों और फरार चालकों की पहचान कर उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवैध खनन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में लगातार निगरानी रखी जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मामले की जानकारी संबंधित खनन विभाग को भी दे दी है ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

# पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास के प्रभावी क्रियान्वयन पर ज़ोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला प्रोग्राम पदाधिकारी विनीता कुमारी की अध्यक्षता में सामाजिक पुनर्वास प्रबंधन गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वन स्टॉप सेंटर, औरंगाबाद के माध्यम से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास, सहायता एवं सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर द्वारा जानकारी दी गई कि घरेलू हिंसा से पीड़ित ऐसी महिलाएं, जिनके मामले वन स्टॉप सेंटर में विधिवत दर्ज हैं तथा जो निर्धारित मानदंडों को पूरा करती हैं, उन्हें सामाजिक पुनर्वास के उद्देश्य से रोजगार अथवा चिकित्सा सहायता हेतु 10,000 से 15000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके पुनर्वास की प्रक्रिया को सुदृढ़ करना है। जिला प्रोग्राम पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्राप्त सभी 27 आवेदिकाएं को अगली बैठक की निर्धारित तिथि पर वन स्टॉप सेंटर, औरंगाबाद में उपस्थित कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी आवेदिकाएं अपने साथ आधार कार्ड सहित आवश्यक अभिलेख लेकर आएं, ताकि उनके आवेदनों का परीक्षण एवं अग्रेतर कार्रवाई समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जा सके। बैठक में पीड़ित महिलाओं के पुनर्वास से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया गया। बैठक में जिला अभियोजन पदाधिकारी अमला सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक विनय प्रताप सिंह, केंद्र प्रशासक कांति कुमारी तथा पथ प्रदर्शक एनजीओ, औरंगाबाद की प्रतिनिधि किरण कुमारी सहित संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# नए राशन कार्ड से वंचित परिवारों को भी मिलेगी खाद्य सुरक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के अंतर्गत पात्र एवं वंचित परिवारों को खाद्य सुरक्षा का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 14 जुलाई 2026 से 13 अगस्त 2026 तक विशेष मिशन संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत ऐसे सभी पात्र परिवार, जिनके पास अब तक राशन कार्ड उपलब्ध नहीं है, वे ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक पात्र परिवार को समयबद्ध ढंग से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ना है। जिला के लिए एनएफएसए के अंतर्गत 18,90,221 लाभार्थियों की सीमा निर्धारित है, जिसके विरुद्ध वर्तमान में 16,85,195 लाभार्थी आच्छादित हैं। शेष पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ उपलब्ध कराने के लिए 48,241 नए राशन कार्ड निर्गत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु 13 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन औसतन 1,608 राशन कार्ड निर्गत किए जाने का लक्ष्य तय किया गया है।इस विशेष अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 26 जुलाई 2026 (माह के अंतिम रविवार) को आयोजित 'पंचायत विकास दिवस' के अवसर पर प्रत्येक पंचायत में राशन कार्ड से संबंधित आवेदन प्राप्त किए जाएंगे तथा पात्र लाभुकों के आवेदनों का यथासंभव उसी दिन निष्पादन एवं राशन कार्ड निर्गत करने की व्यवस्था की जाएगी।


BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन





DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th

BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2

MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS

PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA

100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष



डा. अजय प्रकाश
सचिव

9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।


# भखरुआं को जलजमाव से जल्द मिलेगी मुक्ति

## एसडीओ अमित राजन ने दिया स्पष्ट निर्देश | होगी नाली की सफाई, नाली पर लगेंगे ढक्कन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** भखरुआं मोड़ पर लंबे समय से चली आ रहे जल जमाव की समस्या खत्म होगी। खुले नाली ढके जाएंगे और नाली की सफाई होगी। अगर एसडीओ अमित राजन द्वारा दिए गए निर्देश का अनुपालन हो जाए। इस समस्या के समाधान की लगातार मांग उठती रही है। मंगलवार को एसडीओ अमित राजन ने इसका निरीक्षण किया और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया। उन्होंने एन एच 139 के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित कार्यचालक अभियंता को दिया। एसडीओ ने कहा कि साफ-सफाई लगातार होनी चाहिए ताकि नाली जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हो। जहां पर बिना ढका हुआ नाली का भाग है वहां स्लैब देकर उसे ढकवाया जाए। साथ ही नाली के ढलान की स्थिति का भी जायजा ले लें। यदि ढलान गलत दिशा में है तो उसे सही कराएं। भखरुआं अनुमण्डल का हृदयस्थल है। यातायात एवं व्यवसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। यहां से एन एच 139 और एन एच 120 गुजरता है। लोगों को कहना है कि नाली की सफाई नहीं हो पाने के कारण नाली जाम पड़ा हुआ है। नाली का पानी ओवरफ्लो कर सड़क पर बह रहा है। ऐसा कई वर्षों से हो रहा है। इसके समाधान की लगातार कोशिश प्रायः सभी पूर्ववर्ती एसडीओ द्वारा की गई है। विधायक डॉ. प्रकाशचंद्र ने भी उड़ाही और सफाई करवाया है लेकिन स्थायी समाधान न हो सका। अब नई पहल हुई है तो उम्मीद है कि समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269